e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 247
शनिवार
09.09.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
छल करोगे तो छल मिलेगा,
आज नहीं तो कल मिलेगा,
अगर जियोगे जिंदगी सच्चाई
से, तो सुकून हर पल मिलेगा !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बदली डीपी, भारत मंडपम की तस्वीर लगाई

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) बदलकर जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल भारत मंडपम की तस्वीर लगा दी. तस्वीर में एक चमकदार रोशनी वाला भरत मंडपम दिखाई दे रहा है, जिसमें नटराज की मूर्ति स्थापित है. पीएम मोदी ने अपनी प्रोफाइल पिक्चर भी बदली है और तिरंगे की जगह 'नमस्ते% करते हुए अपनी तस्वीर लगाई है. जी20 शिखर सम्मेलन नौ और 10 सितंबर को दिल्ली में होना है. इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन समेत दुनियाभर के दिग्गज नेता हिस्सा लेंगे. जी20 के लिए तमाम नेताओं के दिल्ली पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है. ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और बांग्लादेश पीएम शेख हसीना संग अब तक कई विकासशील और विकसित देशों के अन्य नेता दिल्ली पहुंच चुके हैं.

### जी-20 : राष्ट्रपति द्वारा आयोजित डिनर में शामिल होंगे सीएम हेमंत सोरेन

**रांची** : दिल्ली में जी-20 को लेकर भारत के राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित डिनर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाग लेने आज दिल्ली जाएंगे। राष्ट्रपति के डिनर पार्टी में देश के सभी मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। बिहार के सीएम नीतीश कुमार के भी डिनर पार्टी में शामिल होने की संभावना है।

### लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े दो आतंकी सहयोगी गिरफ्तार

**पुलवामा** : जिले के गुडूरा इलाके से सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े दो आतंकी सहयोगियों को आपत्तिजनक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर पुलवामा पुलिस ने सेना के साथ मिलकर गुडूरा के सेब के बागानों में एक गहन तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान सुरक्षाबलों द्वारा दो आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान सुहैल फिरदौस पुत्र फिरदौस अहमद शेख निवासी महराडपोरा पुचाल और शाहिद गुल पुत्र गुलाम मोहम्मद निवासी वागम पुलवामा के रूप में की गई है। उनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्रियां बरामद की गईं। जांच से पता चला कि दोनों आरोपित प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से संबंधित है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से यह भी पता चला है कि गिरफ्तार आतंकी सहयोगी पुलवामा में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए आतंकी आकिब शेर-गोजरी के साथ साजिश में थे। उन्होंने कहा कि आगे की जांच के लिए कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है।

### अभिनेता गोविंदा ने सनातन धर्म को बताया समुद्र की तरह

**भोपाल** : फिल्म अभिनेता गोविंदा ने सनातन धर्म को समुद्र की तरह बताया है। उन्होंने कहा है कि समुद्र किसी पर रोक-टोक नहीं लगाता। वह अपनी विशालता का प्रभाव देता है। गोविंदा ने यह बात शुक्रवार को राजधानी भोपाल में मीडिया से बातचीत करते हुए कही। गोविंदा ने कहा कि सनातन धर्म यह नहीं कहताए तुम रुको, तुम ठहरो, तुमसे नहीं मिलेंगे। समुद्र मातृत्व भाव है, उससे बढ़कर कुछ भी नहीं है। वहीं वन नेशन वन इलेक्शन पर गोविंदा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आप ही आप हैं तो फिर क्या आप हैं। सरकार पक्ष की अलग सोच होती है। सरकार पक्ष कह सकता है कि हम हमारे अलावा और किसी को देखना नहीं चाहते।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 30° |
| न्युनतम | 22° |

डुमरी उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी ने आजसू प्रत्याशी को 18156 मतों से हराया

# बेबी देवी ने जीता डुमरी का महाभारत

**बेबी देवी की जीत के बाद झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ ही इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं में भी भारी उत्साह है. डुमरी सीट पर 5 सितंबर को वोटिंग हुई थी. कुल 64.84 फीसदी लोगों ने मतदान किया था. मैदान में कुल 6 उम्मीदवार थे. जिसमें तीन निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे.**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बेबी देवी को जीत के बाद दी बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह** : डुमरी उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी ने 18156 मतों से जीत दर्ज की। गिरिडीह के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने उन्हें जीत का सार्टिफिकेट सौंपा। इस दौरान बेबी देवी के साथ गिरिडीह सदर के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय विधायक डॉ. सरफराज अहमद, बेरमो विधायक अनूप सिंह एवं योगेंद्र महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने कांटे के मुकाबले में आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी को हरा दिया. राज्य में हुए छठे उपचुनाव में जेएमएम ने जीत दर्ज की है. इस जीत से राज्य में इंडिया गठबंधन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है. भारी मतों से जीत के बाद मंत्री बेबी देवी ने कहा कि वह अपने पति और झारखंड के दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के अधूरे सपनों को पूरा करेंगी और क्षेत्र का समूचित विकास करेंगी. बेबी देवी की जीत के बाद झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ ही इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं में भी भारी उत्साह है. डुमरी सीट पर 5 सितंबर को वोटिंग हुई थी. कुल 64.84 फीसदी लोगों ने मतदान किया था. मैदान में कुल 6 उम्मीदवार थे. जिसमें तीन निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे. मुख्य मुकाबला इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी मंत्री बेबी देवी और एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के बीच था.बता दें कि झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी को उनके पति और झारखंड के दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के बाद मंत्री बनाया गया. झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के चुनाव प्रचार की कमान खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संभाल रखी थी. वे लगातार रैली और सभाओं के जरिए लोगों से संपर्क साधने में लगे हुए थे. आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई और मंत्री बेबी देवी ने भारी मतों से विजयी प्राप्त की.मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बेबी देवी की जीत पर बधाई दी। इधर बेबी देवी की जीत को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक सरफराज अहमद ने कहा कि आज की जीत 2024 के लोकसभा चुनाव के परिणाम का संकेत दे गई है। विधायक सोनू ने कहा कि यह डुमरी की जनता की जीत है। नया 9 दिन पुराना 100 दिन को जनता ने चरितार्थ किया। जनता ने लुभावने वादे को नकार दिया है। जनता ने स्व. शिक्षा मंत्री जगरनाथ के काम, सीएम हेमंत सरकार के काम और नेतृत्व का साथ दिया है।

## त्रिपुरा और उत्तराखंड उपचुनाव में बीजेपी की जीत



*** बंगाल की धूपगुड़ी सीट पर टीएमसी, केरल की एक सीट पर कांग्रेस व यूपी की घोसी सीट पर सपा ने जमाया कब्जा**

एजेंसी

**नयी दिल्ली:** त्रिपुरा, उत्तराखंड, बंगाल, केरल व यूपी में हुए उपचुनावों के नतीजे भी शुक्रवार 8 सितंबर को आ गए. बीजेपी ने त्रिपुरा की दोनों विधानसभा सीटों बक्सानगर और धनपुर में जीत दर्ज की. साथ ही उत्तराखंड की बागेश्वर विधानसभा पर भी भगवा पार्टी ने कब्जा कर लिया. वहीं बंगाल की बात करें तो ममता बनर्जी ने धूपगुड़ी उपचुनाव में बीजेपी से अपनी खोई सीट वापस जीत ली है.दरअसल, त्रिपुरा की दो विधानसभा सीटों पर शानदार जीत दर्ज करते हुए बीजेपी ने अपना जलवा बरकरार रखा है. त्रिपुरा की बक्सानगर और धनपुर दोनों सीटों पर बीजेपी उम्मीदवारों ने माकपा उम्मीदवारों को भारी अंतर से हरा दिया है. इसी साल त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने दोबारा सत्ता में वापसी की थी. हालांकि पिछले बार के मुक़ाबले इस बार बीजेपी की सीट कम हुई थी. ऐसे में आज दो सीटों पर भारी अंतर से जीत दर्ज कर बीजेपी ने अपना रिकॉर्ड अच्छा कर लिया है. उत्तराखंड की बागेश्वर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में बीजेपी ने जीत का परचम लहराया है. पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व चंदन राम दास की पत्नी और भाजपा प्रत्याशी पार्वती दास ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी बसंत कुमार को 2405 मतो से हराया. इससे पार्टी कार्यकर्ता बेहद उत्साहित है. बंगाल के धूपगुड़ी उपचुनाव में टीएमसी ने बीजेपी से अपनी खोई सीट वापस जीत ली. बीजेपी विधायक बिष्णु पद राय की मौत के बाद यहां चुनाव में त्रिकोणीय मुक़ाबले में टीएमसी के निर्मल चन्द्र राय ने कड़े मुक़ाबले में बीजेपी की तापसी राय को हरा दिया. जबकि कांग्रेस ने केरल की एक सीट (पुथुपल्ली सीट) पर जीत दर्ज की है। वहीं, बंगाल की धुपगुड़ी सीट पर टीएमसी प्रत्याशी ने बाजी मारी। यूपी की घोसी सीट पर सपा,जबकि झारखंड की डुमरी सीट पर झामुमो ने जीत दर्ज की।

### मप्रः जादू-टोने के शक में महिलाओं ने युवक को पिलाई पेशाब, जूतों की माला पहनाकर गांव में घुमाया

**छिंदवाड़ा/भोपाल** : मध्य प्रदेश में एक बार फिर मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। छिंदवाड़ा जिले में महिलाओं ने एक आदिवासी युवक को छाती पर बैठ कर पेशाब पिलाई और उसके सिर-मुंह पर चप्पलें मारीं। इसके बाद उसे जूते-चप्पलों की माला पहना कर गांव में घुमाया। फिर ग्रामीणों ने उसकी थाने में शिकायत कर दी। पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। युवक जेल में बंद है। घटना जिले के आदर्श गांव बारहबरियारी की 4 सितंबर की है, लेकिन शुक्रवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जानकारी के अनुसार, ग्राम बारह बरियारी में कुछ दिनों से महिलाओं और बच्चों के कपड़े चोरी हो रहे थे। इस बात से पूरा गांव परेशान था। ग्रामीण कपड़े चोरी करने वाले को पकड़ने की फिराक में थे। गांव की महिलाओं का कहना है कि छोटेलाल उईके को कपड़े चोरी करते रंगे हाथों पकड़ लिया, जिसके बाद महिलाओं और पुरुषों ने छोटेलाल के साथ पहले तो जमकर मारपीट की। इसके बाद उसे जूते-चप्पल की माला पहना कर गांव के हर घर के सामने घुमाया। मारपीट करते हुए उसे जमीन पर लिटा दिया। महिलाएं शीशी में पेशाब भरकर लाई, जब छोटेलाल को लगा कि पेशाब पिलाई जा रही है, उसने अपना मुंह बंद कर लिया। महिलाएं उसके सीने पर बैठ गई। फिर चम्मच डालकर उसका मुंह खोलकर उसे पेशाब पिलाई गई। इसके बाद उसे उल्टियां हो गई। महिलाएं फिर भी नहीं मानीं, उसे फिर जबरदस्ती पेशाब पिलाई गई। इस तरह उसे पूरे गांव के सामने जलील किया गया। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

## चंदन सिन्हा बने रांची के एसएसपी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 18 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया। रांची के एसएसपी किशोर कौशल को जमशेदपुर एसएसपी बनाया गया। इनके स्थान पर चंदन सिन्हा को रांची का एसएसपी बनाया गया है। राजकुमार मेहता को सिटी एसपी रांची नियुक्त किया गया। मनीष टोप्पो को ग्रामीण पुलिस अधीक्षक रांची बनाया गया।वहीं रांची यातायात एसपी हरीश बिन जमां को लोहरदगा एसपी नियुक्त किया गया। माइकल राज को पुलिस उप निरीक्षक विशेष शाखा में नियुक्त किया गया। हरविंदर सिंह को गुमला एसपी बनाया गया। ऋषभ गर्ग को जमशेदपुर ग्रामीण एसपी बनाया गया। कपिल चौधरी ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धनबाद व दीपक कुमार को गढ़वा एसपी के नियुक्त किया गया।अनुदीप सिंह को कोडरमा एसपी,अनिमेष नैथानी को पुलिस उपाधीक्षक खिलारी को हस्तांतरित करते हुए जामताड़ा एसपी नियुक्त किया गया। आरिफ एकराम को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची एसपी बनाया गया। पूज्य प्रकाश विशेष शाखा झारखंड रांची के पद पर स्थापित किया गया। अजय कुमार बुंडू डीएसपी को हस्तांतरित करते हुए विशेष शाखा रांची पदस्थापित किया गया। शंभू कुमार सिंह को विशेष शाखा झारखंड एसपी और अजीत कुमार को धनबाद सिटी एसपी बनाया गया।

## हजारीबागः सड़क हादसे में चार की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही** : हजारीबाग के चरही घाटी नेशनल हाईवे-33 पर शुक्रवार को अहले सुबह 4 बजे हुए एक भीषण सड़क हादसे में चार व्यक्तियों की मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य लोग बुरी तरह से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो वाहन में सवार सभी 7 लोग बिहार से पूजा अर्चना करने मां छिन्नमस्तिके मंदिर रजरप्पा जा रहे थे, इसी दौरान चरही घाटी के यूपी मोड़ के पास स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार में कई बार पलटी खाते हुए सड़क से लगफग 100 फिट दूर खाई में जा गिरी, जिससे वाहन में सवार 4 व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार इन्द्रजीत शाह उम्र 39 वर्ष पिता राम ज्योति शाह सा वड़ीहा तुर्की जाना पाते पुर जिला रैशाली (विहार) ,पिन्टू राम उम्र 28 वर्ष पिता रामाधार राय साठे नगर थाना महिन्दवाडा जिला सीतामढी,अरविन्द राम उम्र 35 वर्ष पिता सत्यनारायण राय मदारीपुर थाना रामपुर हरि जिला मुजफ्फरपुर (बिहार),दिलीप राम उम्र 30 वर्ष पिता शिवशंकर राम ग्राम - मोहनपुर थाना रामपुर हरि 1 जिला मुफफरपुर (बिहार) रहने वाले थे। आसपास के लोगों



के सूचना के बाद चरही थाना पुलिस की टीम और एंबुलेंस की टीम ने हादसे में घायल 3 लोगों को तुरन्त सदर अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक घायल व्यक्तियों की हालत गंभीर बनी हुई है।

## राज्यपाल से मिले डा. शाहिद अख्तर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था आयोग के सदस्य डा. शाहिद अख्तर ने गवर्नर हाउस मे शिष्टाचार मुलाक़ात की। उन्होंने आयोग की वार्षिक रिपोर्ट राज्यपाल को भेंट की। साथ ही आयोग के गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आयोग झारखंड में जल्द ही अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों कि एक कॉन्फ़्रेंस करेगी। जिसमे नेशनल एजुकेशन पॉलिसी सहित अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक उत्थान एवं भारत निर्माण में उनकी भूमिका पर चर्चा होगी। आयोग के सदस्य ने राज्यपाल से सम्मेलन में उपस्थित रहने का आग्रह किया। जिस पर उन्होंने उपस्थित होने की इच्छा व्यक्त की।

## जय सियाराम से हुआ ब्रिटिश पीएम सुनक का स्वागत

एजेंसी

**नई दिल्ली** : राजधानी दिल्ली में जी-20 समिट के लिए विदेशी मेहमानों के आने का सिलसिला शुरू हो चुका है. ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक दिल्ली पहुंच गए हैं. बता दें कि ब्रिटिश के पीएम सुनक का जय सियाराम से स्वागत किया गया. केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे उन्हें रिसीव करने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे थे.बतौर ब्रिटिश पीएम यह उनका भारत का पहला दौरा है.केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के मीडिया सलाहकार पंकज मिश्रा ने बताया कि स्वागत के दौरान केंद्रीय मंत्री चौबे ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री को उनके पूर्वजों की धरती पर अभिनंदन करते हुए जय सियाराम से अभिवादन किया. ऋषि सुनक को केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वह बिहार के बक्सर से सांसद हैं. बक्सर आध्यात्मिक रूप से प्राचीन काल से ही प्रसिद्ध नगर है.

गुवा गोली कांड के शहीदों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा सह योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में हुए शामिल

# वीर शहीदों के आश्रितों को सम्मान और अधिकार दे रही सरकार : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : गुवा गोली कांड के वीर शहीदों को शत-शत नमन। अपने इन वीर शहीदों के सम्मान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में हम उनके बलिदान को याद कर रहे हैं। इस अवसर पर हम सभी अपने शहीदों, पूर्वजों और आंदोलनकारियों के आदर्श को आत्मसात करने और उनके सपनों का झारखंड निर्माण का संकल्प लें। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी में गुवा गोली कांड के शहीदों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा -सह - परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने शहीद स्थल में माल्यार्पण कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने अलग-अलग समयों में ब्रिटिश हुकूमत, शोषण जुल्म और अन्य के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ते रहे । चाहे वह अपने वजूद और अस्तित्व को बचाने का संघर्ष हो या जल जंगल और जमीन की रक्षा का। इस लड़ाई में कई ने अपने को बलिदान कर दिया। लेकिन, उन्होंने जो संघर्ष किया, उसी का परिणाम है



कि आज आदिवासियों- मूलवासियों का अस्तित्व बरकरार है।

**शहीदों को दे रहे हैं पूरा सम्मान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने वीर शहीदों और झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों के साथ गुमनामी की जिंदगी जीने वाले शहीदों के आश्रितों को चिन्हित कर उन्हें सम्मान देने का काम हमारी सरकार कर रही है । इस क्रम में शहीदों के आश्रितों को नौकरी और पेंशन के साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम किया गया है।

**आज भी कई चुनौतियां हैं, लेकिन हमारे कदम नहीं रुकेंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी हमारे सामने कई चुनौतियां हैं । आदिवासी दलित और पिछड़े लोग दशकों से हासिये पर रहे हैं। आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, बौद्धिक और राजनीतिक रूप से कमजोर होने की वजह से इन्हें नजरअंदाज किया जाता रहा है । अब जब ये आगे बढ़ रहे हैं तो कुछ ताकते इन्हें रोकने की नापाक कोशिश कर रही है। लेकिन, हमने इन्हें मजबूत करने का जो संकल्प ले रखा है, उससे नहीं डिगेंगे।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थितिः** शहादत दिवस कार्यक्रम में मंत्री चम्पाई सोरेन और जोबा मांझी, सांसद गीता कोड़ा, विधायक निरल पूर्ति, दीपक बिरुवा, दशरथ गगराई और सोनाराम सिंकू, जिला परिषद अध्यक्ष, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त एवं डीआईजी के अलावा पश्चिमी सिंहभूम जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे।

नयनश्री नेत्रालय
असर्फी हॉस्पीटल
आयुष्मान कार्ड के द्वारा
नि:शुल्क मोतियाबिंद सर्जरी
77070 13096
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## संक्षिप्त खबरें

### रिम्स में इलाज के दौरान कैदी की मौत

**रांची :** रिम्स में इलाज के दौरान विचाराधीन कैदी युगेश्वर यादव (52) की मौत हो गई। वह लातेहार जिले का रहने वाला था। रिम्स के पीआरओ राजीव रंजन ने शुक्रवार को बताया कि कैदी की मौत गुरुवार रात हुई है। पोस्टमार्टम के लिए एक चार सदस्यों की कमेटी बनाई गई है, जिनकी निगरानी में पोस्टमार्टम किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बंदी आर्म्स एक्ट सहित कई अन्य मामलों में जेल में बंद था। लातेहार कारा चिकित्सक की अनुशंसा पर विशेष इलाज के लिए 30 मई को उसे रिम्स में भर्ती किया गया था। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक ने रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक को पत्र लिखकर मृतक के पोस्टमार्टम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करने का आग्रह किया है।

### डुमरी विधानसभा उपचुनाव जीतने पर कांग्रेस ने मनाया जश्न

**रांची :** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में आईएनडीआई गठबंधन को विजयी होने पर शुक्रवार को कांग्रेस भवन, रांची में जीत का जश्न मनाया गया। कांग्रेस नेताओं ने पटाखा फोड एवं एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दी। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि यह जीत झारखंड की दशा और दिशा तय कर दी है। उन्होंने कहा कि डुमरी की जनता ने इंडिया गठबंधन को वोट कर एनडीए गठबंधन को नकारने का काम किया है। महागठबंधन सरकार की ओर से लगातार चलाये जा रहे विकास कार्यों पर यह मुहर है और यह बताने का भी काम किया है कि हर साजिश, हर षड्यंत्र अपना ले भाजपा लेकिन आखिर में जीत सत्य की होती है। डुमरी की जनता के प्रति आभार।

# चूल्हा प्रमुख से कुछ नहीं होगा, हड़िया प्रमुख जरूरी है : हफीजुल हसन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डुमरी उपचुनाव में शिक्षा मंत्री रहे दिवंगत जगन्नाथ महतो की पत्नी बेबी देवी उपचुनाव में जीत हासिल की है। बेबी देवी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी आजसू भाजपा समर्थित प्रत्याशी यशोदा देवी को बुरी तरह से हराकर डुमरी विधानसभा का सीट बचा ली है। जीत के बाद कला संस्कृति खेल कूद कार्य मंत्री हफीजुल हसन डुमरी विधानसभा के लिए रवाना हुए । डुमरी जाने से पहले मंत्री ने प्रभात मंत्र संवाददाता परवेज कुरैशी से बातचीत करते हुए कहा कि मैं पहले ही डुमरी उपचुनाव के समय जनता को संबोधित किया था और बताया था सिर्फ चूल्हा जलने से या चूल्हा प्रमुख बनाने से य चूल्हा की बात करने से कुछ नहीं होगा । चूल्हा जलेगा और उसके ऊपर हडिया चढ़ेगी हडिया में अनाज पकेगा तभी जनता का पेट भरेगा । और पेट भरने का काम सिर्फ झारखंड मुक्ति मोर्चा करती है। हमारी पार्टी जनता के लिए शुरू से प्रतिबद्ध रहा है । सुख हो या दुख हो पार्टी चाहती है कि हर एक एक कार्यकर्ता के घर हडिया चढ़े, भोजन पके और उसका परिवार भरपेट भोजन करें। यह आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो की तरह नहीं कि चूल्हा प्रमुख बना दिए और चूल्हा जल रहा है और उस चूल्हा के ऊपर अनाज पकाने के लिए कुछ व्यवस्था ही नहीं है। इसलिए उसको हारना जरूरी था । इसके साथ बीजेपी को भी सबक सिखाना बहुत जरूरी था । जनता ने बीजेपी को सबक सिखाया और खास कर बाबूलाल मरांडी जो भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष हैं उनकी ही अध्यक्षता में चुनाव हार गई है। इससे उन्हें भी यह समझना चाहिए कि बाबूलाल मरांडी का असर अब जनता के बीच से खत्म हो चुका है । 2024 में भी इसी तरह से नजारा देखने को मिलेगा । जनता केंद्र की भाजपा से भी थक चुकी है । महंगाई सिर पर है। लुभाने वाला सिलेंडर गैस 200 कम करने के बावजूद भी जनता जान चुकी है कि सिर्फ चुनावी हथकंडा था, महंगाई कम नहीं हुआ है । जहां तक रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव की बात थी तो वहां धन बल के बल पर ही आजसू ने चुनाव जीत गया था, आज रामगढ़ की जनता अफसोस कर रही है कि उसने गलती की है आने वाले समय में वह ऐसी ग़लती नहीं करेंगे।

# थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में ऐलिसन ने जीता कांस्य पदक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में चल रहे थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में भारतीय कराटे टीम की सबसे जूनियर खिलाड़ी ऐलिसन रूपल खाखा ने देश के लिए पहला पदक जीता। एलिसन रूपल खाखा ने 12 वर्ष से कम आयु वर्ग के 30 किलो से कम वजन वर्ग के फाइट में कांस्य पदक जीतकर देश के नाम किया। ऐलिसन देश का खाता खोलने वाली पहली खिलाड़ी बनी।भारतीय कराटे टीम के कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने ऐलिसन को उसके जीत के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐलिसन में देश के लिए पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है ।

इस पल के लिए एक हर एक खिलाड़ी सालों से मेहनत करते हैं कि जब अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में पदक मिलने के दौरान उस देश का झंडा लहराया जाता है । एलिसन रुपल खाखा के पदक जीतने पर विश्व कराटे संघ के तकनीकी कमेटी के सदस्य हंशी भरत शर्मा, कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष शिहान विजय तिवारी, महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा, इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष संसाइ अनिल किस्पोट्टा ,सचिव मोहिनी रितिका टोप्पो, राकेश तिर्की आदि ने बधाई दी है।

## डीआईजी ने सिविल कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, दिए कई दिशा-निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** डीआईजी अनूप बिरथरे ने शुक्रवार को रांची के सिविल कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। सिविल कोर्ट पहुंचकर उन्होंने कोर्ट की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों से सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जानकारी ली। साथ ही सुरक्षाकर्मियों को कई दिशा-निर्देश भी दिए। डीआईजी ने सिविल कोर्ट कैंपस के सभी प्रवेश और निकास द्वार पर आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखने और कोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सिविल कोर्ट टीओपी प्रभारी भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जमशेदपुर सिविल कोर्ट में एक पेशकार पर कोर्ट परिसर में ही धारदार हथियार से हमला हुआ था।

इस घटना पर संज्ञान लेते हुए हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को अदालतों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया है। इसके बाद डीजीपी ने राज्य के सभी वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की थी। डीजीपी ने सभी रेंज डीआईजी को अदालतों की सुरक्षा की पूरी मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी है।

## हिंदपीढ़ी के घर-घर में हो रहा है लार्वा की जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मलेरिया और डेंगू का प्रकोप धीरे-धीरे रांची में पैर फैला रहा है। निगम से लेकर चिकित्सक तक मलेरिया डेंगू जैसी महामारी से बचाव के लिए प्रयासरत है। रांची नगर निगम के भीड़भाड़ वाले सबसे बड़ा इलाका हिंदपीढ़ी में इन दिनों डेंगू, मलेरिया की चपेट में आने लोग खास कर बच्चे बीमार हो रहा है। निगम पूरी सतर्कता के साथ घर-घर में लार्वा जांच करवा रहा है। बताया जाता है कि करीब 300 से अधिक घरों में लार्वा जमा पाया गया है। वहीं लार्वा को नष्ट करने के लिए भी निगम द्वारा कीटनाशक दवा का छिड़काव घर-घर में कराया जा रहा है। सर्वे में पाया गया कि हिंदपीढ़ी क्षेत्र के 21 ,22, 23 के तीनों वार्डों में मच्छर का लार्वा पाया गया है । इस पर किस तरह से



नियंत्रित किया जा सके , इसके लिए भी निगम प्रयासरत है । वहीं वार्ड 23 की डॉ साजदा खातून निवर्तमान पार्षद के ने कहा कि डेंगू, मलेरिया के लार्वा का जांच घर घर कराया जा रहा है, ताकि किसी को किसी तरह की कोई नुक्सान न हो।

## दो दिवसीय मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम चलेगा : प्रदीप वर्मा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा आगामी 9 एवम 10सितंबर को मेरी माटी,मेरा देश कार्यक्रम के तहत गांव एवम शहरों में घर घर से मिट्टी संग्रह का अभियान चलाएगी। जिस घर में मिट्टी उपलब्ध नहीं हों वहां से एक मुट्ठी चावल लिए जायेंगे। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री एवम मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में यह अभियान चलाया जा रहा।उन्होंने बताया कि गांव स्तर पर 1से 17सितंबर तक मिट्टी संग्रह के कार्यक्रम चलाए जा रहे। प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के दौरान लोहरदगा से अभियान का शुभारंभ किया है। बताया कि प्रत्येक गांव में हर घर से मिट्टी संग्रह के अतिरिक्त प्रत्येक गांव में 75पौधे लगाकर अमृत वाटिका निर्माण, शहीद के गांव में विद्यालय में शिला फलकम लगवाना तथा गांव स्तर पर पंच प्रण की प्रतिज्ञा सामूहिक कराना जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। डॉ वर्मा ने बताया कि 3से 13 अक्टूबर तक* हर ब्लॉक का एक कलश तैयार होगा जिसमे उस ब्लॉक के गांव की मिट्टी होगी।ब्लॉक में सामूहिक रूप से सांस्कृतिक एन सी सी कैडेट, एन एस एस, स्काउट, युवा,महिला,किसान सभी को शामिल कर शहीदों के सम्मान के साथ प्रदेश में कलश भेजने के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# अनाथ बच्चों को दिखाया शाहरुख खान की फिल्म जवान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अयाज महमूद हिंदी फिल्म के बादशाह खान के नाम से मशहूर शाहरुख खान की फिल्म जवान को एसआरके फैन क्लब के द्वारा रांची के तीन अनाथ आश्रम निवारनपुर, कांटा टोली और मनीटोला डोरंडा के करीब एक सौ अनाथ बच्चों को जवान फिल्म सुजाता सिनेमा हॉल में दिखाया गया। साथ ही साथ छोटे-छोटे बच्चों को फूड पैकेट भी दिया गया। इस मौके पर एसआरके फैंस क्लब के आयाज़ महमूद ने




कहा कि शाहरुख खान हमेशा कहते हैं कि हर तरफ प्यार बाटो वही काम मैं कर रहा हूं ।अनाथ बच्चे जो अपने मां-बाप के बिना रहते हैं उनके चेहरे पर थोड़ी खुशी लाना मेरा मकसद है ।शाहरुख खान की तरह हर के चेहरे पर सकारात्मक सोच हो यही मैं चाहता हूं । मूवी देखने आए बच्चों ने कहा कि जवान फिल्म का जो कंटेंट है उससे यह फिल्म जरूर ब्लॉकबस्टर साबित होगी। इस मौके पर शमी अहमद, जोहेब आलम और आसिफ खान समेत कई लोग मौजूद थे।

## जेसी डॉ संजय जैन बने एक्सपो उत्सव के मुख्य संयोजक, 12-16 अक्टुबर को होगा आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एक्सपो उत्सव जिसका इंतजार राँची वासियों को हमेशा से रहता है एक बार फिर लौटकर आने वाला है, जिसका आयोजन जेसीआई राँची द्वारा मोराबादी मैदान में 12-16 अक्टुबर को किया जा रहा है । इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इस वर्ष इस कन्ज्यूमर फेयर का 26 वां संस्करण होगा और इसके मुख्य संयोजक जेसी डॉ संजय जैन बनाए गए हैं, जो की एजुकेशनलिस्ट और आईटी स्पेशलिस्ट हैं। संस्था के अध्यक्ष जेसी अरविंद राजगढ़िया ने बताया कि हमारे लिए बहुत हर्ष की बात है कि इस वर्ष होने वाले एक्सपो उत्सव के मुख्य संयोजक संजय जैन बनाए गए हैं, वे वर्ष 1996 से जेसीआई राँची के सदस्य है एवं उन्होंने वर्ष 2001 में संस्था के उपाध्यक्ष एवं वर्ष 2002 में सचिव का कार्यभार भी संभाला है एवं उन्हें पिछले सारे एक्सपो का अनुभव प्राप्त है, इनके कार्य करने की शैली हम सभी को काफी प्रभावित करती है।जेसी डॉ संजय जैन ने एक्सपो उत्सव 2023 के मुख्य संयोजक बनाए जाने का आभार व्यक्त किया एवं कहा कि एक्सपो एक ऐसा प्लेटफार्म है जहाँ सुई से लेकर कार तक मिलता है, एवं इस वर्ष एक्सपो में हम लोग डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देते हुए एक्सपो को एक नए रूप में पेश करेंगे, इसमें स्टार्टअप बिजनेस के लिए स्टार्टअप बाजार होगा, इस बार हमलोग एंटरप्रेन्योरशिप पे ट्रेनिंग का आयोजन कराएंगे एवं युवा बच्चों के लिए कैरियर ओरिएंटेशन का प्रोग्राम भी होगा।संस्था के सचिव जेसी तरुण अग्रवाल ने बताया की जेसी प्रतीक जैन, जेसी राहुल एवं जेसी सनी केडिया को भी एक्सपो उत्सव 2023 का उप संयोजक बनाया गया है।

एक्सपो उत्सव में इस बार 300 से अधिक स्टॉल्स होंगी जो कि जर्मन हैंगर, महिला उद्यमियों के लिए पिंक हैंगर, रियल एस्टेट के लिए अपना घर, फर्नीचर जोन, ऑटो जोन, फूड जोन एवम बच्चों के लिए अम्यूजमेंट पार्क भी होगा। स्टॉल बुकिंग की जानकारी आप 9031251840 / 7209045666 पर प्राप्त कर सकते है। यह जानकारी जेसीआई राँची के प्रवक्ता जेसी प्रवीण अग्रवाल ने और एक्सपो मीडिया हेड जेसी सिधार्थ चौधरी ने दी।

## डुमरी उपचुनाव का परिणाम हेमंत सरकार की हार और तुष्टिकरण की जीत है : बाबूलाल मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने डुमरी उपचुनाव के परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया दी। मरांडी ने डुमरी के मतदाताओं का एन डी ए गठबंधन को बढ़ चढ़कर समर्थन देने केलिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि एन डी ए चुनाव हारा है लेकिन मैदान नहीं। उन्होंने कहा कि डुमरी उपचुनाव के नतीजों ने यह साबित कर दिया है कि जनता हेमंत सरकार के खिलाफ गोलबंद हो चुकी है।उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम से स्पष्ट है कि यह हेमंत सरकार की पराजय और तुष्टिकरण की जीत है। मरांडी ने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके परिश्रम और प्रयास के कारण ही एन डीए प्रत्याशी को 2019 के चुनाव से ज्यादा वोट प्राप्त हुए। वोट प्रतिशत भी बढ़ा है। कहा कि हेमंत सरकार की पूरी मशीनरी मतदाताओं को डराने धमकाने में जुटी रही। कार्यकर्ताओं का अपहरण किया गया। घरों में छापामारी की गई ।धनबल का भरपूर प्रयोग हुआ फिर भी जनता ने राज्य सरकार की नाकामियों पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा और एन डी ए कार्यकर्ता हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार,अपराध,लूट झूठ और विफलताओं को लगातार उजागर करेंगे। हम चैन से तब तक नही बैठेंगे जब तक हेमंत सरकार को राज्य से उखाड़ नही फेकेंगे।

### पत्रकार राहुल कुमार को मातृशोक

**रांची:** हजारीबाग के पत्रकार राहुल कुमार पाठक की मां आशा देवी (52 ) का गुरुवार देर रात रिम्स में निधन हो गया। जानकारी के अनुसार वह अपने घर के छत से गिरकर जख्मी हो गई। उन्हें आनन फानन में हजारीबाग अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स में देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। बताया गया कि पैतृक गांव चतरा जिला के पत्थर गद्दा प्रखंड के नावाडीह बाजोबर ले जाया गया, जहां बुद्ध नदी पर पुत्र राहुल कुमार ने मुखाग्नि दी। आशा देवी के निधन से पूरे प्रखंड में शोक की लहर है।

## हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया वर्ल्ड फिजियोथैरेपी डे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शुक्रवार को वर्ल्ड फिजियोथैरेपी डे के अवसर पर डॉ बरियार फिजियोथैरेपी एंड रिहैब सेंटर (सिनर्जी ग्लोबल हॉस्पिटल) ऑपोजिट जयप्रकाश नगर बरियातू रोड स्थित फिजियोथैरेपी विभाग में वर्ल्ड फिजियोथैरेपी डे बहुत ही हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया ,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ रजनीश कुमार और डॉ राहुल सिन्हा, जो हड्डी रोग विशेषज्ञ हैं और साथ ही अस्पताल के निर्देशक भी हैं! निशुल्क फिजियोथैरेपी कैंप का शुभारंभ सबसे पहले गणेश वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया उसके बाद सम्मान के तौर पर डॉ रजनीश कुमार ,डॉ राहुल सिन्हा और श्री राज सिंह को डॉ शिवानी ,डॉ शीला कुमारी और डॉ अफजल ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया साथ ही इस खास मौके पर जितने भी मरीज फ्री फिजियोथैरेपी सिविल में शामिल हुए हैं उन सबों को डॉक्टर रजनीश ने वर्ल्ड फिजियोथैरेपी डे



2023 का विषय अर्थराइटिस से जुड़ी बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारियां दी। मंच संचालिका के रूप में डॉक्टर नेहा शर्मा ने एक बहुत छोटा पर बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न किया, जिसके जवाब में उपस्थित सारे मरिज असमर्थ नजर आए। जबकि सवाल बस इतना था कि आपकी नजर में फिजियोथेरेपी क्या है? जिसका सही तरीके से जवाब कोई भी नहीं दे पाया,तब आखिरी में डॉक्टर नेहा ने मुस्कुराते हुए बहुत ही सरल तरीके से बताया कि फिजियोथैरेपी न सिर्फ दर्द को दूर करने का उपचार है,अपितु चलने फिरने में असमर्थ मरीज को वापस उनके पैरों पर चलने के काबिल बनाने तथा उसे बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। जो मरीज अपने शारीरिक परेशानियों से हार चुके होते हैं उन्हें फिजिओथेरेपी अपने उपचार से नया हौसला भी प्रदान करता है।..और आखिरी समापन में डॉ बरियार ने भी फिजिओथेरेपी से जुड़ी जरूरी जानकारी को साझा किया एवम इसके महत्वो को भी समझाया।वर्ल्ड फिजियोथैरेपी डे के इस मौके पर 12:00 बजे से निशुल्क फिजियोथैरेपी कैंप चलाया गया था जिसमें 70 मरीजों को फ्री में परामर्श एवं उपचार दिया गया, इन सभी मरीजों का इलाज टीम के फिजियोथैरेपिस्ट डॉ प्रियंका बरियार,डॉ राजनीश बरियार,डॉ अंकित तिवारी, डॉ आर्यन राजा, डॉ अफजल अहमद , डॉ राहुल सिंह ने किया और इस फ्री फिजिओथैरेपी कैंप को टीमवर्क के साथ सफलतापूर्वक समाप्त करने में सबने अपनी अपनी अहम भूमिका निभाई।

# एचईसी को बचाने के लिए 21 सितंबर को जंतर मंतर पर धरना देने का हुआ निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** इंडिया गठबंधन की बैठक बिहार क्लब रांची में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री, रांची के पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव, महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार, कांग्रेस विधायक राजेश कश्यप सहित कांग्रेस के अन्य नेतागण, झामुमो, राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल यूनाइटेड, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माले, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), मार्क्सवादी कोऑर्डिनेशन कमिटी, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी अंबेडकर अधिकार मंच, साझा मंच आदि श्रमिक संगठनों के नेतृत्वकर्ता सहित कई समाजिक संगठनों के नेतृत्व के साथियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम डुमरी विधानसभा से इंडिया के जीत पर गठबंधन के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए डुमरी की जनता को बधाई दी और कहा की जुड़ेगा भारत तो जीतेगा इंडिया। डुमरी की जनता ने भारतीय जनता पार्टी समर्थित आजसू उम्मीदवार को पराजित कर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बेबी देवी को जिताया। बैठक में सर्वसम्मति से हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन, जो बरसों से बंदी की कगार पर है, जहां मजदूरों को रोटी के लाले पड़े हुए हैं, 20 महीना से अधिकारियों को




तनख्वाह नहीं मिल रहा है तो 18 महीने से मजदूरों को मजदूरी नहीं दी गई है, जिसके चलते मजदूर में काफी आक्रोश में हैं। नेताओं ने कहा एक साजिश के तहत हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन को, जो मदर इंडस्ट्री के नाम से जाना जाता है, जो आजादी के बाद रांची में बना पहला कारखाना है, जिसने पूरे देश में कारखानो का जाल बिछाया, आज केंद्र सरकार की सार्वजनिक उद्योग विरोधी नीति के कारण बंदी के कगार पर है।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एचईसी को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन श्रमिक संगठनों एवं सामाजिक संगठनों की संयुक्त पहल पर बड़ी लड़ाई लड़ी जाएगी। 21 सितंबर 2023 को संसद भवन के विशेष सत्र में संसद भवन के समक्ष इंडिया गठबंधन के राज्य नेतृत्वकर्ता मजदूर संगठनों के नेतागण जंतर मंतर पर धरना देंगे। बैठक में भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह कृष्णदेव सिंह, अशोक यादव, भवन सिंह, धर्मवीर सिंह, जितेंद्र गुप्ता, सीपीएम के समीर दास, प्रफुल्ल लिंडा, वीरेंद्र कुमार, अमल आजाद, मार्क्सिस्ट कोऑर्डिनेशन कमेटी के सुशांतो मुखर्जी, भाकपा माले के शुभेंदु सेन और नंदिता भट्टाचार्य, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, राष्ट्रीय जनता दल के रंजन यादव, अनीता देवी, राजेश यादव, जनता दल यूनाइटेड के सरवन कुमार, सागर कुमार, आम आदमी पार्टी के संतोष कुमार सहित इम्तियाज़ खान, मोनिका, राकेश सिंह, राजन वर्मा और कई लोग मौजूद थे।

## आशा लकड़ा को आचार संहिता उल्लंघन केस मामले में मिली बेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. आशा लकड़ा को पिछले चुनाव में आचार संहिता उलंघन केस मामले में 40 कोर्ट से बेल ली ।इस मौके पर आशा लकड़ा ने कहा कि कोर्ट के फैसले का स्वागत है मुझे कोर्ट पर पूर्ण विश्वास था कि मुझे बेल मिलेगी।

# गोइलकेरा में नक्सलियों ने रिटायर्ड बीएसएफ जवान की हत्या की

## नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी करने का यही अंजाम होगा लिखा पर्चा छोड़ा





प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** गोइलकेरा थाना क्षेत्र के काशीजोड़ा में नक्सलियों ने बीएसएफ से सेवानिवृत्त एक जवान की पुलिस मुखबरी के आरोप में हत्या कर दी। सेवानिवृत्त जवान सुखलाल पूर्ति काशीजोड़ा गांव में खेती करता और दुकान चलाता था। बताया जाता है कि गुरुवार रात कुछ नक्सली सेवानिवृत्त जवान सुखलाल पूर्ति काशीजोड़ा के घर पहुंचे। घर से बाहर निकलने की आवाज देने पर सुखलाल पूर्ति घर से बाहर निकले तो उसकी गोली मार कर हत्या कर दी। इसके बाद शव को घर से कुछ दूरी ले जाकर रख दिया। साथ ही नक्सलियों ने कुछ पर्चे भी छोड़ा, जिसमें पुलिस मुखबिरी करने का यही अंजाम होगा इत्यादि लिखे हुए हैं।घटना के बाद सुखलाल पूर्ति के पुत्र ने इसकी सूचना पुलिस को दी। देर रात होने पर पुत्र शव को सड़क से उठाकर घर ले आया। वहीं नक्सली प्रभावित क्षेत्र होने के कारण गुरुवार सुबह तक पुलिस घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी थी। इधर इस बारे में गोइलकेरा थाना प्रभारी राहुल कुमार की घटना की पुष्टि करते हुए कहा है कि पुलिस घटनास्थल पर जा रही है।

## नन्ही बाल कृष्ण



कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राज परिवार के कल्याण चंद्र सिंह की पोती ने बाल कृष्ण का रूप धारण किया। मां रूसी सिंह ने नन्ही बाल कृष्ण को सजाया।

# डुमरी की जनता ने इंडिया प्रत्याशी बेबी देवी को जीताकर दी जगरनाथ दा को सच्ची श्रद्धांजलि : मंगल कालिंदी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** राज्य के शिक्षा मंत्री सह डुमरी के विधायक रहे जगरनाथ महतो की असामयिक मृत्यु होने के बाद डुमरी विधानसभा में बीते 5 सितंबर को उपचुनाव कराया गया था। जिसमें इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी (राज्य की मंत्री) सह दिवंगत शिक्षा मंत्री की धर्म पत्नी बेबी देवी व एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी यशोदा देवी को बनाया गया था। शुक्रवार को हुई मतगणना में इंडिया प्रत्याशी बेबी देवी ने एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी को 17 हजार 100 वोटों से हार का रास्ता दिखा दिया है। उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की भारी जीत पर अपनी प्रतिक्रिया



व्यक्त करते हुए जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि पिछले करीब 20 वर्षो से जगरनाथ दा ने डुमरी की सेवा एक पुत्र की तरह की है। कोरोना काल में भी वह अपनी जान की परवाह किए बगैर जनता के लिए दिन-रात खड़े रहे। लोगों की सेवा में अनवरत लगे रहे थे। डुमरी की जनता ने उपचुनाव में बेबी देवी को भारी मतों से विजयी बनाकर जगरनाथ दा को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि आजसू के द्वारा बहाए गए पैसे को जनता ने नकार दिया और जगरनाथ दा के द्वारा बहाये गये पसीने पर भरोसा किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा जो विकास कार्य तेजी से पूरे राज्यभर में किया जा रहा है, उस पर भी अपना भरोसा डुमरी की जनता ने जताया है। बेबी देवी को भारी मतों से जीताने के लिए विधायक ने डुमरी की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## नाम्या फाउंडेशन ने 255 मेंस्ट्रुपीडिया कॉमिक किया वितरण



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नाम्या स्माइल फाउंडेशन व रोटरेक्ट क्लब ऑफ स्टील सिटी द्वारा पोटका प्रखंड के तिरिलडीह उच्च विद्यालय में छात्राओं को पीरियड वर्कशॉप के माध्यम से शिक्षित किया गया। कार्यशाला में 255 से ज्यादा छात्राओं ने भाग लिया। जोहार पीरियड्स अभियान के तहत छात्राओं के बीच मेंस्ट्रूपीडिया कॉमिक बुक का वितरण किया गया। नाम्या स्माईल फाउंडेशन के सदस्य रिशु रंजन ने मेंस्ट्रूपीडिया कॉमिक बुक व वीडियो के माध्यम से छात्राओं को माहवारी और उससे जुड़े सभी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। आज के कार्यक्रम में मुख्य रुप से नाम्या स्माइल फाउंडेशन से रिशु रंजन, निर्मल कुमार, विशाल गोप समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे।

## आकुस ने करम घाट सफाई के लिए बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिबासि कुड़मि समाज झारखंड राज्य समिति के सदस्य पंचानन महतो केटिआर के अगुवाई में नीमडीह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को करम परब से पहले करम घाटों की सफाई कराने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही पंचानन महतो केटिआर ने कहा कि हमारे बृहद झाड़खंड क्षेत्र में शुक्ल पक्ष भादर एकादशी के दिन मनाये जाने वाला करम परब इस क्षेत्र का एक प्रमुख प्राकृतिक महापरब है । करम परब को ध्यान में रखते हुए 16 सितम्बर से पहले क्षेत्र के करम घाटों को सफाई कराने को कहा। मौके पर मुख्य रूप चाण्डिल प्रखण्ड सचिव सुकदेव महतो काड़ुआर, महेन्द्र महतो, मंगल चन्द्र महतो आदि समाज कामिआ उपस्थित थे।

## सर्वोदय संघ ने स्व.अनिल कुमार उर्फ आधार को दी श्रद्धांजलि



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर के रेलवे क्षेत्र के पोर्टलखोली में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर सर्वोदय संघ पंडाल में उद्घाटन से पहले सर्वोदय संघ समिति के मेंबरों ने स्वर्गीय अनिल कुमार उर्फ आधार की तस्वीर पर फूल माला चढ़कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मालूम हो कि स्वर्गीय अनिल उर्फ आधार सर्वोदय संघ की टीम के मेंबर थे जो शिक्षित एवं खुश मिजाज इंसान थे। सर्वोदय समिति से उन्हें काफी लगाव था। बीमारी से ग्रस्त होकर उनकी मृत्यु हो गई थी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पंडाल उद्घाटन से पहले उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और पंडाल उद्घाटन के बाद प्रशासनिक वरीय अधिकारियों ने भी उनके तस्वीर पर पुष्प डालकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मौके पर सत्येंद्र पांडे,राजेश पासवान ,गोपाल, इंद्र पासवान ,राजेश शर्मा ,संतोष यादव, अनवर खान चाचा, दीपक पासवान ,अर्जुन, राव जी राजकुमार, रमेश प्रसाद, मिश्रा जी आदि मौजूद थे।

## पटमदा के लावा गांव में ट्रांसफॉर्मर लगने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड मुख्यालय से सटे लावा गांव में शुक्रवार की सुबह दोनों खराब ट्रांसफॉर्मर के बदले नया ट्रांसफॉर्मर लगने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। करीब 4 दिनों तक अंधेरे में रहने के बाद काली मंदिर के समीप 100 केवीए एवं पेट्रोल पंप के पास 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगने से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली। इस संबंध में ग्राम प्रधान बृंदावन दास ने बताया कि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के प्रयास से ही 4 दिनों के अंदर ट्रांसफॉर्मर लग गया। उन्होंने इस कार्य के लिए विधायक मंगल कालिंदी का आभार जताया है। मौके पर झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, विजय कुमार पंडित, सरकार कालिंदी, मिलन दास, संजय मल्लिक, आलोक सिंह, महादेव मल्लिक, लक्ष्मण सिंह, कालू सिंह, प्रदीप कुंभकार, बिजली विभाग के कर्मचारी सुरेश रजक व मोहम्मद महमूद आदि मौजूद थे।

# पटमदा में कई जगहों पर झामुमो ने मनाया जश्न, पूर्व अध्यक्ष समीर महतो ने बांटे लड्डू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी सह राज्य सरकार में झामुमो कोटे से मंत्री बेबी देवी की भारी मतों से हुई जीत की खुशी में झामुमो कार्यकर्ताओं ने पटमदा में कई जगहों पर जश्न मनाया। पटमदा के विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकालकर जमकर आतिशबाजी की एवं लोगों के बीच लड्डू का वितरण किया। मौके पर बीस सूत्री सदस्य कालीपद महतो, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, दिवाकर टुडू, जामिनी प्रमाणिक, संजय सिंह, जितुलाल मुर्मू, सुजीत महतो व कांग्रेस नेता विश्वामित्र दास समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे। दूसरी ओर झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष समीर महतो ने कमलपुर थाना क्षेत्र के तिलाबनी, चड़कपाथर व माहलीपाड़ा गांव में सैकड़ों लोगों के बीच लड्डू का वितरण किया और खुशियों का इजहार



किया। मौके पर सिद्धार्थ महतो, संजय महतो, इन्द्रजीत महतो, विप्लब महतो, राखहरि महतो, सुभाष गोराई आदि लोग शामिल थे। बोड़ाम बाजार में विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा के नेतृत्व में बीस सूत्री अध्यक्ष श्यामापद महतो, विनय मंडल, काजल सिंह व शिवशंकर महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं ने वीर शहीद निर्मल महतो की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के पश्चात लड्डू का वितरण किया। झामुमो नेता सह प्रखंड बीस सूत्री सदस्य समीर महतो ने कहा कि टाइगर के नाम से प्रसिद्ध स्व जगरनाथ महतो जनता के बीच काफी लोकप्रिय थे इसलिए डुमरी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उनके कर्मो को याद करके उनकी पत्नी बेबी देवी को जिताकर श्रद्धांजलि देने का काम किया है। उन्होंने बताया कि आजसू पार्टी समेत एनडीए गठबंधन के पास कोई उपलब्धि नहीं है इसलिए दोनों ही दलों के नेता को करारा जवाब दिया है। समीर ने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सिर्फ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ झूठे आरोप लगाते रहने से वोट नहीं मिलने वाला है बल्कि जनता के लिए काम भी करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता पिछले 20 वर्षो का हिसाब आजसू पार्टी से भी मांगती है।

# एक्सएलआरआई के आदर्श सिंह टाटा क्रूसिबल कैंपस क्विज झारखंड फाइनल के बने विजेता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नेशनल फ़ाइनल में 8 फाइनलिस्ट शामिल होंगे, जो नेशनल चैंपियन के खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिन्हें 2.5 लाख और प्रतिष्ठित टाटा क्रूसिबल ट्रॉफी जितने का मौका मिलेगा।**

**जमशेदपुर :** जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एक्सएलआरआई), जमशेदपुर के आदर्श सिंह भारत के सबसे प्रतिष्ठित बिजनेस क्विज, टाटा क्रूसिबल कैंपस क्विज 2023 के क्लस्टर 20 फाइनल में विजयी हुए। विजेता को 35,000 रूपये वहीं एक्सएलआरआई, जमशेदपुर के यश कविया को 18 हजार रुपये का नकद पुरस्कार मिला और वे उपविजेता बने। बता दे की नेशनल फ़ाइनल में 8 फ़ाइनलिस्ट शामिल होंगे, जो नेशनल चैंपियन के खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिन्हें 2.5 लाख और प्रतिष्ठित टाटा क्रूसिबल ट्रॉफी जितने का मौका मिलेगा। इसके अतिरिक्त, इस वर्ष के राष्ट्रीय विजेता और राष्ट्रीय फाइनल में शीर्ष दो स्कोरर को टाटा समूह के साथ इंटर्नशिप जीतने का अवसर मिलेगा। गिरि बालासुब्रमण्यम जिन्हें पिकब्रेन के नाम से जाना जाता है वे क्विज़मास्टर के रूप में काम करेंगे, उनके साथ क्विज़ की सह-मेज़बान रश्मी फ़र्टाडो भी होंगी।

# 50 लाख का चुना लगाने व ब्लैंक चेक चोरी करने के मामले में गया जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में फर्जी कंपनी बनाकर करोड़ रूपए का छड़ और सीमेंट लेकर ठगी करने का एक सनसनीखेज मामला का खुलासा हुआ है। जिला के पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार के निर्देश पर व एसडीपीओ संजय कुमार सिंह के सहयोग से ईचागढ़ पुलिस द्वारा मामले पर कार्रवाई करते हुए एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मामला झारूआ स्थित मेसर्स सोमवारी महतो के दुकान से फर्जी कंपनी के नाम पर करीब 54 लाख का छड़ और सीमेंट लेकर गबन करने व ब्लैंक चेक चोरी करने के खिलाफ बिहार के बक्सर जिला के ढकाईच सीमरी के अजय कुमार यादव को गिरफ्तार कर शुक्रवार को सरायकेला जेल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार झारूआ स्थित मेसर्स सोमवारी महतो सहित रघुनाथपुर, आदित्यपुर व जमशेदपुर के कई व्यवसायियों से आयरन ट्रींगल प्राइवेट लिमिटेड के नाम से विभिन्न राष्ट्रीय उच्च पथों में निर्माण कार्य में लगाने के नाम पर फर्जी वर्क ओर्डर देकर करोड़ों का रड , सीमेंट का आपूर्ति कराया गया है। अजय कुमार यादव, उर्फ संजय कुमार तिवारी उर्फ टुनटुन हर जगह रड सीमेंट व्यवसायियों से संबंध स्थापित कर अगस्त 2022 से फर्जी वर्क ओर्डर देकर समानों का आपूर्ति कराया गया है। बताया जा रहा है कि मानगो जमशेदपुर के बिल्डर बताकर के के सिंह उर्फ मिथलेश कुमार को अजय कुमार यादव द्वारा समानों का आपूर्ति कराकर ठगी किया गया है। वहीं मेसर्स सोमवारी महतो के पति सदानन्द महतो द्वारा फर्जी ढंग से समान आपूर्ति कराने,गबन करने व चेक चोरी करने के खिलाफ ईचागढ़ थाना में मामला दर्ज कराया गया है , जिससे सरायकेला एसपी द्वारा जाल बिछाकर झारूआ से अजय कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया गया।

# आस्था हाईटेक सिटी व सोनारी गौशाला में मिले डेंगू लार्वा, 60 हजार का जुर्माना वसूला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला में डेंगू के प्रसार के रोकथाम को लेकर जिला दण्डाधिकारी- सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार सघन जांच अभियान नगर निकाय क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निकाय जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति द्वारा आस्था हाईटेक सिटी, सोनारी के नजदीक एक गौशाला प्रबंधन से 20 हजार रू. का जुर्माना डेंगू लार्वा पाये जाने, स्वच्छता नहीं रखने को लेकर वसूला गया। वहीं मानगो नगर निगम ने आजादनगर रोड नं 2 में जांच अभियान चलाते हुए 4 लोगों



से 40 हजार रू जुर्माना वसूला। वहीं जिला प्रशासन लगातार आम जनता से अपील करती है कि अपने घरों, प्रतिष्ठानों के आसपास स्वच्छता बनाये रखें, किसी भी तरह से जलजमाव करते हुए डेंगू का लार्वा नहीं पनपने दें, अपने स्वास्थ्य सुरक्षा का ध्यान रखें ।

## नव भारत साक्षरता दिवस पर शिक्षा विभाग ने आयोजित किया कार्यशाला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** नव भारत साक्षरता दिवस के अवसर पर पूर्वी सिंहभूम जिले में गैर-साक्षरों को साक्षर बनाने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया गया। इस अभियान के तहत जिला साक्षरता समिति द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन केरला पब्लिक स्कूल कदमा में किया गया, जिसमें जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, राज्य अनुश्रवण पदाधिकारी कीर्तिवास कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बरेलिया, जिला शिक्षा अधीक्षक निशु कुमारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षक शामिल हुए। कार्यशाला में सभी सदस्यों ने शपथ ली कि वे अशिक्षित को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करेंगे। इसके अलावा, वे नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी प्रदान करेंगे और उन्हें निकटतम विद्यालय में जाकर निरक्षरों का पंजीयन उल्लास एप में कराने के लिए प्रेरित करेंगे। प्रखण्ड स्तर पर भी गठित प्रखण्ड साक्षरता समिति द्वारा गैर साक्षरों को लिखने-पढ़ने हेतु प्रेरित करने के लिए प्रभात फेरी, साइकिल रेली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# उपायुक्त ने हरी झंडी दिखा कर पोषण माह जागरूकता रथ को किया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** पूरे सितम्बर माह पोषण को लेकर चलने वाले जागरूकता अभियान के सफल संचालन हेतु समाहरणालय परिसर से पोषण माह जागरूकता वाहन को उपायुक्त रवि शंकर शुक्ल ने हरी झंडी दिखा कर क्षेत्र के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, जिला परिवहन पदाधिकारी सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी शंकर आचर्य सामद ,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सत्या ठाकुर एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। मौके पर उपायुक्त ने विभिन्न कार्यालयों के पदाधिकारी एवं कर्मियों को सही पोषण, देश रोशन अभियान में अपने स्तर से भी सहयोग करने का शपथ दिलाया। उपायुक्त द्वारा पोषण माह हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया गया।



उपायुक्त ने कार्यक्रम के संबंध बताया गया कि पोषण माह (1-30) सितम्बर 2023 के सफल संचालन तथा लोगों को कुपोषण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दो पोषण जागरूकता वाहन को रवाना किया गया है। अलग-अलग अनुमंडल क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में भ्रमण कर कुपोषण के प्रति इनके माध्यम जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।पोषण युक्त आहार एवं नियमित टीकाकरण के प्रति अभियान के तहत जनजागरण किया जाएगा।इस विशेष माह में जागरूकता वाहन एवं आंगनवाड़ी केन्द्रो में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर कुपोषण के प्रति लोगो को जागरूक किया जायेगा। तथा समाजिक प्रयास एवं जनसहभागिता से कुपोषण को समाप्त किया जायेगा।

## वीएस पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** सरायकेला प्रखंड अंतर्गत वी एस पब्लिक स्कूल सीनी में नशा मुक्ति हेतु जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, सरायकेला मृत्युंजय कुमार एवं कार्यपालक दंडाधिकारी डॉक्टर सुधा वर्मा द्वारा स्कूली बच्चों को नशा सेवन से संबंधित दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। नशा से बचने के उपाय भी बताए गए। बच्चों से यह भी कहा गया कि नशापान के दुष्परिणाम के संबंध उन्हे जो जानकारियां दी जा रहीं हैं इसे वे अपने परिवार के सदस्यों तथा परिचितों से भी साझा करें। साथ ही सभी उपस्थित बच्चों को नशा मुक्ति है हेतु शपथ भी दिलाया गया।

# कथावाचक ने कृष्ण-रूकमणी विवाह के प्रसंग में कहा.. प्रेम की ही परीक्षा होती है

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में चल रहे भागवत कथा के छठवें दिन शुक्रवार को कथा व्यास हिमांशु महाराज ने गोपियों के साथ प्रेम की लीला और प्रेम की परीक्षा का वर्णन करते हुए भगवान कृष्ण के साथ रूकमणी विवाह की महिमा का गुणगान किया और कहा कि प्रेम की ही परीक्षा होती हैं। महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। भगवान भी शिक्षा प्राप्त करने के लिए अवनतीका पुरी जाते है। भगवान को अपने ब्रज की याद आती है, तो कृष्ण साक्षत वृहस्पति के शिष्य निराकर ब्राम्ह् की उपासना करने वाले उधव को बृज में भेजते है। वहां वे गोपियों से प्रेम का पाठ पढ़कर आ जाते हैं। महाराज ने आगे कहा कि भगवान ने चीरहरण लीला की, इसमें गोपियों की वस्त्रों को भगवान ने छुपाया। क्योंकि वो निर्वस्त्र श्री यमुना जी में स्नान कर रहे थे। भगवान ने गोपियों की परीक्षा लेने हेतु एक



लीला भी की। भगवान ने शरद पूर्णिमा के दिन बंशी बजायी जिस पर तीनों लोक मोहित हो गये। गोपी गीत का उल्लेख बड़े भाव विभोर के साथ किया गया। अब भगवान आगे की लीला करने के लिए सभी ब्रजवासियों को छोड़कर मथुरा चले जाते है। वहां कंश का उद्धार करके अपने माता-पिता बसुदेव और देवकी और अपने नाना उग्रसेन जी को जेल से मुक्त करते है। कथा वाचक ने आगे बताया कि भगवान मथुरा को छोड़कर समुद्र के बीचों बीच विश्वकर्मा से द्धारका नगरी का निर्माण करवाकर अपने सभी परिजनों के साथ द्धारका में निवास करते है। छठवें दिन शुक्रवार को यजमान के रूप में हरिशंकर सोंथालिया, अशोक संघी, महावीर नागेलिया, ओमप्रकाश गोयल, ओमप्रकाश संघी मौजूद थे। आज मोतीलाल जगदीश खेमका, चौथमल राजेन्द्र चिंरणीया, विजय मित्तल, नाथुलाल पोददार, रामअवतार उत्तम की तरफ से प्रसाद का आयोजन किया गया था। आज प्रमुख रूप से सुरेश कुमार आगीवाल, संतोष संघी, कुंज बिहारी नागेलिया, अशोक नरेड़ी, हरिशंकर सोंथालिया सहित काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। सातवें दिन शनिवार को कथा वाचक हिमांशु महाराज धर्म, सत्य और कलयुग की महिमा का वर्णन समेत कृष्ण और सुदामा की मित्रता की महिमा का प्रसंग सुनायेंगें। कथा के बाद हवन के साथ भागवत कथा का विश्राम और संध्या 8 बजे से प्रसाद का आयोजन होगा।

## संपादकीय

# किसके खिलाफ चीन-रूस?

**चीन** के राष्ट्रपति शी जिनपिंग जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने नई दिल्ली नहीं आएंगे। यह आशंका बहुत पहले से थी, लेकिन अब चीन ने आधिकारिक पुष्टि कर दी है कि उनकी जगह चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग शिरकत करेंगे। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन समेत पश्चिमी देशों के शीर्ष नेताओं ने इस पर निराशा जताई है, क्योंकि यह दुनिया के सबसे समृद्ध और बड़े देशों के मंच का शिखर सम्मेलन है। जी-20 आर्थिक और विकास के मुद्दों पर विमर्श करने और साझा दृष्टिकोण तय करने का मंच है। कोई स्पष्ट कारण भी नहीं है कि जिनपिंग नई दिल्ली नहीं आ रहे हैं, जबकि भारत ने अपनी अध्यक्षता में जी-20 के भीतर सहमति और संतुलन बनाए रखने के प्रयास किए हैं। मंत्री और प्रतिनिधि स्तरीय बैठकों में भी भारत ने सर्वसम्मति कायम रखने के प्रयास किए हैं। जी-20 के देश विश्व की करीब 75 फीसदी आबादी को प्रभावित करते हैं और दुनिया की करीब 85 फीसदी जीडीपी इन देशों की है। खुद चीन विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके बावजूद उसके राष्ट्रपति ने शिखर सम्मेलन का अघोषित बहिष्कार किया है। दुनिया जानती है कि चीन में जिनपिंग के अलावा किसी और पदेन नेता की कितनी औकात है! बेशक चीन और अमरीका, पश्चिमी देशों और रूस के समीकरण 'दुश्मन' वाले हैं। ताइवान के कारण भी अमरीका चीन के रूबरू तैनात है और लगातार धमकी देता रहा है कि चीन ताइवान पर युद्ध थोप कर देखे। अंजाम बहुत बुरा होगा। उधर यूक्रेन के संदर्भ में भी स्पष्ट है कि रूस ने पड़ोसी देश की संप्रभुता के खिलाफ युद्ध छेड़ रखा है और एक रचे-बसे देश को मिट्टी-मलबा करने पर आमादा है । रूस-चीन को लगता होगा कि जी-20 के मंच पर पश्चिमी देश उन्हें युद्ध, विस्तारवादी और दमनकारी कूटनीति के कारण कटघरे में खड़ा कर सकते हैं, लेकिन जी-20 युद्ध पर ही विमर्श का मंच नहीं है। वह विशुद्ध रूप से अर्थव्यवस्था, विकास, जलवायु, आपसी सहयोग और कमोबेश भारत में 'वसुधैव कुटुम्बकम' का मंच है। चीन-रूस की अमरीका और यूरोपीय देशों से शत्रुता है अथवा वे जी-20 समेत किसी भी वैश्विक मंच के विमर्श को गंभीरता से नहीं लेते। फिलहाल भारत की अध्यक्षता में जी-20 का शिखर सम्मेलन हो रहा है और भारत सत्य, अहिंसा, सौहार्द, भाईचारे, शांति और एक पृथ्वी, एक परिवार का पक्षधर देश है। अमरीका बनाम चीन-रूस के कठोर, नुकीले समीकरणों के बावजूद भारत ने तमाम सफल कूटनीतिक प्रयास किए हैं, ताकि जी-20 शिखर सम्मेलन कामयाब रहे। दरअसल इससे पहले बाली (इंडोनेशिया) शिखर सम्मेलन के दौरान ही दोनों पक्षों में विभाजन के हालात उभर आए थे। वहां भी 'साझा घोषणा' तैयार करने में भारत ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और यूक्रेन युद्ध की भत्र्सना की गई थी। इस बार यह चुनौती बनती जा रही है, क्योंकि अमरीका, पश्चिमी देशों और चीन-रूस के संबंध अधिक दोफाड़ की स्थिति तक पहुंच गए हैं। यहां तक कि अमरीका ने व्यापार, प्रौद्योगिकी और भू-राजनीतिक मुद्दों पर अपना रुख बेहद कठोर कर लिया है। सवाल है कि करोड़ों रुपए खर्च कर जी-20 देशों के मंत्रियों, प्रतिनिधियों की बैठकें देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित की जा चुकी हैं, लेकिन चीन-रूस के अलग-थलग रवैये ने जी-20 की प्रासंगिकता को क्या कम नहीं कर दिया है? रूस तो भारत का पुराना मित्र है, लेकिन चीन भारत को सशक्त और विकसित होते नहीं देख सकता। यदि उसकी चलती, तो भारत में कभी जी-20 का आयोजन नहीं होता और न ही अध्यक्षता मिलती। चीन हमारे इलाकों पर लगातार गिद्धदृष्टि गड़ाए रहा है। एशिया में उसकी साजिशों को नाकाम करते रहने के लिए हमें अमरीका का समर्थन जरूर चाहिए, लेकिन 40 फीसदी से अधिक हथियारों के लिए आज भी हम रूस पर ही आश्रित हैं। इसके मायने ये नहीं हैं कि हमारी स्वतंत्र विदेश नीति और कूटनीति नहीं हो सकती। भारत ने आज तक जो भी हासिल किया है, अपनी मेहनत, खोजपरक दृष्टि और उत्पादन क्षमता के बल पर प्राप्त किया है।

जी-20 के देश विश्व की करीब 75 फीसदी आबादी को प्रभावित करते हैं और दुनिया की करीब 85 फीसदी जीडीपी इन देशों की है। खुद चीन विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके बावजूद उसके राष्ट्रपति ने शिखर सम्मेलन का अघोषित बहिष्कार किया है। दुनिया जानती है कि चीन में जिनपिंग के अलावा किसी और पदेन नेता की कितनी औकात है! बेशक चीन और अमरीका, पश्चिमी देशों और रूस के समीकरण 'दुश्मन' वाले हैं। ताइवान के कारण भी अमरीका चीन के रूबरू तैनात है और लगातार धमकी देता रहा है कि चीन ताइवान पर युद्ध थोप कर देखे। अंजाम बहुत बुरा होगा। उधर यूक्रेन के संदर्भ में भी स्पष्ट है कि रूस ने पड़ोसी देश की संप्रभुता के खिलाफ युद्ध छेड़ रखा है और एक रचे-बसे देश को मिट्टी-मलबा करने पर आमादा है। रूस-चीन को लगता होगा कि जी-20 के मंच पर पश्चिमी देश उन्हें युद्ध, विस्तारवादी और दमनकारी कूटनीति के कारण कटघरे में खड़ा कर सकते हैं, लेकिन जी-20 युद्ध पर ही विमर्श का मंच नहीं है। वह विशुद्ध रूप से अर्थव्यवस्था, विकास, जलवायु, आपसी सहयोग और कमोबेश भारत में 'वसुधैव कुटुम्बकम' का मंच है। वह विशुद्ध रूप से अर्थव्यवस्था, विकास, जलवायु, आपसी सहयोग और कमोबेश भारत में 'वसुधैव कुटुम्बकम' का मंच है।

## कुछ अलग

# ताकि आने की खबर हो

**'आ** रहे हैं कई पद तेरे इम्तिहान में, रोजगार के मंच पर जिंदगी दांव पर है।' सैकड़ों बेरोजगारों के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का यह ऐलान खुशखबरी दे रहा है कि अंततः जंजीरों से मुक्त होकर हमीरपुर में अब 'राज्य चयन आयोग' का गठन होगा और सरकारी नौकरी के सपनों को हकीकत में उतरने का अवसर मिलेगा। थे गुनाही के सारे सबूत उनके, मगर कठघरों ने हमें रोके रखा। इसी इंतजार में डूबा युवा हिमाचल अब आशा करेगा कि नए जोश व होश के साथ राज्य चयन आयोग शिक्षकों के छह हजार, वन मित्रों के तीन हजार और पुलिस जवानों के बारह सौ रिक्त पद भरते हुए, उन्हें जिंदगी की मंजिल सौंपेगा। हिमाचल में सरकारों और सियासत का स्तर हमेशा से या तो सरकारी नौकरियों की घोषणा से या सरकारी नौकरियों के बीच कर्मचारियों के लिए कुछ करके हमेशा परवान चढ़ता रहा है। जाहिर है सुक्खू सरकार को भी ऐसी घोषणा के लिए बेरोजगार साधुवाद देंगे, हालांकि रोजगार की पूर्णता के लिए निजी क्षेत्र में निवेश के रास्तों को भी मुखर करने की जरूरत है। देखना यह है कि कुछ समय पहले अपने आचरण में पकड़ा गया अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, अब बतौर राज्य चयन आयोग कितना सुधरा, पारदर्शी व विश्वसनीय हो पाता है। खैर हिमाचल में सुक्खू सरकार ने अपनी कार्यपद्धति के दिन, महीने और वर्ष तय करते हुए, निर्णायक होने का जज्बा जरूर दिखाया है। सचिवालय के दिन, कार्य योजनाओं के महीने और गारंटियों के वर्ष तय करते हुए मुख्यमंत्री का प्रशासनिक रुतबा यकीनन अपनी तारीफ करता है, लेकिन दूसरी ओर राजनीति के दिन, महीने और वर्ष यूं ही जाया न हों, इसके ऊपर गौर करना होगा। बेशक सलाहकारों के तुजुर्बे, अनुभव और हकीकत में वर्तमान सरकार अपनी भिन्नता और विविधता दर्ज कर रही है, लेकिन हिमाचल में सत्ता के आशियाने पूरे प्रदेश में खुद को मुकम्मल करने की दरख्वास्त कर रहे हैं। एडवाइजर बनाम मंत्रियों के बीच संतुलन की पुकार और सामने विपक्ष के द्वारा क्षेत्रवाद की दहाड़ को आईना दिखाने के लिए अब सब्र नहीं, कर्मठता की दरकार है, क्योंकि बरसात के बाद सर्दियां अपने साथ सुक्खू सरकार के पहले साल का लेखा-जोखा पूरा कर देगी। बेशक वर्तमान सरकार अपने फैसलों, दिशा-निर्देशों और चुनौतियों के प्रति सशक्त साबित हुई है और आपदा के बीच में से फर्ज और विकास की हरियाली ढूंढ के ला और बचा रही है, फिर भी इसे अपने फासलों और फैसलों के बीच संतुलन की दरकार रहती है। प्रदेश अब सरकार की मंडे बैठक के अदब में व्यवस्था परिवर्तन की निशानियां देख रहा है, तो महीने के अंत में ट्रांसफर की फाइल पर सुशासन के हस्ताक्षर मजबूत होते देखने की कोशिश कर रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा सचिवालय तक पैदल जाने का जनसंपर्क, नई परिक्रमा करता हुआ दिखाई देता है। वह इसी तरह सुबह की सैर में अपने कदमों को चिन्हित कर चुके हैं, लेकिन ऐसा बहुत कुछ है हिमाचल के कोने-कोने में। पूरा हिमाचल भी चाहता है कि उनके जिलों में आकर मुख्यमंत्री इसी तरह पैदल निकलें ताकि शासन-प्रशासन को खबर हो।

## हमारे देश में किसी न किसी राज्य में हर वर्ष चुनाव के प्रक्रिया चलती रहती है

# 'एक देश, एक चुनाव' राष्ट्रीय हित में उठाया गया कदम है, विपक्ष को इसका समर्थन करना चाहिए

सुरेश हिंदुस्तानी

हमारे देश में किसी न किसी राज्य में हर वर्ष चुनाव के प्रक्रिया चलती रहती है। चुनाव के दौरान संबंधित सरकार कोई बड़ा निर्णय नहीं ले सकती। चुनाव होने के कारण राजनीतिक दल हर साल केवल चुनाव जीतने की योजना ही बनाते रहते हैं। इस कारण देश के उत्थान के बारे में योजना बनाने या सोचने का उतना समय भी नहीं मिल पाता, जितना सरकार का कार्यकाल होता है। इसलिए वर्तमान में जिस प्रकार से एक साथ चुनाव कराने की योजना पर मंथन चल रहा है, वह देश को उत्थान के मार्ग पर ले जाने का एक अभूतपूर्व कदम है।

**वर्तमान** में भारत में ऐसे कई कारण हैं, जो राष्ट्रीय विकास में बाधक बन रहे हैं। इसमें एक अति प्रमुख कारण बार-बार चुनाव होना है। देश में होने वाले चुनावों के दौरान लगने वाली आचार संहिता के चलते सरकार का कामकाज भी प्रभावित होता है। हमारे देश में किसी न किसी राज्य में हर वर्ष चुनाव के प्रक्रिया चलती रहती है। चुनाव के दौरान संबंधित सरकार कोई बड़ा निर्णय नहीं ले सकती। चुनाव होने के कारण राजनीतिक दल हर साल केवल चुनाव जीतने की योजना ही बनाते रहते हैं। इस कारण देश के उत्थान के बारे में योजना बनाने या सोचने का उतना समय भी नहीं मिल पाता, जितना सरकार का कार्यकाल होता है। इसलिए वर्तमान में जिस प्रकार से एक साथ चुनाव कराने की योजना पर मंथन चल रहा है, वह देश को उत्थान के मार्ग पर ले जाने का एक अभूतपूर्व कदम है। अभी केंद्र सरकार ने देश में एक साथ चुनाव कराने के बारे में प्राथमिक कदम उठाकर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसके लिए एक समिति भी बनाई है, जो देश के राजनीतिक दलों और आम जनता से इसके हित और अनहित के बारे में विमर्श करेगी। जब सब ओर से सकारात्मक रुझान मिलेगा, तब यह धरातल पर उतारा जाएगा। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या एक साथ चुनाव कराया जाना उचित है? यकीनन इसका उत्तर यही होगा कि यह ठीक कदम है। लेकिन देश में कुछ राजनीतिक दल संभवतः इसकी गंभीरता को समझ नहीं पा रहे हैं। इस कदम को संकुचित राजनीति के भाव से देख रहे हैं। अगर यह देशभाव के दृष्टिकोण से देखेंगे तो हमें यह कदम अच्छा ही लगेगा। वर्तमान में केन्द्र सरकार, चुनाव आयोग इस बारे में गंभीरता पूर्वक चिंतन कर रहा है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने एक बार अपने अभिभाषण में भी एक साथ चुनाव कराए जाने पर जोर दिया था। पूर्व राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा था कि बार-बार होने वाले चुनावों से विकास में बाधा आती है, ऐसे में देश के सभी राजनीतिक दलों को एक साथ चुनाव कराने के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। सच कहा जाए तो एक साथ चुनाव कराया जाना राष्ट्रीय चिंता का विषय है, जिसे सभी दलों को सकारात्मक दृष्टि से लेना होगा। हम यह भी जानते हैं कि देश के स्वतंत्र होने के पश्चात लम्बे समय तक एक साथ



चुनाव की प्रक्रिया चली, लेकिन कालांतर में कई राज्यों की सरकारें अपने कार्यकाल की अवधि को पूरा नहीं कर पाने के कारण हुए मध्यावधि चुनाव के बाद यह क्रम बिगड़ता चला गया और चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे। इसके कारण देश में सरकारी कामकाज की प्रक्रिया तो बाधित होती ही है, साथ ही सरकारी कामकाज को लेकर सक्रिय रहने वाले सरकारी अधिकारी और आम जनता भी ऐसी बाधाओं के चलते निष्क्रियता के आवरण को ओढ़ लेते हैं। यह भी काम में रुकावट का कारण बनती है। इन सभी कारणों के निदान के लिए देश में एक साथ चुनाव कराने के विषय पर सभी राजनीतिक दलों के बीच संवाद बढ़ना चाहिए और इस बारे में आम सहमति बनायी जानी चाहिए। केंद्र सरकार की मंशा स्पष्ट है, लेकिन विपक्षी राजनीतिक दल इस बारे में क्या राय रखते हैं, यह अभी तक सामने नहीं आ पाया है। हालांकि देश हित के मुद्दे पर विपक्षी राजनीतिक दलों को भी इस बारे में सरकार के रुख का पूरी तरह से समर्थन करना चाहिए। एक साथ चुनाव होने से देश में विकास की गति को समुचित दिशा मिलेगी, जो बहुत ही आवश्यक है। क्योंकि देश में बार-बार चुनाव होने से जहां राजनीतिक लय बाधित होती है, वहीं देश को आर्थिक बोझ भी झेलना पड़ता है। इसलिए एक साथ चुनाव कराए जाने के अच्छे विचार को कैसे अमल में लाया जा सकता है, इसके बारे में गंभीरता पूर्वक चिंतन करना चाहिए। यह कठिन कार्य नहीं हैं, क्योंकि दुनिया के कई देशों ने भी इस प्रकार की नीतियां बनाइ्रं हैं, जिसके अंतर्गत एक साथ चुनाव कराए जाते हैं और वे देश विकास के पथ पर निरंतर रुप से आगे बढ़ते जा रहे हैं, जब ऐसा विदेशों में हो रहा है और भारत में भी ऐसा होता रहा है, तब अब भारत ऐसा क्यों नहीं कर सकता। भारत में ऐसा होना ही चाहिए। जब से देश में नरेन्द्र मोदी की सरकार आई है, तबसे ही देश में राष्ट्रीय हित की दिशा में अनेक काम किए जा रहे हैं। यह बात भी सही है कि इन कामों का वास्तविक स्वरूप भविष्य में ही सामने आएगा। क्योंकि देश में लम्बे समय से एक मानसिकता बन गई थी कि अब भारत से समस्याओं का निदान संभव ही नहीं है। उस समय सरकारों के संकल्प में कमी दिखाई देती थी। सरकारें हमेशा इसी उधेड़बुन में लगी रहती थी कि हमारी सरकार कैसे बचे या हमारी सरकार कैसे फिर से बने। इसी कारण कई निर्णय ऐसे भी किए जाते रहे हैं, जिससे देश की विकास की गति बाधित होती गई और स्वतंत्रता के बाद देश को जिस रास्ते पर जाना चाहिए था, उस रास्ते पर न जाकर केवल स्वार्थी राजनीति के रास्ते पर चला गया। जिसके कारण देश ने अनेक उतार चढ़ाव भी देखे हैं। वर्तमान की कई समस्याएं अपने देश की सरकारों की ही देन है। सरकारों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के बजाय देश हित के काम किए होते तो संभवतः देश में इतनी विकराल स्थिति पैदा नहीं होती। मोदी सरकार ने देश की स्थिति को सुधारने के लिए कई अभूतपूर्व निर्णय किए हैं। सरकार ने जो नोट बंदी की थी, उसमें भले ही विपक्षी राजनीतिक दलों ने आलोचना की, लेकिन इसके बाद मोदी सरकार की ख्याति बढ़ती चली गई और लोकसभा चुनाव के बाद हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा को अपेक्षा से ज्यादा सफलता मिली है। यानी साफ शब्दों में कहा जाए तो यही कहना समुचित होगा कि जो कदम विपक्षियों को खराब लगा, वह देश की जनता की नजर में एक दम सही था। मोदी सरकार का एक साथ चुनाव कराने का कदम भी कुछ ऐसा ही है, जिसकी विपक्षी दल तो आलोचना करेंगे ही, लेकिन जनता निश्चित रूप से इसे सही कदम मानकर इसका समर्थन ही करेगी। अगर देश में लोकसभा और राज्यों के चुनाव एक साथ होने पर राजनीतिक दलों की सहमति बनती है तो इससे आम जनता को राहत ही मिलेगी, लेकिन सरकार विरोधी राजनीति करने वाले राजनीतिक दल इस पर क्या कहेंगे। हालांकि देश में जनहित के साथ ही राष्ट्रीय हितों के प्रति सबको समर्थन देना ही चाहिए, क्योंकि राष्ट्रीय हित से बड़ा कुछ हो ही नहीं सकता।

# न्यायिक व्यवस्था में वकीलों की भूमिका

जनहित में वकील समाज की बेहतरी के लिए नागरिक अभियानों की वकालत भी करते रहते हैं ताकि कानूनी सहायता की आवश्यकता वाले लोगों को समर्थन दिया जा सके। जो व्यक्ति इनका खर्चा नहीं उठा सकते, उन लोगो की नि :शुल्क सेवा भी करते हैं। भारतीय न्यायिक प्रक्रिया दुनिया की सबसे पुरानी प्रणालियों में से एक है, मगर कई कारणों की वजह से चाहे जजों की कमी हो, चाहे काम के प्रति उदासीनता या फिर पारदर्शिता की कमी हो, इन सबके फलस्वरुप आज लगभग 5 करोड़ मामले विभिन्न न्यायालयों में लम्बित हैं। आज न्याय देश के बहुसंख्यक नागरिकों से बाहर होता जा रहा है, क्योंकि अधिकतर लोग न्याय प्रणाली की पेचीदगियों व वकीलों के भारी खर्च के कारण वांछित न्याय नहीं पा पाते। भारत में इस समय लगभग 13 लाख वकील हैं तथा प्रतिवर्ष लगभग 70000 नए वकील विभिन्न बार काउंसिलों के सदस्य बनते हैं। अन्य व्यवसायों की तरह वकीलों को भी एक आचार संहिता के अंतर्गत ही अपना कार्य करना पड़ता है।

**एडवोकेट्स** चाहे किसी भी श्रेणी के क्यों न हों, सरकारी या प्राइवेट, वरिष्ठ या कनिष्ठ या फिर किसी भी जाति, पंथ व लिंग के, इन सबका एक ही संवैधानिक कार्य होता है, अपने ग्राहकों (क्लाइंट्स) को हर प्रकार की कानूनी राय व सहायता प्रदान करना। अपने प्रतिनिधियों व ग्राहकों तक तटस्थ व तृतीय पक्ष के रूप में हर प्रकार की कानूनी जानकारी देना उनकी जिम्मेदारी रहती है। यह लोगों में आराम की भावना व सामाजिक शांति को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अतिरिक्त वे अपने ग्राहकों को उनकी स्वतंत्रता व कानूनी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित भी करते रहते हैं। जनहित में वकील समाज की बेहतरी के लिए नागरिक अभियानों की वकालत भी करते रहते हैं ताकि कानूनी सहायता की आवश्यकता वाले लोगों को समर्थन दिया जा सके। जो व्यक्ति इनका खर्चा नहीं उठा सकते, उन लोगो की निःशुल्क सेवा भी करते हैं। भारतीय न्यायिक प्रक्रिया दुनिया की सबसे पुरानी प्रणालियों में से एक है, मगर कई कारणों की वजह से चाहे जजों की कमी हो, चाहे काम के प्रति उदासीनता या फिर पारदर्शिता की कमी हो, इन सबके फलस्वरुप आज लगभग 5 करोड़ मामले विभिन्न न्यायालयों में लम्बित हैं। आज न्याय देश के बहुसंख्यक नागरिकों से बाहर होता जा रहा है, क्योंकि अधिकतर लोग न्याय प्रणाली की पेचीदगियों व वकीलों के भारी खर्च के कारण वांछित न्याय नहीं पा पाते। भारत में इस समय लगभग 13 लाख वकील हैं तथा प्रतिवर्ष लगभग 70000 नए वकील विभिन्न बार काउंसिलों के सदस्य बनते हैं। अन्य व्यवसायों की तरह वकीलों को भी एक आचार संहिता के अंतर्गत ही अपना कार्य करना पड़ता है। भारतीय एडवोकेट्स एक्ट 1961 के अंतर्गत सभी एडवोकेट्स को अपना आचरण बनाए रखना होता है तथा गैर अनुशासनहीनता के लिए इन्हें अपनी सदस्यता भी गंवानी पड़ सकती है। इन सभी नियंत्रणों के बावजूद यह लोग भी दूध के धुले नहीं हो सकते तथा न्यायिक प्रणाली को कहीं न कहीं दूषित करते ही रहते हैं। सरकारी वकील जो विभिन्न आपराधिक व दीवानी मामलों में अभियोजन पक्ष का काम करते हैं, का स्तर भी दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा है। केवल कोई परीक्षा पास करना व किसी सरकारी नौकरी पर तैनात हो जाना, उन्हें किसी प्रकार का लाइसैंस प्रदान नहीं करता कि वे किसी कोर्ट-कचहरी में केवल प्रतिनिधि का ही काम करते हुए मूकदर्शक बने रहें। कई बार देखा गया है कि वो फाइल पढक़र भी नहीं जाते हैं तथा इन्हें न्यायालयों की फटकार भी सहन करनी पड़ती है। यह भी देखा गया है कि न्यायालयों में विभिन्न आपराधिक मामलों में अप्रत्यक्ष रूप से अपराधियों की इस कदर सहायता करते हैं कि वे या तो मूकदर्शक बनकर कोई जिरह नहीं करते या फिर उल्टे पुलिस अन्वेषण अधिकारियों से ही बिना वजह के सवाल पूछने शुरू कर देते हैं तथा केस फेल हो जाने पर सारा दोष पुलिस अधिकारियों पर ही मढ़ देते हैं। ऐसा करना उनकी मर्यादा व आचार संहिता पर एक बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह पैदा कर देता है। ऐसा ही कुछ किस्सा हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में कार्यरत अधिवक्ताओं का भी है जिन्हें मासिक वेतन के अतिरिक्त हर पेशी के लिए एक निश्चित मानदेय भी मिलता है। इनमें से भी कुछ साहिबान केसों का पूर्ण अध्ययन नहीं करते तथा केस में दूसरी तारीख डालने के लिए प्रार्थना करते देखे जा सकते हैं। यह सिलसिला लगातार चलता रहता है तथा पीड़ितों को न्याय के लिए लम्बा इन्तजार करना पड़ता है। सरकार ने उच्च न्यायालय के बोझ को कम करने के लिए प्रशासनिक ट्रिब्यूनलों का गठन किया है, मगर शायद ही कोई ऐसा केस होगा जिसमें ट्रिब्यूनल के फैसले की अपील उच्च न्यायालय में न होती हो। इन ट्रिब्यूनलों में सेवानिवृत्त जजों या प्रशासनिक अधिकारों की नियुक्ति की होती है और न जाने सरकार को उनके वेतन-भत्ते उठाने के लिए कितने करोड़ों रुपयों का भुगतान करना पड़ता है। सरकार ने शायद इस संबंध में कभी भी नहीं सोचा होगा कि पीड़ितों को वकीलों का बिना वजह का इतना बड़ा खर्चा उठाने के लिए क्यों मजबूर किया जा रहा है। आपराधिक मामलों के अतिरिक्त न जाने कितने मुकद्दमे दीवानी प्रकृति के होते हैं और इनमें से बहुत से मुकद्दमे राजस्व न्यायालयों जैसा कि तहसीलदार, कोलैक्टर व कमिश्नर इत्यादि के कार्यालयों से संबंधित होते हैं, मगर इन न्यायालयों से संबंधित अधिकतर मुकदमे न्यायिक कोर्टों (ज्यूडिशल कोर्ट) से जुड़े होते हैं। उदाहरण के तौर पर किसी जमीन-जायदाद के बंटवारे इत्यादि से संबंधित मुकदमों में वादी सीधे ज्यूडिशियल कोर्ट में जाकर कार्यकारी मजिस्ट्रेट के आदेश के विरुद्ध स्थगन आदेश हासिल कर लेता है तथा वकील लोग ऐसे आदेश को आसानी से प्राप्त कर लेते हैं, मगर ऐसे आदेश स्पष्ट नहीं होते तथा वादी-प्रतिवादी का झगड़ा यथावत ही बना रहता है। वकील लोग ऐसे आदेश हासिल करते समय जज साहिबान को सम्बन्धित लड़ाई के कारण को स्पष्ट रूप से लिखने में तकलीफ नहीं उठाते क्योंकि उन्हें भी पता होता है कि प्रतिवादी जब अमुक फैसले का अर्थ अपने स्वार्थ के आधार पर निकाल लेगा, तब झगड़ा ज्यों का त्यों ही बना रहेगा तथा मजबूरी में वादी फिर से अपने वकील के पास गुहार लगाने के लिए मजबूर हो जाएगा। सरकार को चाहिए कि ऐसे छोटे मामलों की सुनवाई कार्यकारी मैजिस्ट्रेट को ही दे देनी चाहिए क्योंकि वे ऐसे मामलों पर पहले से ही विचार कर रहे होते हैं। यह भी देखा गया है कि कुछ वकीलों की पुलिस, राजस्व अधिकारियों व जज सहिबानों के साथ सांठगांठ भी बनी होती है तथा ये लोग फरियादी व अपराधी को विशेष नाम के वकील को अधिकृत करने के लिए सलाह देते रहते हैं तथा फरियाद को या तो न्याय मिलता ही नहीं या फिर देरी से मिलता है। वकील लोग पीड़ित या अपराधी से मनमानी फीस वसूलते रहते हैं तथा इस सम्बन्ध में सरकार की तरफ से किसी प्रकार की सीमा तय नहीं की गई है।



## देश दुनीया से

# राजनीति का अंतरिक्ष

**वर्ष** 2000 में एक फिल्म आई थी 'रिफ्यूजी।' करीना कपूर और अभिषेक बच्चन के कॅरिअर की यह पहली फिल्म थी। इसमें जावेद अख्तर का लिखा एक गीत था : 'पंछी नदिया पवन के झोंके/ कोई सरहद न इन्हें रोके/सरहदें इन्सानों के लिए हैं/सोचो तुमने और मैंने क्या पाया इन्सां हो के।' इस गीत के लिए जावेद अख्तर को फिल्म फेयर अवॉर्ड भी मिला था। आप सोच रहे होंगे कि इस जानकारी का भला इस लेख से क्या तालमेल है। दरअसल जावेद अख्तर को पंछी, नदिया, पवन के साथ राजनीति भी जोडऩी थी, तो ये लाइनें ऐसी बनतीं : 'पंछी, नदिया, राजनीति, पवन के झोंके, कोई सरहद न इन्हें रोके।' आज तो यही बात चरितार्थ हो रही है। अब राजनीति प्रदेश, देश और धरती की सीमा पार कर चांद तक पहुंच चुकी है। इसका ताजा उदाहरण है चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद उस प्वाइंट को शिवशक्ति नाम देना। आपका सवाल हो सकता है कि भला इसमें क्या राजनीति हो सकती है। यह तो वैज्ञानिकों और देश के सम्मान के लिए एक प्रतीक के तौर पर दिया गया नाम है। इससे पहले भी 2008 में जब भारत ने पहली बार चांद पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी तो उसे जवाहर पॉइंट नाम दिया गया था। जाहिर है तब कांग्रेस की मनमोहन सरकार थी, ऐसे में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम पर नामकरण किया गया। सवाल है कि क्या जवाहर पॉइंट देशभक्ति थी और शिवशक्ति पॉइंट राजनीति है? जायज सवाल है, पर इसका जवाब भी इसी सवाल में दे दिया गया है। अगर जवाहर पॉइंट का नामकरण भी राजनीति ही थी तो यह अच्छी राजनीति थी, क्योंकि इसी का नतीजा है कि 15 साल बाद चंद्रयान-3 चांद के उसी दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतारा गया। तो ऐसे में शिवशक्ति पॉइंट के नामकरण में भला क्या आपत्ति हो सकती है? नहीं होती, अगर यही नाम ऐसे किसी पॉइंट का होता जो मानसरोवर के सामने मौजूद कैलाश पर्वत के किसी राज को खोलने के किसी वैज्ञानिक मिशन के लिए वहां के किसी स्थान के लिए रखा जाता। तब शिवशक्ति के नाम के पीछे की एक जायज वजह होती। कैलाश पर्वत पर वास करने संबंधी भगवान शिव की मान्यता के साथ इस नामकरण पर कोई भी आपत्ति खारिज की जा सकती थी। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर शिवशक्ति पाइंट के नामकरण पर तीन आपत्तियां बताई जा सकती हैं। पहली, जिस मिशन के लिए चंद्रयान-3 को वहां भेजा गया था, उसका इस नाम से कुछ लेना-देना नहीं है। दूसरी, इसरो के वैज्ञानिक जिस जिद, जुनून, जज्बे और वैज्ञानिक नजरिए के साथ यह पूरा मिशन संभाल रहे थे, उसमें धर्म वैज्ञानिकों का एक निजी विश्वास जरूर हो सकता है, लेकिन इसे मिशन के दूरदर्शी नतीजों के साथ जबरन जोडऩा कतई फायदेमंद नहीं होगा। उलटे इसके नुकसान जरूर हो सकते हैं। इस पूरे मिशन में जितने भी वैज्ञानिक जुड़े हैं, जरूरी नहीं कि वे सारे हिंदू हों, होने भी नहीं चाहिए। ऐसे में किसी वैज्ञानिक मिशन से जुड़े ऐसे बेहद अहम पाइंट का नाम धर्म विशेष से क्यों रखा जाना चाहिए? तीसरी आपत्ति यह है कि इस नाम को नासा या ईएसए (यूरोपियन स्पेस एजेंसी) जैसी अंतरराष्ट्रीय स्पेस एजेंसियों को किस तरह समझाया जाएगा। आखिर किसी को कैसे बताया जाएगा कि चांद की संरचना को बेहतर ढंग से समझने और उसकी सतह पर मौजूद रासायनिक और प्राकृतिक तत्वों, मिट्टी, पानी आदि पर वैज्ञानिक प्रयोग करने के इस मिशन के बेहद अहम प्वाइंट को केवल हिंदू देवता के नाम पर क्यों रखा गया है? और यह भी कि देश के एक हिंदूवादी संगठन के नेता का यह बयान जब वतन की सीमा पार कर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में जगह बनाएगा कि चांद को हिंदू राष्ट्र घोषित कर देना चाहिए, तब भारत किस मुंह से इस पर सफाई देगा। सच तो यह है ऐसे बयान देने वालों पर कार्रवाई न करने की स्थिति में भारत की धर्मनिरपेक्ष देश से, बीते 9 सालों में हिंदुत्व को बढ़ावा देने वाले देश की छवि और मजबूत होगी।

अब राजनीति प्रदेश, देश और धरती की सीमा पार कर चांद तक पहुंच चुकी है। इसका ताजा उदाहरण है चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद उस प्वाइंट को शिवशक्ति नाम देना। आपका सवाल हो सकता है कि भला इसमें क्या राजनीति हो सकती है। यह तो वैज्ञानिकों और देश के सम्मान के लिए एक प्रतीक के तौर पर दिया गया नाम है। इससे पहले भी 2008 में जब भारत ने पहली बार चांद पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी तो उसे जवाहर पॉइंट नाम दिया गया था। जाहिर है तब कांग्रेस की मनमोहन सरकार थी, ऐसे में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम पर नामकरण किया गया।

## दृष्टिकोण

# आरक्षण की मांग

**महाराष्ट्र** के जालना में पुलिस लाठीचार्ज की घटना के बाद जहां एक बार फिर मराठा आरक्षण की मांग ने जोर पकड़ लिया है, वहीं एकनाथ शिंदे की अगुआई वाली प्रदेश सरकार विरोधियों के निशाने पर आ गई है। INDIA गठबंधन से जुड़ी कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव गुट) और NCP (शरद पवार ग्रुप) जैसी पार्टियां तो सरकार की तीव्र आलोचना करते हुए गृहमंत्री देवेंद्र फड़णवीस का इस्तीफा मांग ही रही हैं, बीजेपी के अंदर से भी पंकजा मुंडे जैसे कुछ नेता खुले रूप में और कई दूसरे नेता दबे-छुपे स्वर में इस प्रकरण पर नाखुशी जाहिर कर चुके हैं। हालांकि सरकार ने जालना जिले में मराठा आरक्षण की मांग के समर्थन में चल रही भूख हड़ताल से निपटने के ढंग को लेकर वहां के SP को जबरन छुट्टी पर भेज दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी भरोसा दिलाया है कि वह मराठा आरक्षण के पक्ष में हैं और जल्दी ही सरकार इस बारे में कोई ठोस कदम उठाएगी। सरकार की ओर से आंदोलनकारियों से संपर्क करके उन्हें समझाने-बुझाने के प्रयास भी चल रहे हैं। लेकिन राज्य में एक बार फिर से गरमा चुके इस मसले को शांत करने में इन सबसे कितनी मदद मिलती है, यह कुछ समय बाद स्पष्ट होगा। असल में यह महाराष्ट्र की राजनीति का एक ऐसा संवेदनशील मसला है, जिस पर कोई भी विरोध में नहीं दिखना चाहता। राज्य की आबादी में 30 फीसदी से ज्यादा की हिस्सेदारी रखने वाला मराठा समुदाय प्रदेश की राजनीति पर भी अच्छी पकड़ रखता है। अब तक महाराष्ट्र के ज्यादातर मुख्यमंत्री मराठा ही रहे हैं। यही वजह है 2018 में जब मराठा आरक्षण के सवाल पर राज्य में बड़ा आंदोलन हुआ तो तकरीबन सभी दलों ने इस मांग का समर्थन किया। नवंबर 2018 में विधानसभा में मराठा आरक्षण बिल पास हुआ, जिसके मुताबिक राज्य की सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थाओं में समुदाय को 16 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था। मगर बाद में इसे कोर्ट में चुनौती दी गई और 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया। इस आरक्षण को लागू करने से राज्य में 50 फीसदी की अधिकतम आरक्षण सीमा का उल्लंघन हो रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि 50 फीसदी की आरक्षण सीमा पर पुनर्विचार करने की जरूरत नहीं है। ऐसे में इस संवेदनशील और भावनात्मक मुद्दे को धैर्य और समझदारी से हैंडल करने की जरूरत है। जालना की घटना इस बात का सबूत है कि पुलिसिया जोर-जबर्दस्ती से हालात और बिगड़ने का ही खतरा है। धीरे-धीरे ही सही, पर समाज के सभी तबकों को यह बात समझने-समझाने की भी जरूरत है कि आरक्षण की नीति से कुछ ज्यादा ही उम्मीदें पाली जाने लगी हैं। सामाजिक संदर्भों में इस नीति की अहमियत भले हो, इसे रोजगार की समस्या का हल मानने वाली सोच हमें शायद ही कहीं ले जा सके।

# पुलिस ने गिरोह के 06 अंतर्राज्यीय अपराधियों को चार दिनों में किया गिरफ्तार

## लाखों के चोरी के सोना चांदी के जेवरात के साथ दो पल्सर मोटरसाइकिल बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** चतरा एसपी राकेश रंजन की बेहतर पुलिसिंग का नतीजा है कि चार दिनों के अंदर अंतर्राजिय झपट्टामार गिरोह का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए छह अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।इस बाबत डीएसपी केदार राम और एसडीपीओ अविनाश कुमार ने संयुक्त रूप से मीडिया को जानकारी साझा करते हुए बताया की जिला में पहली बार झप्पट्टामार गिरोह का मामला प्रकाश में आया है।गिरोह के उद्भेदन के लिए एसआईटी का गठन किया गया। इस टीम में मुख्यालय डीएसपी केदार राम, एसडीपीओ अविनाश कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद पांडे, वशिष्ठ नगर जोरी थाना प्रभारी गुलाम सरवर, हंटरगंज थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाकर झपट्टामार गिरोह के छह अपराधियों को गिरफ्तार करने में पुलिस सफलता प्राप्त की है।आगे बताया गया की 04.सितंबर को दिन में जोरी थाना क्षेत्र के घंघरी चौक के पास माँ भद्रकाली ज्वेलर्स के मालिक संदीप कुमार से झपट्टामार गिरोह के अज्ञात अपराधकर्मियों ने उनके हाथ के झोला में रखे सोना एवं चांदी के जेवरात को झपट कर लेकर भाग गये थे।घटना घटित होने के बाद अविलम्ब काण्ड का उद्भेदन एवं चोरी गये सामान की बरामदगी हेतु लगातार छापा मारी अभियान चलाया गया। गठित टीम के द्वारा सबसे पहले संदेह के आधार पर उड़ीसा राज्य के तीन संदिग्ध अपराधकर्मियों से गहन पुछताछ किया गया। इनलोगों से गहन पूछताछ के क्रम में जानकारी मिली कि उक्त झपटा की घटना का अंजाम इनलोगों के द्वारा ही अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दिया गया है।तत्पश्चात गिरफ्तार तीनों अपराधकर्मियों के निशानदेही पर माँ भद्रकाली ज्वेलर्स के मालिक से झपटा मार कर छीने गयें चांदी करीब 03 किलो 800 ग्राम और सोना करीब 57 ग्राम एवं रंगा करीब 350 ग्राम जो सभी जेवरात थे गया जिला के अतरी थानान्तर्गत बलूआ पहाड़ स्थित स्कूल से जहां पर वे लोग अस्थायी रूप से रह रहे थें बरामद किया गया है। चतरा जिला में किसी अंतर्राज्यी झपटामार गिरोह द्वारा यह पहली घटना अंजाम दिया गया था।जिसे पुलिस गंभीरतापूर्वक लेते हुए गठित टीम के द्वारा गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए झपट्टामार गिरोह के द्वारा छीने गये सभी जेवरात की बरामदगी करते हुए संलिप्त गिरोह के अपराधकर्मीयों को गिरफ्तार भी करा लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों से गहन पुछताछ के क्रम में मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार झपटामार गिरोह के अपराधकर्मी घुम घुम कर पहले घटना को अंजाम देने से पहले रैकी करते हैं। तत्पश्चात घटना के अंजाम देने के बाद पूर्व से रह रहे अपने अस्थायी जगह को भी बदल लेते हैं। इस संबंध में बशिष्ठनगर थाना काण्ड सं0-62/23 द दर्ज कर लिया गया है।

# यह जनता की उम्मीद और स्नेह की जीत है : लाल मोती नाथ शाहदेव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** डुमरी उपचुनाव में जेएमएम प्रत्याशी बेबी देवी की प्रचंड जीत पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह जनता की उम्मीद और प्रेम की जीत है। जनता ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया कि झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन पर जनता पूरी तरह विश्वास करती है। इस जीत के बाद झामुमो कार्यकर्ताओं का उत्साह और अधिक बढ़ गया है। इस चुनाव का दूरगामी परिणाम आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। आने वाले चुनाव में झारखंड के सभी सीटों पर इंडिया के प्रत्याशी भारी मतों से जीतेंगे। जिला अध्यक्ष ने झामुमो सुप्रीमो गुरुजी शिबू सोरेन, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री बेबी देवी समेत झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी शुभचिंतकों को बधाई दी है।

# राज्यसभा सांसद धीरज साहू के आवास में प्रेम रंजन ने किया मुलाकात, की सिमरिया विधान सभा पर चर्चा



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सभा सासंद धीरज साहू के आवास पर प्रेम रंजन ने औपचारिक मुलाक़ात की। मुलाक़ात के बाद सिमरिया विधान सभा पर चर्चा की गयी। चर्चा के दौरान धीरज साहू ने कहा की सिमरिया विधान सभा से काँग्रेस अपना प्रत्याशी उतारेगी। चुकी सिमरिया विधान सभा से हमेशा काँग्रेस चुनाव लड़ते आ रही है। गठबंधन के तहत भी सिमरिया सीट के लिए सहमति बनाई जाएगी। प्रेम रंजन ने मुलाक़ात कर बताया कि सिमरिया विधान सभा क्षेत्र से मुझे काँग्रेस पार्टी से प्रत्याशी के लिए सहमति मिली है।

# डुमरी विधानसभा उप चुनाव में बेबी देवी की जीत पर गठबंधन के नेताओं ने मनाया जश्न

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गिरीडीह जिला के डुमरी विधानसभा उपचुनाव के इण्डिया गठबंधन के प्रत्यासी बेबी देवी की प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज करने पर इण्डिया गठबंधन के मनिका विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के बस स्टैंड स्थित झामुमो, कांग्रेस और राजद के नेताओं ने बम पटाखा फोड़ और लोगों ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत का जश्न मनाया इस दौरान प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविन्द्र राम, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी, राजद प्रखंड अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव, समाजसेवी उमेश प्रसाद, दुखन सिंह, राजद जिला सचिव जगनरायण माली, राजद प्रखंड महासचिव समीउल्लाह अंसारी, अब्दुल मन्नान अंसारी, रणविजय सिंह, बिष्णु राम, सुरेश मिश्रा, राजद उपाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद यादव, अवधेश मेहरा, रविन्द्र पासवान, अरूण सिंह समेत काफी संख्या में इण्डिया गठबंधन के नेताओं ने जीत का जश्न मनाया।

# हाई टेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत, आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत छेंचा के टिकवा टोला में हाई टेंशन की तार की चपेट में आने से गांव के ही युवक अनेश राम उम्र 38 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई जिससे उनके अपनों का रो रोकर बुरा हाल है। जहां अहले सुबह ये खबर चारों ओर फैल गई और राजनीतिक दल के लोगों के साथ सैंकड़ों लोग मौके पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग की लचर व्यवस्था के कारण ऐसी घटनाएं हो रही है, जर्जर हाई टेंशन तार, जर्जर बिजली खंभा, पोल की दूरी, झुलते तार, विभाग के कर्मियों की लापरवाही की वजह से अनेश राम की जान गई है। ऐसे विभाग के लापरवाह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रखंड प्रशासन भी देरी नहीं करते घटना स्थल पर पहुंचे पर संबंधित विभाग के प्रभारी कनीय अभियंता की लेट लतीफी पर ग्रामीणों ने आक्रोश जताते मुआवजे और एक परिजन को नौकरी दिलाने को लेकर अड़े रहे। जहां कनीय अभियंता ने लिखित आश्वासन देते हुए कहा कि प्रक्रिया के अनुरूप अंत्यपरीक्षण जांच के बाद मृतक के परिजन को प्रावधान के मुताबिक पांच लाख रुपए मुआवजा राशि के साथ उनके पत्नी को कैजुअल नौकरी दिया जा सकता है। वहीं लिखित आश्वासन के बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए लातेहार भेजा गया। मौके पर अंचलाधिकारी राकेश सहाय, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह,उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल,युथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास सिंह, मुखिया पति मुन्ना सिंह,उप मुखिया राणा प्रताप सिंह,अनिल राम, झामुमो नेता शशिभूषण तिवारी, मनोज प्रसाद, सुनील कुमार सिंह, यमुना प्रसाद, देव प्रसाद, आंशिक खां, गुलाब खां, तौकीर खां, पूर्व मुखिया पति संजय कुमार सिंह, विकेश सिंह, बालकिशोर साव समेत सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बालूमाथ गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने जेएमएम प्रत्यासी बेबी देवी की जीत की खुशी मनाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** मुख्यालय स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव में बेबी देवी की जीत के खुसी में जम कर खुशियॉ मनाई कार्यकर्ताओं ने जेएमएम कार्यालय से बालूमाथ थाना चौक तक जुलूस निकाल कर अतिसबाजी की तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर व अबीर लगाकर खुशियां बांटा इस मौके पर बालूमाथ जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव ने कहा कि सबसे पहले जनता और मतदाता को हार्दिक जोहर ये प्रेम की जीत है एक बार फिर से यह साबित कर दिया कि झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन पर जनता पूरी तरह विश्वास करती है इस जीत से कार्यकर्ताओं का उत्साह और भी बढ़ गया है इस जीत का परिणाम आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिलेगा ये तो सिर्फ झांकी है 2024 अभी बाकी है ।वही राजद युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक यादव ने कहा कि जिस तरह से आई.इन.डी.या की जीत हूवी है आने वाले चुनाव में झारखंड के सभी सीटों पर आई.इन.डी.या के प्रत्याशी भारी मतों से जीतेंगे इस मौके पर कांग्रेश प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात, जे एम एम नेता प्रदीप गंझू, नागदेव उराँव, मो0 एनामुल, मो0 सनौउलाह, मो0 एजाज, अमित उराँव, कपिलदेव उराँव, संतोष उराँव, रमेश उराँव, रामलाल उराँव, काशिम खान, विजय यादव, कैलास यादव, बाबूलाल राम, बिरमदेव उराँव, संजय उराँव, समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त को दिया आवेदन, डीलर पर दो माह का राशन नही देने का लगाया आरोप

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत बिसनपुर के ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त को आवेदन देकर डीलर द्वारा दो माह का राशन नही देने एवं राशन मांगे जाने पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। दिए गए आवेदन में कहा है की हम सभी ग्राम बिशनपुर, पंचायत मारंगलोया बालूमाथ का निवासी है। डीलर राजकुमार वर्मा के द्वारा जुलाई और अगस्त दो महीने का राशन हम सभी ग्रामीणों को नही दिया गया है। जब हमलोग राशन लेने के लिए जाते है तो उसके द्वारा कहा जाता है कि राशन ऊपर से ही काट के मिला है। हम क्या अपने बाप के यहाँ से दे ये कहते हुवे हम सभी कार्डधारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। आवेदन में जोबन उरांव,राम नरेश उरांव सीतामणी देवी, शकुंतला देवी, मीना देवी, सुनीत सिंह, अमित कुमार वर्मा, अंकित वर्मा, रविंद्र लोहरा, नरेश भगत, मनीषा देवी, संजीत उरांव, विजय भगत, जीवन उरांव, मुनिया मसोमात, बिमला देवी, छोटू सिंह, राजेश यादव समेत दर्जनों ग्रामीण के हस्ताक्षर है।

# बिजली विभाग के लचर व्यवस्था का परिणाम है अनेश राम की मौत : बिरजू राम

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पंचायत छेंचा में हाई टेंशन तार की चपेट में आने से अनेश राम की मौत पर माले जिला सचिव बिरजू राम ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में माले परिवार मृतक अनेश राम के परिवार के साथ खड़ा हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन बच्ची को छोड़ कर हम सबों के बीच से विदा हो गये। उन्होंने कहा अनेश राम के मौत का पूर्ण जिम्मेवार बिजली विभाग बरवाडीह के अधिकारी गण हैं। आज चारों तरफ बिजली की तार की लचर हालत बना हुआ है।

# मुकाबले के जद्दोजहद में आखिरकार जीता इंडिया, कार्यकर्ताओं में उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** झारखंड के गिरिडीह डुमरी विधानसभा उपचुनाव में कड़ी मुकाबले के बीच आखिरकार इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी दिवंगत शिक्षा मंत्री रहे जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी अपने निकटतम एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी को लगभग 13500 मतों से पराजित किया। हालांकि एनडीए प्रत्याशी मत गिनती के 14 वें राउंड में 312 मतों से आगे चल रही थी।इस मौके पर बरवाडीह प्रखंड के इंडिया गठबंधन कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। जहां जीत की खुशी में कार्यकर्ताओं ने बम पटाखे फोड़े, मिठाइयां बांटते खुशी का इजहार किया। मौके पर बीस सुत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि ये हमारे गठबंधन की बड़ी जीत है। आगामी लोकसभा, विधानसभा में भी हम एक होकर चुनावी भंवर को पार कर जीत हासिल करेंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, रविन्द्र राम, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी, अवधेश मेहरा, वरिष्ठ नेता सुरेश मिश्रा, मनान अंसारी, राजद प्रखंड अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव, नाजमी अंसारी गुड्डू एस सी मोर्चा के अध्यक्ष रवींद्र पासवान समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चतरा जिला में फायरिंग रेंज किसी भी हालत में बनने नही दिया जाएगा : सत्यानन्द भोगता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोगता ने शुक्रवार को कान्हाचट्टी प्रखंड के ग्राम जमरीबक्सपूरा में स्थानीय मुखिया आफताब आलम के नेतृत्व में आयोजित फील्ड फायरिंग रेंज प्रतिरोध जनसभा में शामिल हुए। मंत्री भोगता ने उपस्थित जनसमूह को आश्वस्त किया कि चतरा जिले में फील्ड फायरिंग रेंज नहीं बनने दिया जाएगा। बता दें कि जिले के जमरी बक्सपुरा गाँव के अलावे दर्जनों गाँव के लोग एकत्रित होकर फायरिंग रेंज बनाने को लेकर इसका जम कर विरोध कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि यदि हमारे यहां फायरिंग रेंज बनेगा तो हमलोग खतियानी हैं कहां जाएंगे। इस लिए हम लोग किसी हालत में यह अपना माटी नहीं छोड़ेंगे। जनसभा में राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, प्रदेश सचिव रेशमी प्रकाश, प्रदेश सचिव भोली साहू, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, समाजसेवी शंकर सिंह समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

# मुहर्रम चालीसवां के मौके पर शानदार कव्वाली महा मुकाबला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** मुहर्रम पर्व चालीसवां के मौके पर बेतला नेशनल पार्क से सटे बेतला कर्बला परिसर में गुरुवार देर रात बेतला मुहर्रम इंतेज़ामिया के फलक कमिटी के द्वारा शानदार कव्वाली मुकाबला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मनिका विधान सभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने फिता काट कर उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में बिहार के मशहूर कव्वाल शाहरूख साबरी और उत्तर प्रदेश मुरादाबाद के सनम वारसी के बीच महामुकाबला का आगाज किया गया। बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र समेत कई अन्य जगहों से काफी संख्या में कव्वाली मुकाबला देखने के लिए भीड़ देखने को मिला जिसमें मौसम ख़राब रहने के बावजूद भी पुरा हर्षोल्लास और उत्साह पूर्वक क्षेत्र से काफी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी ?। साथ ही वहां पहुंच अकीदतमंद कर्बला परिसर में चादरपोशी और फातेहा खानी भी की गई। वहीं कव्वाल सनम वारसी ने कहां कि सच बता तेरे हाथों में क्या है।सब तो प्रवर दिगार करते हैं। इसके साथ ही सभी कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कव्वाली सुन कर झुम उठा इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं कव्वाली देखने के लिए बुढ्ढे बच्चे बच्चियां महिला पुरुष की उपस्थिति हुई।

# डुमरी उपचुनाव में अहंकार की हुई पराजय डुमरी के लोग जीते : रामभरोस यादव



**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मयूरहंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव ने डुमरी विधानसभा के उपचुनाव पर कहा झारखंड के डुमरी में उदारवाद की जीत हुयी है और अहंकार की पराजय हुआ है। रामभरोस यादव ने प्रभात मंत्र से कहा कि भाजपा को डर का आभास था इसलिए आजसु को चुनावी मैदान में उतारा और इतना ही नहीं इन्होंने दो कुर्मी को आपस में लडाने का काम किया आज भी बीजेपी अंग्रेजों की नीति पर चलती है। फूट डालो और राज करो के तर्ज पर शासन करती है। झारखंड के लोग भलीभांति इस बात को समझते हैं आने वाले वर्ष 2024 के चुनाव में झारखंड से बीजेपी का सफाया होना तय है। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री यादव ने कहा कि डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा नहीं बल्कि डुमरी विधानसभा के दबे कुचले गरीब गुरबा के लोग इस चुनाव को जीते हैं।

# डुमरी में महागठबंधन कि जीत पर पुरे लातेहार जिले में महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड के डुमरी विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी की जीत पर झामुमो और कांग्रेस के नेताओं के द्वारा झामुमो कार्यालय लातेहार में लड्डू खिलाकर और अबीर गुलाल लगाकर जीत का जश्न मनाया गया।साथ ही शिबू सोरेन जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, बेबी देवी जिंदाबाद, इंडिया गठबंधन जिंदाबाद आदी नारे लगाए गए। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, झामुमो के माणिक गंझू विश्वनाथ प्रसाद, पवल एक्का, एहसान अंसारी, अशोक कुमार पांडे, मोहन भुइयाँ, मनोज चौधरी, गोपाल सिंह, विकास कुमार, मारूफ अंसारी, जाफर हुसैन, सुनैना कुमारी, इनायत करीम, रेखा देवी, रसीद रिजवी व नवीव अंसारी आदी मौजूद रहे।वहीं मनिका से इंडिया महागठबंधन के सभी नेताओं ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाया और पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई। एवं इंडिया महागठबंधन जिंदाबाद कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद राष्ट्रीय जनता दल जिंदाबाद लालू प्रसाद यादव जिंदाबाद राहुल गांधी जिंदाबाद सोनिया गांधी जिंदाबाद तेजस्वी प्रसाद यादव जिंदाबाद हेमंत सोरेन जिंदाबाद बेबी देवी जिंदाबाद स्वर्गीय जगन्नाथ महतो अमर रहे के नारे लगाते हुए, मनिका थाना चौक से पचफेड़ी तक रैली निकाली गई। उक्त कार्यक्रम में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा की आने वाला दिन इंडिया महागठबंधन पूरे देश में परचम लहराए देश के प्रधानमंत्री राहुल गांधी को बनाएंगे। झामुमो नेता सह जिला परिषद पश्चिमी बलवंत सिंह जेएमएम युवा अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान समाज अख्तर अंसारी पूर्व मुखिया संजय सिंह सरजू यादव अरविंद यादव मोहन ठाकुर इदरीस अंसारी विशाल पासवान अमरदीप पासवान केश्वर भुइयां अजय यादव, संदीप, ज्ञानचंद पासवान सुरेंद्र यादव तस्लीम अंसारी आदि मौजूद थे

# जनता दल को मजबूती के साथ विस्तार करने के लिए बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार को दानापुर विद्यालय के सामने राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड प्रभारी श्री सुभाष यादव के उपस्थिति में एक बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ यादव व संचालन 20 सूत्री अध्यक्ष विकास कुमार यादव के द्वारा किया गया। जिसमें राष्ट्रीय जनता दल पार्टी के विस्तार हेतु विचार विमर्श करते हुए आने वाला लोकसभा/ विधानसभा चुनाव में राजद पार्टी को पत्थलगड्डा प्रखंड में अधिक से अधिक सदस्य बनाना साथ ही पत्थलगड्डा प्रखंड में सभी प्रकोष्ठ के दायित्व का चयन करना और पत्थलगड्डा प्रखंड के सभी बूथों में बूथ कमेटी तैयार कर माननीय लालू प्रसाद यादव राष्ट्रीय जनता दल के विचारधारा को प्रखंड के जन-जन तक पहुंचाना है। ताकि आने वाले लोकसभा/ विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूत कर तरीके से जीत हासिल करें। बैठक में जितेंद्र दांगी, झमन दांगी, रामसेवक दांगी, दुलारचंद यादव, हरिनाथ यादव, सत्येंद्र यादव, सुभाष गिरी व सैकड़ों राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डुमरी उपचुनाव जीत के बाद झामुमों ने मनाया जश्न, बांटी मिठाइयां, फोड़े बम पटाखे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के झामुमो कार्यकर्ताओं ने डुमरी उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी के जीत की घोषणा होने के बाद शुक्रवार को सिमरिया सुभाष चौक पर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने झामुमो प्रत्याशी की जीत के जश्न में झामुमो व महागठबंधन जिंदाबाद, शिबुसोरेन जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, सोनिया, राहुल जिंदाबाद के नारे लगाए और डुमरी विधानसभा की जनता के प्रति आभार जताया। ततपश्चात कार्यकर्ताओं ने जीत के जश्न में मिठाइयां बांटे और पटाखे छोड़े।कार्यकर्ताओं ने बताया कि राज्य में महागठबंधन की मजबूत और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का परिणाम ही डुमरी उपचुनाव में जीत हासिल हुई है। मौके पर झामुमो नेता मालेश्वर प्रसाद साहू, भूपेंद्र ठाकुर, पूरन राम, इकरामुल हक, मनोज चंद्रा, गिरधारी यादव, अलोक रंजन, नेमधारी महतो, बिनोद महतो, धरम महतो सहित महागठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# क्षेत्र को सुखाड़ घोषित करने की मांग को लेकर मुखिया संघ की बैठक की गई



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा जिले को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर मुखिया संघ की एक बैठक शुक्रवार को किसान भवन में की गयी। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष विनोद महतो ने की। बैठक में संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि चतरा जिले को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने और फायरिंग रेंज को रद्द करने की मांग को लेकर मुखिया सिंह आंदोलन करेगा। जिसके लिए आगामी 15 सितंबर को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। बैठक में कहा गया कि बारिश नहीं होने के कारण पूरा जिला सुखाड़ की चपेट में है। ऐसे में चतरा जिले को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर तत्काल राहत कार्य चलाने की आवश्यकता है। बैठक में जिले में फायरिंग रेंज की स्थापना की भी आलोचना की गई। कहा गया कि इससे काफी गांव प्रभावित होंगे और उनकी रोजी-रोटी छीन जाएगी। इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। बैठक में विभिन्न पंचायतों के मुखिया और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जिरुआ खुर्द के कार्डधारियों ने नहीं लिया अनाज उपायुक्त से की शिकायत

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जिरुआ खुर्द के कार्डधारियों ने अगस्त माह का अनाज लेने से इंकार कर दिया है। कार्डधारियों का कहना है कि डीलर सरिता देवी आधा अनाज दे रही है और पुरा पर अंगूठा लगवा रही है। इस बाबत कार्डधारियों ने मुखिया मनोरंजन सिंह से पुष्टि कराकर एक आवेदन उपायुक्त को दिया है और कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कार्डधारियों ने कहा है कि डीलर हमारा हक अधिकार छीन रही है जो हम सबको मंजूर नहीं है। हम किसी भी हाल में आधा अनाज नहीं लेंगे। कार्डधारियों ने उपायुक्त से पुरा अनाज दिलवाने का अनुरोध किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्रकार को मातृशोक

**हजारीबाग :** हजारीबाग के पत्रकार राहुल कुमार की मां आशा देवी ( 52 ) का गुरुवार देर रात रिम्स में निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार वह अपने घर के छत से गिरकर जख्मी हो गई। उन्हें आनन फानन में हजारीबाग अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स में देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। बताया गया कि पैतृक गांव चतरा जिला के पत्थलगड्डा प्रखंड के नावाडीह बाजोबार ले जाया गया। जहां बुद्ध नदी पर पुत्र राहुल कुमार ने मुखाग्नि दी। आशा देवी के निधन से पूरे प्रखंड में शोक की लहर है। इधर इनके निधन से हजारीबाग के पत्रकारों ने गहरा दुःख प्रकट किया है।

### संकल्प यात्रा की तैयारी पूरी,जुटेंगे सैकड़ों कार्यकर्ता

**हजारीबाग :** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा के दौरान हजारी बाग- सदर विधानसभा में आम सभा जिला स्कूल प्लस टू के मैदान एवं बड़कागांव विधानसभा में भुरकुंडा रिवर साइड के मैदान में आम सभा किया जाना है।इस बाबत भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा , जिला मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद तथा बड़कागांव पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो कमर कस चुके हैं।इस यात्रा का स्वागत भारत माता चौक पर किया जाएगा और वहां से हजारों मोटरसाइकिल जत्थे के साथ सभा स्थल तक श्री मरांडी को लाने की व्यवस्था की गई है।वहीं भुरकुंडा में मतकमा चौक से स्वागत करने की तैयारी की गई है।

### संस्कार भारती द्वारा श्री कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन 10 को

**हजारीबाग :** जन्माष्टमी के अवसर पर संस्कार भारती द्वारा श्री कृष्णा बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन 10 सितंबर दिन रविवार को स्थानीय नगर भवन में किया जाएगा। आपको बताते चले कि प्रतियोगिता दो आयु वर्ग में आयोजित की जाएगी। जिसमे शिशु वर्ग जिसमें 0 से 3 वर्ष तक जिसका समय 11ः00 बजे से साढ़े 12ः00 तक वही बाल वर्ग जिसकी उम्र होगी 3 से 6 वर्ष तक जिसका समय है। कार्यक्रम को लेकर छोटे-छोटे बच्चों में काफी उत्साह उमंग देखा जा रहा है! वही कार्यक्रम को सफल करने में सभी पदाधिकारी व सदस्य लगे हैं।

### विष्णुगढ़ झामुमो कार्यकर्ताओं ने डुमरी उपचुनाव की जीत पर मनाया जश्न, बाटी मिठाइयां

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ बैंक ऑफ इंडिया के बगल में झामुमो कार्यकर्ताओ ने डुमरी उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी की जीत जमकर आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।डुमरी उपचुनाव की जीत पर बीस सूत्री सदस्य संजय कुमार प्रजापति ने कहा आज उत्सव है,डुमरी की जनता ने आज टाइगर जगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। इस जीत की पहली हकदार डुमरी की जनता है,इसके सबसे पहले डुमरी की जनता को धन्यवाद।इस मौके पर मुख्य रूप से सुनील कुमार सिंह, शंकर महतो, प्रभु हांसदा, छत्रु हांसदा, अनन्तलाल महतो, मोहन महतो, हेमंत कुमार राणा, किशोरी महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़ :** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जिले आकर्ष इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल बाजार टाड़, रामगढ़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी रामगढ़ कुमारी नीलम एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी खुशबू कुमारी ने लिया हिस्सा। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम आकर्ष इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापिका दीपा वर्मा ने बुके देकर एवं शॉल ओढ़ाकर अतिथियों को सम्मानित किया, जिसके उपरांत आकर्ष इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्कूली बच्चों ने लोगों का मन मोह लिया।वहीं कार्यक्रम के उपरांत जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने कहा कि पढ़ने व सिखने की कोई उम्र नहीं होती है ।

## राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जागरुकता व स्वास्थ्य समृद्धि वाहन को हरी झंडी दिखाकर उपायुक्त ने किया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** केंद्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत पूरे देश में 1 सितंबर 2023 से 30 सितंबर 2023 तक की अवधि को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जागरूकता वाहन एवं स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत संचालित वाहन को हरी झंडी दिखाकर उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर से रवाना किया।मौके पर उपायुक्त ने जागरूकता वाहन एवं स्वास्थ्य समृद्धि वाहन के माध्यम से राष्ट्रीय पोषण माह के तहत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कनक तिर्की से ली। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा उपायुक्त को जागरूकता वाहन के रोस्टर की विस्तृत जानकारी दी गई वहीं स्वास्थ्य समृद्धि वाहन के माध्यम से पतरातू प्रखंड अंतर्गत बिचा पंचायत में लगाए जाने वाले कुपोषण उन्मूलन शिविर की भी जानकारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा दी गई। राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत विशेष पहल के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के घरों के आसपास न्यूट्री किचन गार्डन स्थापित करने को लेकर किए जा रहे बीज वितरण की जानकारी देते हुए जिला



समाज कल्याण पदाधिकारी ने उपायुक्त को बताया कि स्वास्थ्य समृद्धि वाहन के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों व लोगों को अपने घरों के आसपास न्यूट्री किचन गार्डन स्थापित करने हेतु प्रेरित किया जाएगा वहीं इसके माध्यम से उन्हें होने वाले फायदे को लेकर भी जागरूक करने का कार्य किया जाएगा वहीं स्वास्थ्य समृद्धि वाहन द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को हरी पत्तेदार सब्जियां, यथा साग, भिंडी, फ्रेंच बीन आदि के बीच का वितरण भी किया जाएगा। इस दौरान सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर स्वराज, चिकित्सक डॉक्टर शशी भूषण खलको, राजकुमारी फाउंडेशन के कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## बाबूलाल की संकल्प यात्रा की व्यापक तैयारी जिला स्कूल मैदान में



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सूबे के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में संकल्प यात्रा और जनसभा कर रहें हैं। पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी हजारीबाग पहुंचेंगे। हजारीबाग के झील रोड़ स्थित जिला स्कूल मैदान में उनकी जनसभा होगी। जहां झारखंड में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर बाबूलाल मरांडी गूंजेंगे तो वहीं बीजेपी कार्यकर्ता इसके लिए गोलबंद होंगे एवं जनता के साथ संकल्प लेंगे और वर्तमान झारखंड की गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंक कर झारखंड के भविष्य को स्वर्णिम बनाने की दिशा में सकारात्मक प्रयास और कार्य में जुटेंगे । भाजपा के संकल्प यात्रा और जनसभा को लेकर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह पहला संगठनात्मक कार्यक्रम है और इसे हजारीबाग विधानसभा में ऐतिहासिक बनाने की पूरी तैयारी है। उन्होंने बताया की इस संकल्प यात्रा और जनसभा के माध्यम से झारखंड की वर्तमान सडी- गली सरकार को उखाड़ फेंकने और झारखंड के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण के लिए लोग संकल्प लेंगे।

## गांधी घाट रामगढ़ को पर्यटन क्षेत्र के लिए विकसित करने को लेकर उपायुक्त ने किया स्थल निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** नमामि गंगे योजना के तहत रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक स्थित गांधी घाट को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान में रामगढ़ शहरी क्षेत्र में ऐसा कोई भी स्थल नहीं है जहां की लोग शांत वातावरण में परिवार संग समय व्यतीत कर सकें वहीं शहर में मनोरंजन के संसाधनों का भी अभाव है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा नमामि गंगे योजना के तहत शहर के थाना चौक स्थित दामोदर नदी घाट को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने का निर्णय लिया गया है।योजना के मुताबिक गांधी घाट को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा जिसमें प्रथम चरण में घाट की साफ सफाई व सीढ़ियों के निर्माण सहित सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा जिसके उपरांत बनारस की तर्ज पर रामगढ़ शहर के दामोदर नदी घाट पर भी शाम के वक्त आरती कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्य पूरा होने के उपरांत बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे वहीं शहर के करीब होने के कारण बड़ी संख्या में लोगों को एक स्थल पर एकत्रित होकर समय बिताने का अवसर प्राप्त होगा। इसके साथ ही घाट पर विभिन्न प्रकार के बाजारों को भी विकसित किया जाएगा। बच्चों के लिए भी घाट पर विभिन्न खेलकूद के उपकरण लगाए जाएंगे। घाट पर पर्यटक बोटिंग, वॉकिंग स्ट्रेच आदि का भी आनंद ले पाएंगे।

## खेलो झारखंड के तहत तीन दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय खेलो का का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय में शुक्रवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा खेलो झारखंड के तहत तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय एथलीट, वॉलीबॉल, कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी, प्रमुख जैबुन निशा, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, प्रधानाध्यापक फणीश्वर महतो, बीपीएम कुणाल कुमार, बीआरपी जलेश्वर प्रसाद के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि खेल से खिलाड़ियों का शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। प्रमुख ने कहा कि खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर नौकरी प्राप्त की जा सकती है।

## कृषि मंत्री को चौदह सूत्री मांग पत्र सौंपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा(हजारीबाग):** माननीय कृषि व पशुपालन मंत्री झारखंड सरकार बादल पत्रलेख से रांची स्थित राजकीय अतिथिशाला में पूर्व विधायक बरकट्ठा जानकी प्रसाद यादव के नेतृत्व में विधानसभा स्तरीय प्रतिनिधिमंडल मिलकर चौदह सूत्री मांग पत्र सौंपा.पत्र के माध्यम से मंत्री को पूर्व विधायक यादव ने अवगत कराते हुए कहा कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे झारखंड प्रदेश में रिकॉर्ड तोड़ अकाल दर्ज की जा रही हैं.वर्षा न होने के कारण पानी के अभाव में नदी, नाले,कुंआ,चैकडैम और तालाब सभी सुख गए हैं.बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र कृषि पर आत्मनिर्भर क्षेत्र हैं.भदई फसल,मडुआ,मकई,कोदो, गोंदली,घंघरी,बरई आदि निकला ही नहीं जो बरकट्ठा विधानसभा का महत्वपूर्ण फसल है.इसलिए भयंकर अकाल की स्थिति पूरे झारखंड के साथ पूरे बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र पूरा कृषि पर आधारित है और जो किसानों के पास पूंजी थी.किसानों की वह भी पूरी



तरह से बिचडा लगाने में बर्बाद हो चुका है. फसल बचाने की उम्मीद समाप्त हो चुकी है किसान पूरी तरह से हताश व निराशा में हैं.आकाल सहित अन्य माँग पर विस्तृत रूप से चर्चा माननीय मंत्री के साथ किया गया.इन्हीं सब सवालों को लेकर 14 सितंबर 2023 को चौदह सूत्री मांगों को लेकर किसान हल्ला बोल आंदोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड सह अंचल कार्यालय,बरकट्ठा में करने की बात कहीइस पर माननीय मंत्री श्री बादल पत्रलेख ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि आप सबों का माँग जायज है।

## प्रगति के पथ पर आने वाली हर बाधाओं को पार करेगा फाउंडेशन : मंजीत यादव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन का धार्मिक आयोजनों पर महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम निरंतर जारी है, इसी आलोक में गुरुवार को यादव धर्मशाला बरही मैं भगवान श्री कृष्ण के भक्तों के बीच 101 किलो दूध का किया वितरण। कार्यक्रम का शुभारंभ एक संकल्प के साथ दूध पियो शराब छोड़ो का नारा दिया गया तत्पश्चात यादव धर्मशाला बरही के अध्यक्ष समाजसेवी युगल यादव ने कृष्ण भक्तों के बीच दूध वितरण शुरू किया जहां सामाजिक राजनीतिक धार्मिक जगत से जुड़े लोगों के साथ सैकड़ो की संख्या में कृष्ण भक्त उपस्थित थे। दूध वितरण कार्यक्रम यमुना यादव की अध्यक्षता में युवा नेता मनोहर यादव ने विधि व्यवस्था का कमान स्वयं संभाल रखी थी।

## आउटडोर गेम को दिनचर्या का अनिवार्य भाग बनाएं : प्रो. शाहनवाज खान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** बुद्धिजीवी मंच ने दाड़ीदाग ग्राम में जागरुकता अभियान चलाते हुए दाड़ीदाग के युवाओं की बैठक कर शिक्षा और खेल-कूद के महत्व को बताया। खेल-कूद में विशेष कर आउटडोर गेम्स का क्या महत्व है इस पर प्रकाश डाला गया। मुख्य वक्ता के तौर पर बुद्धिजीवी मंच के सचिव प्रो शाहनवाज खान ने कहा कि आजकल के बच्चे अपना ज्यादा समय घर में मोबाइल फोन या अन्य गैजेट्स के साथ बिताना पसंद करते हैं लेकिन टीवी पर कार्टून देखना या कई घंटों तक मोबाइल



फोन का उपयोग करने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। दूसरी बात यह है कि पढ़ाई के साथ आउटडोर गेम खेलने से शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर ढंग से होता है। उन्होंने कहा कि आउटडोर गेम को दिनचर्या का अनिवार्य भाग बनाएं तब आपका स्वास्थ्य और स्वास्थ्य से जीवन सुखमय हो सकता है। सह सचिव मदन दांगी ने कहा कि बुद्धिजीवी मंच शिक्षा के साथ स्वास्थ्य के लिए पहलकदमी लेने की शुरुआत किया है। संगठन सचिव कवियित्री देवी ने कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य के महत्व को अगर हम समझ गए तो हमारा जीवन अवश्य सफल होगा। वरिष्ठ सदस्या निशा परवीन ने कहा कि बुद्धिजीवी मंच से जुड़े ताकि आपको शिक्षा स्वास्थ्य के प्रति मारदर्शन मिल सकें। वरिष्ठ सदस्य नरेश प्रजापति ने कहा कि शिक्षा ही विकास की धुरी है और समाज में प्रतिष्ठा का आधार है।

## गुरु नानक पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्कूल की लाइब्रेरी में आयोजित किया गया था जिसमें कक्षा 3 के छोटे बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कक्षा 3 के सभी छात्रों ने विभिन्न किताबें पढ़ीं जिससे उनकी शब्दावली और संचार कौशल में सुधार हुआ। वे खुशी-खुशी विभिन्न कहानियों की किताबें भी पढ़ते हैं। कक्षा में उनके लिए बुकमार्क बनाने की गतिविधि का आयोजन किया गया। बच्चों ने किताबें पढ़ने पर नज़र रखने में मदद के लिए अपने लिए रंगीन और जीवंत बुकमार्क बनाए।विद्यालय के प्रधानाचार्य हरजाप सिंह ने अपने प्रेरक शब्दों से उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों को विज्ञान कथा से संबंधित कुछ दिलचस्प किताबों के बारे में भी सुझाव दिया।

## गुलमोहर के संस्थापक की प्रतिमा का हुआ अनावरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** गुलमोहर इंटर महाविद्यालय का प्रांगण गुरुवार को साक्षी बना इस संस्थान के संस्थापक स्व फूलचंद मेहता की प्रतिमा के अनावरण का।उनकी द्वितीय पुण्यतिथि के मौके पर गुलमोहर परिवार के सभी सदस्य स्कूल और एआईपीएस के सभी शिक्षक एवं कर्मी गण उपस्थित थे ।इस आयोजन में आनंद देव पूर्व महापौर,भैया अभिमन्यु प्रसाद समाजसेवी मुन्ना सिंह, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, बटेश्वर मेहता सहित अन्य समाजसेवी उपस्थित हुए। प्रतिमा अनावरण स्व फूलचंद मेहता की धर्मपत्नी नीता मेहता के द्वारा किया गया।तत्पश्चात उपस्थित सभी सभी अतिथियों द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम मेंगुलमोहर संस्थान के सचिव संजय कुमार प्राचार्य इंटर महाविद्यालय अजय कुमार, ए आईपीएस के डायरेक्टर विजय कुमार, गुलमोहर पब्लिक स्कूल की प्राचार्य विद्या बख्शी समेत गुलमोहर परिवार के गणमान्य उपस्थित थे।

## डुमरी उपचुनाव की जीत ने साबित किया झारखंड में भाजपा की नही चलेगी : जदयू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता ने डुमरी उप-चुनाव में आईएनडीआई0ए गठबंधन प्रत्याशी झामुमो के दिवंगत नेता स्व0जगरनाथ महतो(टाइगर) की धर्मपत्नी बेबी देवी ने डुमरी उपचुनाव में जीत हासिल की इसके लिए उन्हें हार्दिक बधाई।साथ ही उन्होंने कहा कि डुमरी उप-चुनाव ने साबित किया कि एनडीए के साथ जनता नही खड़ी ,जनता ने साफ संदेश देते हुए आई0एन0डी0आई 0ए गठबंधन प्रत्याशी झामुमो बेबी देवी की जीत पर बटन दबाया है।इससे साबित होता है,झारखंड में बदलाव नही,देश मे बदलाव की जरूरत है।देश की जनता धीरे-धीरे इस बात को समझ चुकी है।महंगाई से त्रस्त जनता ने प्रधानमंत्री मोदी को साफ संदेश दिया है।

## बरही की जनता का हूं चौकीदार, क्षेत्र का विकास हमारी पहली प्राथमिकता : उमाशंकर अकेला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने बरही प्रखंड के भंडारों पंचायत अंतर्गत धोबियापहरी आरईओ रोड से पाण्डेय टोला तक दो किलोमीटर सड़क का शिलान्यास किया। विधायक के साथ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, भाजपा वरिष्ठ नेता अम्बिका सिंह, मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव, मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, 20 सूत्री सदस्य मीना देवी मुख्य रूप से शामिल



हुए। विधायक अकेला समेत सभी अतिथियों ने शिलापट्ट का अनावरण करते हुए नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। जिसके बाद विधायक का ग्रामीणों ने माला पहनाकर व बुके देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि आजादी के दशकों बाद भी यह सड़क का शिलान्यास नही हो पाया। सड़क नही बनने से यहां की माता बहनों को काफी परेशानी होती थी। जिसके बाद उन्होंने डीएमएफटी मद से यह सड़क बनाने की मांग रखी। सांसद हजारीबाग के सहयोग से इस सड़क का शिलान्यास हो रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण प्राक्कलित राशि एक करोड़ 98 लाख रुपया है। उन्होंने कहा कि बरही विधानसभा की राजनीति में आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है लेकिन वह विकास की राजनीति शुरू से करते आए है।

## बेबी देवी की जीत है, अगले चुनाव में सफलता का संदेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने डुमरी विधानसभा के उपचुनाव विजेता विधायक बेबी देवी को बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार पूर्व विधायक जगन्नाथ महतो ने अपने विधानसभा क्षेत्र में कार्य किया, उसका परिणाम जनता ने बेबी देवी को दिया। डुमरी विधानसभा की जनता बधाई की पात्र हैं जिन्होंने अपना विधायक चुना और किसी के बहकावे में ना आकर अपने का सही प्रयोग किया। बधाई देने वालों में चांद खान, निजाम अंसारी, महेंद्र राम, अधिवक्ता शंभू कुमार, अजीम अंसारी, मजीद अंसारी, ईश्वर मेहता, स्वदेशी पासवान, कृष्ण कुमार सहित अन्य शामिल थें।

### पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कोरियाडीह में जागरण मंच का किया उद्घाटन, खूब झूमे श्रद्धालु

## दैनिक कार्यो से समय निकालकर भगवान की भक्ति में भी समय लगाना चाहिए : मनोज यादव

### माता रानी का जागरण सभी के लिए कल्याणकारी हो : राजेन्द्र प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड स्थित कोरियाडीह के बड़की अडवार में हरि अखंड कीर्तन के समापन के बाद माता रानी का जागरण का आयोजन किया गया। जागरण का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव,स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहित के जिला महामंत्री गुरुदेव गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वही अखंड हरि कीर्तन पूजा समिति कोरियाडीह के द्वारा पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, डोमन पाण्डेय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, गुरुदेव गुप्ता, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता



विनोद कुशवाहा, सुरेश प्रसाद कुशवाहा, अजय कुमार कुशवाहा, नरेश कुमार, ब्रह्मदेव यादव, जवाहर प्रसाद, टोकलाल प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, दामोदर प्रसाद वर्मा, मनोज कुमार, महेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार, रामजी प्रसाद अन्य सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वही मौके पर मनोज यादव ने कहा कि मनुष्य को अपनी दैनिक कार्यो से समय निकालकर भगवान की भक्ति में भी समय लगाना चाहिए। इसी से उसके जीवन का कल्याण संभव है। जब हम दरबार में या जागरण में जाते हैं तो एक अलग ही प्रकार की सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति होती है। माता रानी सभी का कल्याण करती है। मां मन चाहा वर देती हैं एवं नकारात्मक उर्जा से छुटकारा भी दिलाती हैं। वही मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने माता जागरण में आए कलाकारों, अतिथियों एवं क्षेत्र वासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह माता रानी का जागरण सभी के लिए कल्याणकारी सिद्ध हो ऐसी कामना करते हैं।

## बेबी देवी के विजयी होने पर बड़कागांव में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** झारखंड प्रदेश के डुमरी विधानसभा उपचुनाव में भूतपूर्व मंत्री जगन्नाथ महतो की पत्नी इंडिया गठबंधन झामुमो की प्रत्यासी बेबी देवी ने एनडीए गठबंधन आजसू की प्रत्यासी यशोदा देवी को हरा कर शानदार जीत हासिल की।बेबी देवी के जीत पर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने जम कर जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर व दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई तथा डुमरी विधानसभा के जनता को बधाई दी। मौके पर झामुमो मुख्य संयोजक संजय सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस नेता हाजी तबस्सुम, कांग्रेस जिला महासचिव पंकज गुप्ता, मुखिया



इलियास अंसारी, संजय भुईया, सफीउल्लाह अंसारी, गुड्डू राम, मुखिया करम राम, मुजफ्फर अली, संजय भुईयां, नंदकिशोर भुईयां, विशेश्वर राम, पवन तुरी, राकेश मिश्रा, सीकरी पंचायत अध्यक्ष प्रयाग महतो, मोहम्मद सफीक, कोषाध्यक्ष ईश्वरी पासवान, दिलीप कुमार, बालेश्वर महतो, उपेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, रविंद्र कुमार, अशोक कुमार, प्रभु महतो, प्रदीप प्रभाकर ,मोहम्मद हेसाम, बालेश्वर महतो, मुंशी महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## जहर खाने के बाद गंभीर अवस्था में इलाज के लिए रांची ले जा रहा एंबुलेंस कुजू घाटी में ट्रक से टकराया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जहर खाई महिला सहित उसके घर वालों को हजारीबाग से रांची रिम्स ले जा रहा एक एंबुलेंस शुक्रवार को कुजू ओपी क्षेत्र के कोरिया घाटी मोड़ पर विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से जा टकराया। इस घटना में एम्बुलेंस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जहर खाई महिला जिसे ऑक्सीजन के साथ रांची ले जाया जा रहा था सहित उसके अन्य पांच रिश्तेदार भी एंबुलेंस में बुरी तरह से फंस गए। मामले की जानकारी मिलने के बाद कुज्जू ओपी प्रभारी विनय कुमार के निर्देश पर पुलिस अवर निरीक्षक सुमित पांडे, सहायक अवर निरीक्षक सुजीत सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। उक्त दोनों पुलिस पदाधिकारियों द्वारा मौजूद लोगों की मदद से एंबुलेंस में पड़े विषपान महिला सहित तीन अन्य लोगों को बाहर निकाला गया। परंतु एंबुलेंस चालक वह अगले सीट पर बैठे एक अन्य व्यक्ति लहूलुहान गाड़ी में बुरी तरह फंसे थे। एंबुलेंस के दोनों गेट को तोड़कर उन्हें भी बाहर निकाला गया। सभी घायलों को अलग-अलग वाहनों पर लात कर रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा गया। जहां तीन लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में यह सभी हुए हैं घायलसड़क दुर्घटना में शांति देवी 50 वर्ष पति कैलाश गंझू, कोरचा चतरा जिला निवासी, जिरवा देवी पति भुवनेश्वर सिंह भोक्ता, सूरज सिंह भोक्ता पिता बुधन सिंह भोक्ता, भुवनेश्वर सिंह भोक्ता, पिता भदौरी सिंह भोक्ता तथा एंबुलेंस चालक मदन पंडित बुरी तरह घायल हुए हैं।बताया जाता है कि रांची पहुंचने पर जहर खाई महिला जिरवा देवी पति भुवनेश्वर सिंह भोक्ता तथा एंबुलेंस चालक मदन पंडित की मौत हो गई। हालांकि एंबुलेंस चालक की मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। लेकिन जिस वाहन से रांची भेजा गया था, उसके चालक के अनुसार एंबुलेंस चालक की भी मौत हो गई है।

## जिले में कृषक पाठशाला के निर्माण को लेकर उपायुक्त ने किया कैथा क्षेत्र का निरीक्षण

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में रामगढ़ जिले में कृषक पाठशाला का निर्माण किया जाना है। इसी संबंध में शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने रामगढ़ शहर अंतर्गत कैथा क्षेत्र में चिह्नित भूमि का स्थल निरीक्षण किया।मौके पर उपायुक्त को जानकारी दी गई की कैथा क्षेत्र में लगभग 25 एकड़ भूमि पर कृषक पाठशाला का निर्माण किया जाना है। कृषक पाठशाला का निर्माण होने के उपरांत जिले में इंटीग्रेटेड फार्मिंग के क्षेत्र में बड़े स्तर पर किसानों को प्रशिक्षण देने का कार्य किया जाएगा। कृषक पाठशाला में प्रशिक्षण के दौरान किसानों के आवासन की भी सुविधा उपलब्ध होगी। कृषक पाठशाला में नेचुरल वेंटीलेटेड पॉलीहाउस, डीप इरीगेशन सिस्टम, गोट शेड, सुकर शेड, ब्रायलर शेड, मत्स्य पालन हेतु तालाब निर्माण, वर्मी कंपोस्ट यूनिट आदि का निर्माण किया जाएगा जिससे कि जिले में कृषि को काफी बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान उपायुक्त ने स्थल निरीक्षण करते हुए अब तक कृषक पाठशाला के निर्माण हेतु की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी ली जिसके उपरांत उपायुक्त ने तत्काल रूप से कृषक पाठशाला का निर्माण कार्य शुरू करने एवं योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए ससमय कार्य पूरा करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने कृषक पाठशाला हेतु चिह्नित भूमि की चार दिवारी के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिया।

## सारे गामा में अरगडा की शालिनी का चयन टॉप 25 में

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ जिले के अरगड्डा निवासी शालिनी दुबे का चयन जीटीवी के रियलिटी शो सारेगामा के टॉप 25 में हुआ है, शालिनी दुबे को अपने गायिकी पर पूरा भरोसा है, उसे टॉप 12 में चयन होने की उम्मीद है, उसके परिवार वाले भी इसका इन्तज़ार कर रहे है, टॉप 12 का चयन शनिवार को होगा, शालिनी दुबे ने सारेगामा के लिए पहला ऑडिशन कोलकाता ओर दुसरा ऑडिशन मुम्बई मे दिया था, वह अपनी गायिकी से संगीत के छेत्र मे कई मुकाम हासिल कर चुकी है, वह भोजपुरी रियलिटी शो सुर संग्राम तथा बिग मैजिक गंगा के सारेगामापा मे रनर अप रह चुकी है, शालिनी संगीत के छेत्र मे शोहरत व नाम कमा चुकी है, शालिनी दुबे के पिता विश्वनाथ दुबे सरस्वती विद्या मंदिर सिरका मे संगीत शिक्षक है, उनकी माता सुचित्रा दूबे व बहन श्रेया दुबे है। उन्हे संगीत की शुरुआती शिक्षा अपने पिता विश्वनाथ दुबे से मिली है, दिल्ली से संगीत मे मास्टर की डिग्री मिली है शालिनी दुबे की गायिकी से रामगढ जिले के लोगो व ब्राह्मण समाज को काफ़ी उम्मीद है,पहले भी कई बार ब्राह्मण समाज के द्वारा सम्मानित की गई है, विश्व ब्राह्मण संघ के झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा व जिला अध्यक्ष महेश मिश्र, श्याम शर्मा, नवीन पाठक ने सयुंक्त रूप से शुभ कामनाएँ व्यक्त कि है।

## बड़कागांव नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए 30 टीमो ने कराया रजिस्ट्रेशन युवाओं में भारी उत्साह

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नमो फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर बड़कागाँव पश्चिमी पंचायत भवन में आवश्यक बैठक की गई। बैठक में निर्णय लिया गया के नमो फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए 23 पंचायत से लगभग 30 फुटबॉल टीमो ने रजिस्ट्रेशन कराया। सभी जमा किये गए फार्म की स्कूटनी का कार्य शनिवार से शुरू किया जायेगा। आयोजन समति के सदस्य एक एक फॉर्म के अवलोकन के पश्चात नमो फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए इजाजत देंगे। वही फॉर्म जमा करते वक्त युवाओं में गजब का उत्साह देखा गया। पूरे प्रखंड में इनदिनों नमो फुटबॉल टूर्नामेंट की गूंज सुनाई दे रही है। बड़कागाँव उच्च विद्यालय के फुटबॉल मैदान में 14 सितंबर को नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के शुभारंभ को लेकर बड़ा स्टेज बनाने पर सहमति बनी। आयोजन समिति के खेल मंत्री रंजीत कुमार ने इस संबंध में कहा कि यह नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन बिल्कुल पारदर्शी व खेल भावना को उच्च स्तर पर युवाओं को प्रदर्शित करने के ख्याल से किया जा रहा। उन्होंने कहा कि यह खेल बड़कागाँव क्षेत्र में एक अमिट छाप छोड़ जायगा ताकि हर वर्ष युवाओं को आकर्षित करता रहे।मौके पर मुख्य रूप से अनिल मिश्रा, जयनारायण प्रसाद, उमेश कुमार दांगी,रणजीत मेहता, श्रीकांत निराला, भवानी प्रसाद, विजय यादव, नरसिंह प्रसाद, मेवा ठाकुर, संजय राणा, सरोज सोनी, भीखन महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक के मकान सह गोदाम में लगी आग का जायजा लेने पहुंचे पूर्व विधायक

**बरही(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बेन्दगी पंचायत अंतर्गत उज्जैना में स्थित भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के मकान में लगी भयानक आग के बाद पीड़ित परिवार से मिलने भाजपा नेता सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव पहुंचे। पूर्व विधायक श्री यादव ने घटना स्थल पर पहुंचकर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक ईश्वर साव से हुए नुकसान की जानकारी प्राप्त की। ईश्वर साव ने पूर्व विधायक को बताया कि उन्हें लाखों रूपये का नुकसान पहुंचा है। शायद मकान में आग शार्ट सर्किट से लगी है, लेकिन अब तक इसकी जानकारी नही मिल पा रही है। श्री साव ने बताया कि उनके घर मे रखा काफी जेवरात समेत बच्चों का सर्टिफिकेट व घर से सम्बंधित कागजात भी जलकर राख हो गुया है। पूर्व विधायक ने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी क्षति देखकर काफी दुख हो रहा है। एक व्यवसायी अपना सारा जीवन व्यवसाय को खड़ा कर देने में लगा देता है लेकिन ऐसी घटना उन्हें पूरे तरीके से तोड़ देती है। पीड़ित परिवार को न सिर्फ आर्थिक नुकसान हुआ है, बल्कि काफी कागजात समेत काफी समान भी जलकर राख हो गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि अगर क्षतिपूर्ति को लेकर कोई सरकारी प्रावधान होगा तो निश्चित रूप से आपदा राहत कोष से कुछ मदद करवाने में सहयोग प्रदान करेंगे। पूर्व विधायक के साथ विहिप जिला सहमंत्री सह जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता भी मौजूद थे।

## मजदूर नेता ने किया आर्थिक मदद

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के मोहन नगर निवासी राजेश लोहरा को मजदूर नेता अब्दुल्लाह अंसारी ने आर्थिक मदद किया. अब्दुल्ला ने बताया कि राजेश की पत्नी की तबीयत कुछ दिनों से खराब है जिसका इलाज रांची के रिम्स हॉस्पिटल में चल रहा है. परिवार वालों की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है. जानकारी मिलने पर मजदूर नेता अब्दुल्लाह अंसारी राजेश के घर गए जाकर परिजनों से मिलकर बेहतर इलाज करने के लिए आर्थिक मदद कर किया. आगे भी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## इंडिया गठबंधन की जीत डुमरी की जनता को बधाई : महेंद्र पाठक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में इंडिया गठबंधन जीत पर डुमरी विधानसभा के जनता को बधाई दिया, नेताओं ने कहा कि देश के अंदर इंडिया गठबंधन पर लोगों की विश्वास बढ़ा है । क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार के जन विरोधी नीतियों के करण देश के लोकतंत्र, संविधान खतरे में है । देश में बेरोजगारी, बेकारी, महंगाई बड़ी मुदा बन चुकी है ।डुमरी विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी समर्थित आजसू उम्मीदवार को डुमरी की जनता ने हराकर पुरे देश में संदेश देने के कम किया है की नफरत के सौदागरों को नहीं , देश की मोहब्बत की जरूरत है। देश में रोजी, रोजगार, रोटी की जरूरत है। इसीलिए डुमरी की उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी समर्थित उम्मीदवार को नकारा और इंडिया के गठबंधन के उम्मीदवार झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी को जिताया।

# मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत उपायुक्त ने किया डोर टू डोर वेरीफिकेशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त चंदन कुमार के द्वारा शुक्रवार को चितरपुर प्रखंड अन्तर्गत सुकरीगढ़ा लारी में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत डोर टू डोर सर्वे का सुपर चेक किया गया ।सर्वे सुपर चेक के दौरान उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री रविंद्र कुमार गुप्ता से बीएलओ द्वारा किए जा रहे घर-घर सत्यापन के बारे में भी जनकारी लिया। जिसमें घर - घर में स्टीकर चिपकाने, मतदाताओं को करेक्सन पर्ची देने, बीएलओ रजिस्टर में मतदाताओं से हस्ताक्षर लेने, अहर्ताधारी नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने हेतु प्रपत्र 6 में आवेदन लेने, डबल नाम/ स्थानीय रूप से स्थानांतरण/ मृतक मतदाताओं का नाम हटाने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर विलोपित करने हेतु प्रपत्र - 7 लेने,नाम संशोधन/ स्थानांतरण हेतु प्रपत्र 8 लेने एवं ब्लैक एंड व्हाइट एवं न्यून गुणवत्ता वाले मतदाताओं का रंगीन फोटो में परिवर्तित करने के साथ-साथ प्रपत्र 6बी से आधार लिंक करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मतदाताओं से बात कर मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण 2023 के संबंध में जानकारी ली, वहीं निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त, रामगढ़ द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्दर हाउस टू हाउस सर्वे कार्य को पूरा करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार, अंचल पदाधिकारी सुधीर कुमार, बीएलओ सहित अन्य उपस्थित थे।

## बेबी देवी की जीत स्वर्गीय जगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी के जीत पर डुमरी को जनता को साधुवाद दिया है और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य मंत्री योगेंद्र महतो पुर्व विधायक ममता देवी को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सुधीर मंगलेश ने कहा डुमरी की जनता ने स्वर्गीय जगन्नाथ महतो की कर्मठ छवि एवं मेहनतकश नेता को हमेशा सिरमौर बनाकर रखा और आज उनके निधन पर भी सबसे अधिक समर्थन देने का काम किया है। उन्होंने कहा चुनाव प्रचार के दौरान मैंने देखा डुमरी की जनता लगातार कह रही थी कि जगन्नाथ महतो हमेशा क्षेत्र की जनता के लिए उपलब्ध रहते थे और इतना ही नहीं कोरोना काल में भी बीमार होने के बावजूद लोगों से मिलना जुलना नहीं छोड़ते थे। जगन्नाथ महतो के प्रति जनता का स्नेह और सम्मान उपचुनाव में परिलक्षित हुआ है । डुमरी की जनता ने सही निर्णय लिया है।



## बड़कागांव में दो दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय खेलो झारखण्ड प्रतियोगिता का हुआ समापन

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्लस टू हाई स्कूल मैदान बड़कागांव में दो दिवसीय खेलो झारखण्ड खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल स्तर पर बालक एवं बालिका वर्ग के अंदर 14, 17, 19 वर्ष के स्कूल के विजेता प्रतिभागियों ने प्रखण्ड स्तर में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान खिलाड़ियों ने 100 मी, 200 मी, 400मी, 800मी व लंबी कूद में हिस्सा लिया। साथ ही लंबी कूद, उच्ची कूद, गोला फेंक, भालाफेंक, रिले दौड़, कबड्डी, खोखो, तीरंदाजी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालिका वर्ग में कस्तुरबा गाँधी विद्यालय का दबदबा रहा वही ओवर ऑल खेल बालक वर्ग में प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव एवं प्लस टू उच्च विद्यालय हरली का दबदबा रहा। वही उत्क्रमित उच्च विद्यालय नापो खुर्द, उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोसाई बलिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय तलसवार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय विश्रामपुर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय शिवाडीह इत्यादि अन्य विद्यालयों के बच्चों ने भी बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल का प्रतिष्ठा बढ़ाया। मौके पर उपस्थित अतिथियों के द्वारा विजेता व उपविजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रखण्ड स्तर पर विजेता प्रतिभागी बच्चे जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होंगे। मौके पर पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम, रितेश ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव, बीईओ जवाहर प्रसाद, प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार कन्हैया, बीपीएम प्रहलाद गुप्ता, आदि थे ।



## यादव धर्मशाला जन्माष्टमी पूजा समिति ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** धनबाद रोड स्थित सामंतों पेट्रोल पंप के समीप यादव धर्मशाला में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ जन्माष्टमी मनाया गया। इस अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जन्माष्टमी समिति ने मटका फोड़ प्रतियोगिता आयोजित किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मनोज कुमार यादव उपस्थित हुए। इसके अलावा जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, डिग्री कॉलेज के सचिव परमेश्वर गोप, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव,विहिप सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, बरही प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन्माष्टमी समिति के अध्यक्ष युगल किशोर यादव व मंच संचालन कोषाध्यक्ष बिनोद यादव ने किया। मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि मटका फोड़ कार्यक्रम भगवान कृष्ण के जीवन चरित्र से जुड़ा आस्था एवं विश्वास का प्रतीक माना जाता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज मे सहयोग की भावना की उत्पत्ति होती हैं। विजेता टीम पडरिमा को प्रोत्साहन राशि व कप देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में हरला, पडरिमा, कारीमाटी, डिफेंस एकेडमी बरही, पोड़ैया सहित छह टीमो ने भाग लिया।

## अरगड्डा सरकारी शराब दुकान में आबकारी विभाग ने मारा छापा, मचा हड़कंप

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना रामगढ़ क्षेत्र के अरगड्डा रोलर चौक स्थित सरकारी शराब दुकान में आबकारी विभाग के द्वारा शुक्रवार दोपहर एक बजे छापामारी किया गया। जो चार घंटे शाम पांच बजे तक चला। यहां स्टॉक की जांच पड़ताल के बाद नकली शराब के टोटल 40 नीभ 8 पीस हांफ कुल 48 समेत तीन स्टाफ को गिरफ्तार किया हैं। इस संबंध में आबकारी विभाग के दारोगा कांग्रेस कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अरगड्डा सरकारी शराब दुकान में नकली शराब की खेप पहुंचाई गई हैं। इसे लेकर छापामारी कर दो पेटी में 40 नीभ और 8 पीस हांफ कुल 48 बोतल बरामद हुआ। जिसमें मेक मैकडावल न. वन 350 एमएल 3 लीटर, मेकडावल वन के 180 एमएल 31 पीस 5.58 लीटर, स्ट्रिंग बी7 180 एमएल 8 पीस 1.44 लीटर, रॉयल चैलेंज 375 एमएल एक पीस 0.375 लीटर कुल 28 बोतल हैं। इस मामले में शराब दुकान के तीन स्टांफ विक्की कुमार मेहता, सुजल सोनकर, जय कुमार को हिरासत में लिया गया हैं। जबकि नकली शराब की खेप पहुंचने वाले राजू कुमार (कैथा) को ढूंढा जा रहा हैं। आबकारी विभाग के छापेमारी के बाद से ही हड़कंप व्याप्त हैं।



## अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**विष्णुगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखंड संसाधन केंद्र में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर साक्षरता कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड नवभारत साक्षरता समिति की ओर से किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के प्रखंड सह संयोजक व विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव ने कहा कि साक्षरता एक सामाजिक कार्य है। समाज के अशिक्षित लोगों को शिक्षित बनाना एक कल्याणकारी कार्य है। बीआरपी जलेश्वर प्रसाद ने कहा इस कार्यक्रम के तहत निरक्षर लोगों की पहचान कर उन्हें साक्षर बनाना है। प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक प्रभु विश्वकर्मा ने कहा कि यह एक अभियान है जो पैसे पर आधारित नहीं है। लोगों को साक्षर बनाकर धर्म का भागी बने। इस इस कार्यक्रम की सफलता के लिए निरीक्षर के साथ-साथ पढ़ने वाले स्वयंसेवकों की भी पहचान करना है। लंबे समय से साक्षरता कार्यक्रम में जुड़े साक्षरता कर्मियों को बूके देकर सम्मानित किया गया।



# हजारीबाग के विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल बनाने के लिए उपलब्ध करवा रहे साधन : सांसद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा 7 सितम्बर को हज़ारीबाग के चौपारण प्रखंड के दौरे पर थे। उन्होंने इस दौरान विभिन्न गाँवों में उत्क्रमित उच्च व मध्य विद्यालयों के जीर्णोद्वार व चहारदीवारी के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही अन्य कार्यक्रम किये। वे हज़ारीबाग व रामगढ़ में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हर साधन उपलब्ध करवा रहे हैं। उनका प्रयास संसदीय क्षेत्र के विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल बनाना है।विद्यालयों में यह सभी कार्य जिला खनिज मद के माध्यम से करवाए जा रहे हैं। ग्राम भटबिगहा स्थित उच्च विद्यालय का 1 करोड़ 10 लाख, पांडेयबारा स्थित मध्य विद्यालय का 60 लाख व जगदीशपुर स्थित मध्य विद्यालय का ?36 लाख से जीर्णोद्वार व चहारदीवारी के निर्माण का कार्य किया जायेगा। यह कार्य होने से विद्यार्थियों को अत्यंत सुविधा होने वाली है। जयंत सिन्हा ने इस अवसर पर क्षेत्र को एक और बड़ी सौगात दी। उन्होंने कहा कि हज़ारीबाग के 1400 प्राइमरी स्कूलों में 8 करोड़ की लागत से पुस्तकालय बनाये जायेंगे।

## वार्ड सदस्यों को बताया गया ग्रामसभा में उनकी भागीदारी का महत्व

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड अंतर्गत राजीव गांधी सेवा केंद्र भवन में खलारी प्रखंड के पांच पंचायत बमने, राय, चुरी मध्य, चुरी उत्तरी एवं चूरी पूर्वी के वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ लेखराज नाग व पांचों पंचायत के मुखिया के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. सबसे पहले वार्ड सदस्यों का निबंधन व स्वागत किया गया. परिचय सत्र में वार्ड सदस्यों और मास्टर ट्रेनर ने अपना अपना परिचय दिया. बीडीओ ने वार्ड सदस्यों को संबोधित करते हुए ग्रामसभा में उनकी भागीदारी के महत्व को बताया. प्रशिक्षण को तीन सत्रों में बांटा गया था. सत्र एक में 73वां संशोधन के विशेषताओं व झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था, सत्र दो में ग्राम सभा उसका आयोजन एवं स्थाई समितियों का अधिकार बताया गया.साथ ही सत्र तीन में आदर्श पंचायत, ग्राम पंचायत में वार्ड सदस्यों के कार्य एवं दायित्वों के बारे में बताया गया. मास्टर ट्रेनर ने वार्ड सदस्यों को उनके अधिकार और कर्तव्य से अवगत कराया।

## महुआ माजी ने दिया खलारी में भूमिगत खदान से प्रभावित लोगों के जल्द विस्थापन का निर्देश

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्यसभा सांसद एवं संसदीय समिति कोल, माइंस एंड स्टील की सदस्य डा महुआ माजी ने खलारी में बंद भूमिगत कोयला खदान से प्रभावित लोगों को जल्द विस्थापित करने का निर्देश दिया है. इसे लेकर महुआ माजी ने सीसीएल एनके जीएम संजय कुमार से फोन पर बात की. मालूम हो कि महुआ माजी जनवरी माह में खलारी में आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में आई थी. तब आम लोगों से सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ मिली शिकायत पर समस्याओं का भौतिक निरीक्षण की थी. इसके बाद एनके व पिपरवार प्रबंधन के साथ बैठक कर समस्याओं के निदान का निर्देश दिया था. गुरूवार को एनके जीएम को फोन कर दिए गए निर्देशों का रिव्यू किया और करकट्टा में भूमिगत खदान से प्रभावित लोगों के विस्थापन के पहल की प्रगति की जानकारी ली. जीएम संजय कुमार ने उन्हें बताया कि उन सभी समस्याओं के समाधान के लिए पहल जारी है. जिस समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ है ।




### पूर्व मध्य रेल

### ई–निविदा सूचना

ई–निविदा सूचना सं. – 30 ऑफ 2023–24/खुला/ इंजीनियर, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियर/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक (लोक निर्माण, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा सं.–21–डीडीयू–मं.इंजी.–मुख्यालय –23–24, कार्य का नाम एवं लोकेशन : डीडीयू, सासाराम, डेहरी–ऑन–सोन और अनुग्रहनारायण रोड स्टेशनों (केवल डीडीयू स्टेशन के लिए) काउन्टर तक जाने सहित मार्ग दर्शक स्पर्श मार्ग। कार्य का अनुमानित लागत : ₹892712.89, धरोहर राशि : ₹17900/–
2. निविदा सं.–22–डीडीयू–मं.इंजी.–मुख्यालय –23–24, कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन तीन वर्षों के लिए डीडीयू में पौधों (स्थायी और मौसमी) मिट्टी के बर्तन, अच्छी मिट्टी की खाद इत्यादि की आपूर्ति सहित कार्यालय भवन और अधिकारी बंगले के लॉन का रख–रखाव। कार्य का अनुमानित लागत : ₹59,67,040.54, धरोहर राशि : ₹1,19,400/–
3. निविदा सं.–23–डीडीयू–मं.इंजी.–मुख्यालय –23–24, कार्य का नाम एवं लोकेशन : मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू एवं वरीय सेक्शन इंजीनियर (कार्य–1)/डीडीयू के अधिकार क्षेत्र में कर्मचारी आवासों की टपकती छतों की मरम्मत। कार्य का अनुमानित लागत : ₹99,26,839.65 धरोहर राशि : ₹1,98,500/–
4. निविदा सं.–24–डीडीयू–मं.इंजी.–मुख्यालय –23–24, कार्य का नाम एवं लोकेशन : मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू एवं वरीय सेक्शन इंजीनियर (कार्य–2)/डीडीयू के अधिकार क्षेत्र में कर्मचारी आवासों की टपकती छतों की मरम्मत। कार्य का अनुमानित लागत : ₹9835668.05, धरोहर राशि : ₹1,96,700/–
5. निविदा सं.–25–डीडीयू–मं.इंजी.–मुख्यालय –23–24, कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू एवं वरीय सेक्शन इंजीनियर (कार्य–2)/डीडीयू के अधिकार क्षेत्र में डीडीयू के विभिन्न कालोनियों में क्षतिग्रस्त और लीक हो रहे मुख्य पाइप लाइन 100मिमी व्यास और 150 मिमी व्यास और शाखा पाइन लाइनों 80 मिमी व्यास 50 मिमी व्यास की तत्काल मरम्मत। कार्य का अनुमानित लागत : ₹1,02,09,827.09, धरोहर राशि : ₹2,01,100/–
6. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 29.09.2023 को 12:00 बजे तक। 7. बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in.

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक /
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/01128/डीएनआर/अभि./टी/23–24/64



### Office of The Chief Engineer-cum-Executive Director

Programme Management Unit
Drinking Water & Sanitation Department
Doranda Bazar Water Tower Campus, Doranda, Ranchi-834002
Fax/Phone:0651-2480166 Email:swsm.jharkhand@gmail.com

**E-Request For Proposal Short Notice**
**Ist Call**

| Sl. | Name of the Work | Name of Work : REQUEST PROPOSALFOR SUPPLYING VARIOUS CHEMICALS AND REAGENTS in 16 nos. Of State/District water testing laboratories of Jharkhand (District Lab Ranchi, Hazaribagh/Chatra/Ramgarh/Koderma/Latehar/Garhwa/Medininagar/Lohardagga/Simdega/Gumla/Sub Divisional Lab-Panki, Sub Divisional Lab-Nagar Utaari, Sub Divisional Lab-Patratu, Sub Divisional Lab-Ormanjhi, Sub Divisional Lab- Barwaadih) |
|---|---|---|
| 1 | Date of Short Notice Uploading on website | 08.09.2023 – 04:00 PM |
| 2 | Date of Pre Bid Meeting | 12.09.2023 in the Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi at11:30 AM |
| 3 | Bid Submission Start Date | 13.09.2023 – from 10 :00 AM |
| 4 | Bid Submission End Date | 23.09.2023– upto 04:00 PM |
| 7 | Last Date of Submission of Cost of BOQ and EMD (In Hard Copy) | 25.09.2023upto 04:00 PM in the Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi |
| 8 | Date of Opening of Tender | 26.09.2023 – 01:00 PM |
| 9 | Name & Address of Office Inviting Tender | Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi |
| 10 | Email | swsm.jharkhand@gmail.com |
| 11 | Contact No. of Procurement Office | 0651-2480166 |

**NB:- For Details**
Instructions to Bidder, Eligibility Criteria, Terms and Conditions, Guideline for Submission of Proposal, Bidder's Information, etc. can bedownloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in

1. For any Clarification please visit: Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director
   Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi
2. The undersigned reserves the right to reject one or all bids or distribute the same amongst one or more bidders without assigning any reason thereof.

PR 306392 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

(Shishir Kumar Soren)
Chief Engineer-HQ



### कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय

पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

**अतिअल्पकालीन उद्धरण आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा अन्तर्गत पड़ने वाले पथों में Solar traffic Blinker with sound system का प्रतिष्ठापन किया जाना है, Blinker की विशिष्टियाँ निम्न प्रकार हैः–

Solar traffic blinker to be mounted on 150mm nominal dia M.S.Pipe B Class thickness 4.85 mm weight -19.20Kg/m conforming to IS1239(Part-1),3.00 meter height above ground level, firmly fixed to the ground by means of properly designed foundation with M-25 grade concrete, 60cmx60cmx60cm, 60cm below ground level and duly painted in metallic yellow colour with following specifications

| | | | |
|---|---|---|---|
| A | Diameter | - | 300mm |
| B | Watts | - | 12 watts |
| C | Battery (Exide or equivalent | - | Plumbic Acid 12 V 7.2 Ah |
| D | LED 5mm 9000 MCD in encapsulated convex lenses | - | 61 |
| E | Colour | - | Red/Amber |
| F | Body material | - | M.S.Alloy / Ploycarbonact alloy |
| G | Blinking frequency | - | 40 |
| H | Operating time (Back up) | - | 72 Hrs |
| I | Temperature Range | - | 15°C +45° C |
| J | Weight | - | 9.4 Kg |
| K | Battery life | - | 2 Years |
| L | Size | - | 365x365x185 |
| M | Sound System | - | Make, Sony, LG or equivalent |

जिसके आपूर्ति हेतु दिनांक–14.09.2023 के अपराह्न 3:00 बजे तक दर हेतु उद्धरण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय/ई–मेल में प्राप्त की जायेगी, जो दिनांक–14.09.2023 को ही अपराह्न 3:30 में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित उद्धरणकर्त्ता/उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष उपस्थिति /अनुपस्थिति में भी खोली जायेगी।

उद्धरण की शर्तें कार्यालय एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

E-Mail–ID - eercdkoderma-jhr@nic.in

PR 306415 Road (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता,
पथ प्रमण्डल, कोडरमा



### Govt. of Jharkhand

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**

Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002

e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement very Short Notice**

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/**51**/23-24 Dated **06.09.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for Intermediate Lane/2-Lane/2-Lane with Paved Shoulder configuration road from Tangarbasli more to Bobro more via Paryago, Bisahakhatanga, Dumri, road including replacement of culverts and bridges, proposal for new culverts and bridges, proposals for ROBs, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc as required if any, in the state of Jharkhand. from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no-3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 15 Km, |
| 3 | Work completion time | 45 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 11.09.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 19.09.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 20.09.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi .

PR 306430 Road(23-24)D

## नव जवान एकता फाउंडेशन ने किया भोजन वितरण



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नव जवान एकता फाउंडेशन झरिया के द्वारा लंगर ए रसूल का आयोजन उपर कुल्ही, सिंदरी रोड के समीप किया गया। जहाँ सभी धर्म के हज़ारों भूखे, प्यासे असहाय व ज़रूरतमंद लोगों को बेहतरीन तरीके से बैठा कर स्वादिष्ट भोजन खिलाया गया। साथ ही संस्था के द्वारा ये घोषणा भी की गई की आज की भांति प्रत्येक शुक्रवार को ज़रूरतमंद लोगों के बीच भोजन वितरण का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे फाउंडेशन के अध्यक्ष व सचिव शाहनवाज़ खान, फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य मो. आजाद, मो. ज़फर, मो. सलीम, मो. मुस्तकीम, मो. बबलू, मो. खालिद, मो. अकबर, मो. इकबाल, मो. ग्यासुद्दीन, मो. समीर, मो. सरफराज आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## अंचल अधिकारी ने पकड़ा अवैध बालू लदा ट्रैक्टर, महुदा थाना को सौंपा

**महुदा( प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत तेलमोच्चो में बाघमारा अंचल अधिकारी ने अवैध रूप से ले जा रहे बालू समेत ट्रैक्टर को पकड़ा। अंचल अधिकारी कमल किशोर सिंह ने पत्रकार को बताया कि जिला के निर्देश से यह छापेमारी की गई है। आगे भी छापेमारी जारी रहेगा, छापेमारी के दौरान तेलामोचों से बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़ कर महुदा थाना के हवाले किया गया है। बताया जाता हैं की आगे की करवाई किया जा रहा है।

## डीनोबिली स्कूल में किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम



**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लायंस क्लब कतरास के द्वारा डीनोबिली स्कूल कोराडिह में वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ, जिसमें देनोबिलि स्कूल के प्रांगण में स्कूल के प्राचार्य सी एस फ्रांसिस और वहां के शिक्षकों का भरपूर सहयोग लायंस क्लब को मिला। लायंस क्लब कतरास के अध्यक्ष डॉ उमाशंकर और सरिता सिंह के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आरंभ किया गया। जिसमें क्लब के मुख्य रूप से कृष्ण कन्हैया राय,अचिंत्य बोस, विभूति सिंह, विनीता जयसवाल, डॉ स्वतंत्र कुमार एवं डॉ मधुबाला का अहम योगदान रहा। क्लब के अध्यक्ष डॉ उमाशंकर ने स्कूल के बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया ।

## असर्फी अस्पताल में नि:शुल्क फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर असर्फी अस्पताल में नि:शुल्क फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर से लगभग 50 लोगो को लाभ मिला। फिजियोथेरेपी एक वैज्ञानिक पद्दित पर आधारित उपचार है। फिजियोथेरेपी हर वर्ग के लोगो को एक गुणांत्मक एवं स्वस्थ जीवन जीने में मदद करता है। डॉ रथिन चक्रवर्ती ने बताया की अस्पताल में जेनुवेरुस पद्दित का अनुसंधान एवं विकास के द्वारा यहाँ घुटनो का इलाज़ इसके तहत किया जाता है। ये प्रिक्रिया भारत में बहुत ही कम संस्थानों में उपलब्ध है जिसमे से एक असर्फी अस्पताल शामिल है। अस्पताल में रेडियल नेर्वेपालसी के द्वारा हाथो की कलाई का भी उपचार किया जाता है। डॉ रथिन चक्रवर्ती ने बताया की असर्फी अस्पताल में स्ट्रेंथ ट्रेनिंग एक्सरसाइज, मैकेंजी टेक्निक, सिमेंट्री करेक्शन आदि की सुविधा उपलब्ध है।

## गौ तस्करी मामले में वाहन समेत दो पर प्राथमिकी दर्ज, दो को भेजा जेल

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड मुख्यालय के पास गुरुवार को स्थानीय ग्रामीणों ने पिकअप वैन में क्रूरता से ले जा रहे 5 बैल समेत दो गौ तस्कर को पकड़ पुलिस को सौंप दिया था। बिरनी थाना प्रभारी मृतुन्जय सिंह ने जांच-पड़ताल कर दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए खोरीमहुआ के बाँधी निवासी रामचन्द्र पण्डित तथा गणेश रविदास समेत दो लोगों को नामजद अभयुक्त बनाते हुवे शुक्रवार को जेल भेज दिया । जिसका कांड संख्या 194/23 है ।

## समावेशी शिक्षा पर्यावरण निर्माण का विश्व भौतिक चिकित्सा दिवस कार्यक्रम




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम के विशेष बच्चो ने जिला स्कूल धनबाद में आयोजित झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा समावेशी शिक्षा पर्यावरण निर्माण के अंतर्गत विश्व भौतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम में हिस्सा ले कर अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत बहुत सी प्रतियोगिता की गई। जिनमे पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने नृत्य, गायन, क्विज और चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। सभी बच्चो को प्रोत्साहन पुरुस्कार भी दिया गया।

# लूटकांड मामला : बिरनी पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 4 गिरफ्तार

### रिवाल्वर व लूटी गई नगदी समेत 5 लाख के जेवरात बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम गारागुरो में बीते 30 अगस्त को शाम साढ़े 4 बजे रिवाल्वर दिखाकर लूटकांड की घटना को अंजाम देनेवाले का बिरनी पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है, जिसकी जानकारी शुक्रवार को बिरनी थाना परिसर में सरिया बगोदर एसडीपीओ नौशाद आलम के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर दिया गया । उक्त घटना के बारे में बता दें कि इसी थाना क्षेत्र के भुक्तभोगी भरकट्टा निवासी रंजीत स्वर्णकार ने घटना के संबन्ध में बिरनी थाना में 21 सौ नगदी समेत लगभग 5 लाख के जेवर लूटपाट की लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। जिसका कांड संख्या 184/23 बिरनी थाना में दर्ज है। घटना के बाद एसपी दीपक शर्मा के निर्देशानुसार एक छापेमारी टीम का गठन कर गिरिडीह व धनबाद जिले के कई ठिकानों पर लगातार छापेमारी की गई जिसके बाद 4 लोगों की गिरफ्तारी की गई। जिसकी पहचान जमुआ थाना क्षेत्र के चुंगलो निवासी पवन मण्डल, डुमरी थाना क्षेत्र के बसगोहर निवासी सुभाष कुमार मण्डल, बिरनी थाना क्षेत्र के भरकट्टा कस्कूटईया निवासी रोहित कुमार सोनी तथा लूटकांड के समान खरीदी करने वाले धनबाद जिला के टुंडी निवासी नवीन कुमार वर्मा (स्वर्णकार) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं पुलिस ने नवीन के घर से लूटी गई जेवर कि बरामदगी की गई है। वहीं घटना में उपयोग किया गया रिवाल्वर जमुआ के चुंगलो निवासी पवन मण्डल के घर से बरामद की गई है जिसके विरुद्ध जमुआ थाना में प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही गई है। छापेमारी टीम में बगोदर-सरिया एसडीपीओ नौशाद आलम, बिरनी थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह, एसआई अमरसिंह तापे, एएसआई चरवा मिंज, थाना सशत्र बल, चालक मिथिलेश सिंह, चौकीदार कार्तिक यादव,अनिल पासवान शामिल थे। जानकारी के अनुसार एसडीपीओ नौशाद आलम ने कहा मास्टरमाइंड पवन मण्डल एवं लूटकांड की योजना बनाने वाले डुमरी के सुभाष मण्डल तथा फेरी करने वाले रंजीत के बारे में जानकारी देने वाला रोहित कुमार सोनी है। समाचार लिखे जाने तक चारों को गिरिडीह जेल भेज दिया गया।

## जन्माष्टमी उत्सव पर नित्यानंद मंडल ने बच्चों को दिये उपहार



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एकेएम स्कूल में जन्माष्टमी के उत्सव पर राधा कृष्ण सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें जूनियर कक्षा के मासूम बच्चे राधा कृष्ण के रूप में भगवान का मन भावन अवतार ही लग रहे थे। जन्माष्टमी के इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए मुख्य अतिथि नित्यानंद मंडल ने स्कूल के बच्चों को उपहार एवं ट्रॉफी वितरित कर उनके राधा कृष्ण की वेशभूषा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की प्रशंसा की। बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी स्कूल आए थे जो काफी गर्वान्वित थे। इस दौरान बच्चों के राधा कृष्ण के प्रदर्शन पर अभिभावकों में काफी उत्साह था।

## स्वास्थ्य मंत्री को आंगनबाड़ी सेविका प्रतिनिधी मण्डल ने सौंपा स्मार पत्र



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बन्ना गुप्ता को राँची से धनबाद जाने के क्रम में लालबंगला मोड़ में कार्यकर्ताओं ने फुलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान वे पुर्व मंत्री सह प्रदेश काँग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो के आवास पहुंचे जहाँ झारखण्ड राज्य आँगनबाड़ी कर्मचारी संयूक्त संघर्ष मोर्चा के बाघमारा प्रखण्ड अध्यक्ष पार्वती देवी के नेतृत्व मे सेविका सहायिका का एक प्रतिनिधी मण्डल ने स्वास्थ्य मंत्री को पाँच सुत्री मांग पत्र भी सौपा। इस अवसर पर श्री गुप्ता से पुछे जाने पर उन्होंने बताया कि झारखण्ड सरकार की जो योजना है वह आमलोगों तक पहुँच सके, उस पर गम्भीरता पुर्वक कार्य किया जा रहा है।

# स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड के स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा और परिवार कल्याण मंत्री तथा आपदा प्रबंधन विभाग एवं अध्यक्ष जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन सह धनबाद के प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में आज समाहरणालय के सभागार में जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर माननीय मंत्री ने कहा कि बैठक का उद्देश्य स्वच्छ मन से एवं अच्छे माहौल में विभिन्न विषयों पर गंभीरता पूर्वक चिंतन मनन कर जिले का विकास करना है। सीएसआर के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों



के गठन की समीक्षा करते हुए माननीय मंत्री ने कहा कि शेष 10त्न छूटा हुआ काम 2 महीने में पूरा करें। वहीं झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि बहनों को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सबल बनाना इसका मूल उद्देश्य है। उनके उत्पाद को उचित बाजार मूल्य मिले यह सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है।कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए माननीय मंत्री ने दो माह के अंदर कृषक मित्रों की चयन प्रक्रिया को पूरा करने व शत प्रतिशत टारगेट हासिल करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान माननीय मंत्री ने गया पुल चौड़ीकरण को लेकर कहा कि आरसीडी सचिव को पत्र लिखकर गया पुल चौड़ीकरण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की पहल की जाएगी। वहीं पार्किंग की समस्या पर कहा कि एक उचित स्थल देखकर जिले में मल्टी लेवल कर पार्किंग एवं जहां बोटल नेक सड़क है उसे चौड़ा करने का प्रस्ताव सरकार के समक्ष रखा जाएगा।

# धनबाद : ठाकुर कुल्ही दुर्गा मंदिर में मना श्री कृष्ण जन्मोत्सव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों एवं ठाकुर कुल्ही निवासियों के द्वारा ठाकुर कुल्ही सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भजन कीर्तन के साथ प्रारंभ की गई। भजन मंडली ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए जिसमें श्रद्धालु गण झूमते नजर आए। दुर्गा पूजा समिति के संस्थापक सदस्य रंजीत जायसवाल ने बताया कि ठाकुर कुल्ही में वर्ष 2005 में जन्माष्टमी प्रारंभ की गई थी। इसके बाद 2009 में दुर्गा पूजा करने का निर्णय लिया गया। वहीं इस वर्ष की भांति प्रत्येक वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन दुर्गा मंदिर प्रांगण में करने का निर्णय लिया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष मदन मोहन सिंह, जगन्नाथ पाठक, विमल कुमार, प्रद्युत कुमार राय, भोलानाथ पांडे, जयंत मिश्रा, संजय मिश्रा, प्रभास प्रसाद, राजकुमार शर्मा, मनोज सिंह, मनीष मिश्रा, विकास राय, सुमित कुमार पाठक, शुभम कुमार, संतोष रजक, बी के दास, रणधीर शर्मा, सुनील चौरसिया, मनीष जायसवाल एवं सदस्यगण शामिल थे।

# रांची और न्यू गिरिडीह के बीच एक नई ट्रेन का होगा परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर बरकाकाना-हजारीबाग टाउन-कोडरमा के रास्ते रांची और न्यू गिरिडीह के बीच एक नई टेऊन 18617/18618 रांची-न्यू गिरिडीह-रांची एक्सप्रेस का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। दिनांक 12.09.2023 को इसका उद्घाटन न्यू गिरिडीह से एक स्पेषल टेऊन 03309 न्यू गिरिडीह-रांची स्पेषल के रूप में 10.00 बजे किया जायेगा तथा इसका परिचालन ओपेन फास्ट टाईम के अनुसार किया जायेगा। इस टेऊन का नियमित परिचालन रांची एवं न्यू गिरिडीह स्टेषन के मध्य 13.09.2023 से किया जायेगा ।

गाड़ी संख्या 18617 रांची-न्यू गिरिडीह एक्सप्रेस 13.09.2023 से रांची से 06.05 बजे खुलकर 06.23 बजे टाटीसिलवे, 06.42 बजे मेसरा, 08.05 बजे बरकाकाना,09.08 बजे हजारीबाग टाउन, 10.30 बजे कोडरमा, 11.20 बजे महेषपुर हाल्ट, 11.40 बजे धनवार, 12.03 बजे जमुआ रूकते हुए 13.00 बजे न्यू गिरिडीह पहुंचेगी ।

वापसी में गाड़ी संख्या 18618 न्यू गिरिडीह-रांची एक्सप्रेस 13.09.2023 से 14.00 बजे खुलकर 14.30 बजे जमुआ, 14.48 बजे धनवार, 15.28 बजे महेषपुर हाल्ट, 16.30 बजे कोडरमा, 17.55 बजे हजारीबाग टाउन, 19.00 बजे बरकाकाना, 20.35 बजे मेसरा, 21.05 बजे टाटीसिलवे स्टेषनों पर रूकते हुए 21.30 बजे रांची पहुंचेगी । वर्तमान में इस ट्रेन का परिचालन टाटीसिलवे-मेसरा-बरकाकाना के बजाए टाटीसिलवे-मुरी-बरकाकाना के रास्ते किया जायेगा ।

# डायरिया से एक की मौत, 17 पीड़ित, ग्रामीणों में दहशत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के बड़कीटांड पंचायत के भागाबांध तिलैया में गत रात को डायरिया से एक मजदूर 35 वर्षीय शीलू हांसदा की मौत हो गई। जबकि 17 मजदूर संक्रमित हो गए। वहीं दो मजदूर की स्थिति चिंताजनक होने के कारण आनन फानन में बेंगाबाद स्वास्थ्य टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेंगाबाद मे भर्ती कराया है। घटना की जानकारी स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि वासुदेव यादव ने बेंगाबाद बीडीओ निशा कुमारी को दी। स्वास्थ्य टीम गठन कर डॉक्टर आशीष शेखर जितेंद्र कुमार, एमपीडब्ल्यू गौतम कुमार और एएनएम सुनीता कुमारी भागाबांध तिलैया गांव पहुंचे। हालांकि दो की स्थिति अत्यधिक बिगड़ जाने के कारण उसे एंबुलेंस से बेंगाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उनकी उपचार की जा रही है। इस संबंध में डॉक्टर आशीष शेखर ने कहा कि मजदूरों के अनुसार इस गांव से 17 मजदूर पटना बख्तियारपुर विगत 3 सितंबर को तिहाड़ी मजदूरी करने के लिए गए थे। 5 सितंबर को शीलू हांसदा को डायरिया ने अपनी चपेट में लिया और देखते ही देखते 17 मजदूर डायरिया की चपेट में आ गये। हालांकि कई मजदूर इलाज अपनी सुविधा अनुसार देवघर के आसपास क्षेत्र में कराये जाने की बात बताई गई है । यह सभी मजदूर बिहार बख्तियारपुर में ही डायरिया से संक्रमित हो गए थे। इधर भागाबांध गांव में लोगों को जरूरी दवाएं मुहैया कराई गई है। डायरिया से मौत हुई मजदूर के मामले में डॉक्टर आशीष शेखर ने कहा कि हम लोगों को जानकारी नहीं थी ।स्वास्थ्य टीम को सूचना के पूर्व ही मजदूर की मौत हो गई थी हालांकि डायरिया से ही मौत होने की बात बताई गई है। संक्रमित मजदूरों का इलाज धीरे-धीरे रिकवर किया जा रहा है।इधर डायरिया की चपेट में आने से हुई मजदूर की मौत के मामले में पूरे गांव में लोगों को डायरिया का दहशत बना हुआ है।

## विधायक राज सिन्हा ने किया मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुभारम्भ




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधायक राज सिन्हा ने अशोक चक्र से सम्मानित अमर शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा की प्रतिमा स्थल पर पुष्प अर्पित कर जगजीवन नगर स्थित उनके आवास पर परिवार जनों के हाथों आँगन की मिट्टी अमृत वाटिका के लिए अमृत कलश में एकत्रित कर धनबाद विधानसभा अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। साथ ही धनबाद विधायक राज सिन्हा नें धनबाद विधानसभा अंतर्गत आने वाले भाजपा के सातों मण्डल अध्यक्षों को अमृत कलश व राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा देकर अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों के घरों में जाकर मिट्टी एकत्रित करने के संकल्प के साथ रवाना किया।

## सर्विस रोड के कारण राजगंज-बोकारो फोर लेन के सभी वाहन चालक परेशान



**राजगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अशोका कंपनी के द्वारा बनाया गया राजगंज बाईपास रोड के सर्विस रोड से हो कर गुजरने वाली फोर लेन, राजगंज - बोकारो जो कि रांची, टाटा जाने का मुख्य सड़क है। इस रोड़ काटा एमें मिलने के लिए, मात्र दस मीटर के दूरी में एक एल टर्न और एक यू टर्न भी है जिसके के कारण सभी गाड़ियों को टर्न लेने में करीब बीस मिनट समय लगता है। जिसके चलते हमेशा रोड जाम मिलता है और दुर्घटना होने की संभावना हमेशा बनी रहती है।

### बेबी देवी की जीत से इंडिया गठबंधन को मिली मजबूती

# मुसलमानों ने दिल खोल कर दिया वोट : प्रोफेसर परवेज अख्तर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** डुमरी उपचुनाव के नतीजे आने के बाद पूरे झारखंड में इंडिया गठबंधन के नेताओं के चेहरे पर खुशी की लहर है। 17000 मतों से डुमरी विधानसभा उपचुनाव की जीत इस बात का संकेत है कि वर्ष 2024 में झारखंड की धरती पर इंडिया गठबंधन 12 लोकसभा सीट जीत कर इतिहास बनाएगी। उक्त बातें झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व प्रवक्ता सह झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के महामंत्री प्रोफेसर परवेज अख्तर ने कही।



उन्होने कहा कि यह जीत डुमरी विधानसभा के दिवंगत नेता जगन्नाथ महतो को श्रद्धांजलि है। आगे उन्होने कहा कि मुसलमानों व मोमिन कॉन्फ्रेंस के एक एक नेता व कार्यकर्ता का शुक्रिया अदा करता हूं जिन्होंने मुस्लिम वोटों को बीजेपी के विरुद्ध खड़ा कर बेबी देवी को भारी मतों से जीत दिलाई। मुसलमानों के द्वारा दिल खोल कर दिये गये वोट से बेबी देवी को जीत प्राप्त हुई जिससे झारखंड मे इंडिया गठबंधन को और भी मज़बूती मिलेगी। इस जीत पर मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद अंसारी, कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी, प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली अंसारी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनवार अहमद अंसारी, रांची जिला मोमिन कॉन्फरेंस अध्यक्ष शमीम अंसारी, प्रधान महासचिव अब्दुल्लाह अंसारी, प्रदेश महामंत्री करीम अंसारी, एजाज अली, इसराफिल अंसारी, ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के महामंत्री सगीर अंसारी, जिला अध्यक्ष धनबाद मोमिन कॉन्फ्रेंस निसार आलम, कार्यकारी जिला अध्यक्ष महबूब आलम, शफीक आलम व युवा प्रदेश अध्यक्ष व सभी सम्मानित मोमिन कॉन्फ्रेंस प्रदेश पदाधिकारी व जिला पदाधिकारियों ने हार्दिक बधाई दी है।

# संकल्प यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं में है उत्साह : सुशील श्रीवास्तव

➲सैनिकों के लिए सम्मान है मेरी माटी मेरा देश : निर्मल कु. बेसरा
➲हर घर से अमृत कलश में लेनी है मिट्टी : ओमप्रकाश साहू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुरडेग :** प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा एवं मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के निमित्त भारतीय जनता पार्टी की बैठक कुरडेग मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत सिंह की अध्यक्षता में कुरडेग शोरूम के ऊपरी मंजिल में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संकल्प यात्रा के सिमडेगा बिधानसभा संयोजक पूर्व विधायक निर्मल कुमार बेसरा ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के निमित्त पूरे देश में सैनिकों के सम्मान में मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर अमृत कलश में मिट्टी का संग्रह करें एवं गांव में पौधे लगाकर अमृत वाटिका का निर्माण करने सहित पंच प्रण की सामूहिक



प्रतिज्ञा का कार्यक्रम होनी है, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर पूरे देश में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। संकल्प यात्रा के जिला सहसंयोजक सह जिला के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सह प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी का संकल्प यात्रा के निमित्त दौरा 20 सितंबर को कोलेबिरा विधानसभा एवं 21 सितंबर को सिमडेगा विधानसभा के लिए संकल्प यात्रा का कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ है। जिस तरह से संकल्प यात्रा में कार्यकर्ताओं एवं लोगों की भीड़ उमड़ रही है वह बताने के लिए काफ़ी है कि आनेवाले लोकसभा एवं बिधानसभा चुनाव में जनता की पहली पसंद भारतीय जनता पार्टी रहेगी। उपचुनाव के परिणाम से भाजपा के कार्यकर्ताओं को फर्क नही पढ़ता सहानुभूति लहर के वजह से उनकी जीत हुई अगली बार आजसू को 34000 वोट मिले थे इस बार भाजपा के सहयोग से यह आंकड़ा 83000 तक पहुंच गया, आने वाले दिनों में पूरे झारखंड में भाजपा एवं एनडीए का परचम लहरेगा,और सरकार बनेगी। बैठक को सम्बोधित करते हुए संकल्प यात्रा के सिमडेगा विधानसभा सहसंयोजक ओम प्रकाश साहू ने कहा की सिमडेगा जिला में संकल्प यात्रा ऐतिहासिक होने वाली है सभी कार्यकर्ता इसकी तैयारी में लग जाए साथ ही भाजपा संगठन द्वारा चलाए जा रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत गांव में घर-घर से मिट्टी संग्रह का अभियान चलाना है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वाहन पर आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में यह अभियान चलाया जा रहा है 1 सितंबर से 17 सितंबर तक गांव से हर घर से मिट्टी संग्रह करनी है और 13 अक्टूबर तक अमृत कलश को प्रखंड कार्यालय ले आनी है जो जिला प्रदेश होते हुए दिल्ली जाएगी जहाँ अमृत कलश में लाई गई मिट्टी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर शहीदों के सम्मान में बनने वाले अमृत वाटिका में समर्पित की जाएगी।

## इंडिया गठबंधन दल के कार्यकर्ताओं ने एक दुसरे को लड्डू खिलाकर किया खुशी का इजहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** झारखण्ड के डुमरी उप चुनाव में इंडिया गठबंधन से जे एम एम पार्टी प्रत्यासी मंत्री बेबी देवी के जीत पर कैरो प्रखण्ड के मुख्य चौक में इंडिया गठबंधन दल के कार्यकर्ताओं ने एक दुसरे को लड्डू खिलाकर खुसी का इजहार किया। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य समीर अंसारी ने कहा कि झारखण्ड में हुए उप चुनाव में डुमरी विधान सभा क्षेत्र के जनता ने साबित कर दिया है आज भी जनता जे एम एम के साथ साथ है डुमरी विधान सभा मे पार्टी की यह लगातार जीत इस बात का सबूत है कि स्व जगरनाथ महतो क्षेत्र की जनता के हित में काम करते थे क्षेत्र की जनता बेबी देवी को जीत कर स्व जगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम किया और झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शासन में विकास पर मोहर लगाने का काम किया। इस जीत से हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूती मिली है आने वाले लोक सभा और विधान सभा चुनाव में झारखण्ड में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है झारखण्ड की जनता एन डी ए गठबंधन को धूल चटाने का काम करेगी। मौके पर जे एम एम के पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष जमील अख्तर अंसारी, समीरुदीन अंसारी, अख्तर अंसारी, बिपिन उराँव, रिजवान अंसारी, तबारक अंसारी, हिदायत खान, कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव मुर्शिद आलम, कोडीनेटर प्रदेश यूथ कांग्रेस सोसल मीडिया झारखण्ड प्रदेश अल्ताफ अंसारी, सुमित उराँव, सुधीर उराँव, आदि उपस्थित थे।

## बीपीओ की अध्यक्षता में मासिक गुरु गोष्ठी बैठक शिक्षकों को दिए गए आवश्यक निर्देश



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 08 सितंबर शुक्रवार को प्रखंड संसाधन केन्द्र भवन कैरो मे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के निर्देश पर बीपीओ ओम प्रकाश रंजन की अध्यक्षता मे मासिक गुरु गोष्ठी की गयी आयोजित। उक्त गुरु गोष्ठी मे खेलो झारखंड के तहत भाग लिये बालक-बालिका वर्ग की सुचि, नव भारत साक्षरता कार्यक्रम, प्रयास कार्यक्रम के तहत अगस्त माह का प्रतिवेदन, पाठ्य पुस्तक वितरण से संबंधित सुचि जमा करने, एवं ई-विद्या वाहिनी के तहत 22-23 मे 100 प्रतिशत बच्चों को इन्ट्रि करने से संबंधित अन्यान्य आवश्यक विन्दुओ पर बीपीओ ने गुरुगोष्ठी मे शिक्षको से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दी गई। मौके पर आज के उक्त गुरु-गोष्ठी मे सीआरपी, बीआरपी के अलावा शिक्षक देवनंद्न नायक, मुमताज अंसारी, अम्रेन्दर कुमार यादव, अमित लकड़ा, शौकत हुसैन, केवल निरल लकड़ा, इत्यादि शिक्षक गुरुगोष्ठी मे उपस्थित थे।

## भारतीय वायु सेना में एयरमैन के लिए भर्ती रैली 12 से 20 सितंबर तक

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय वायु सेना द्वारा अविवाहित पुरूषों के लिए ग्रुप वाई (गैर-तकनीकी) मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड में एयरमैन की भर्त्ती के लिए भर्त्ती रैली का आयोजन दिनांक 12 से 20 सितंबर 2023 तक पश्चिम बंगाल स्थित एयरफोर्स स्टेशन बैरकपुर, 24 परगना (नॉर्थ) में किया जाएगा। झारखण्ड, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के युवकों के लिए भर्त्ती रैली की तिथि 15.09.2023 निर्धारित की गई है। रैली में भाग लेने के लिए निर्धारित तिथि को अभ्यर्थी को सुबह 6 बजे निर्धारित स्थल पर रिपोर्ट करना है। सुबह 10 बजे के बाद रिपोर्टिंग मान्य नहीं होगा। इस रैली में भाग के लिए अभ्यर्थी का जन्म दिनांक 26.12.2002 से 26.12.2006 के बीच हुआ होना चाहिए। जो अभ्यर्थी फार्मेसी में डिप्लोमा या बीएससी की डिग्रीधारक हैं उनका जन्म दिनांक 26.12.1999 से 26.12.2004 के बीच हुआ होना चाहिए। विवाहित डिप्लोमा या डिग्रीधारकों के लिए उनका जन्म दिनांक 26.12.1999 से 26.12.2002 के बीच हुआ होना चाहिए। शैक्षणिक योग्यता-अभ्यर्थी 10+2/इंटरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा में फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायोलॉजी और अंग्रेजी विषय के साथ मान्यता प्राप्त बोर्ड से 50 प्रतिशत अंकों के साथ पास होना चाहिए। साथ ही, अंग्रेजी विषय में उसके 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए। या गैर-व्यवसायिक विषयों जैसे फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायोलॉजी और अंग्रेजी विषय में मान्यता प्राप्त बोर्ड से 50 प्रतिशत अंकों के साथ दोवर्षीय व्यवसायिक कोर्स उत्तीर्ण हुआ होना जरूरी है। साथ ही, अंग्रेजी विषय में उसके 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए। फार्मेसी में डिप्लोमा या डिग्री होने की स्थिति में कम से कम 50 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। इनरॉलमेंट के समय स्टेट फार्मेसी काउंसिल या फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया का वैध निबंधन होना आवश्यक है। भर्त्ती रैली से संबंधित अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाईट www. airmenselection. cdac.in पर लॉग-इन करें।

# झामुमो की जीत डूमरी की जनता की जीत, विपक्षी को मिला बड़बोले पन का जवाब : मोजम्मिल अहमद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** डुमरी उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा टीम इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी की प्रचंड जीत पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोहरदगा जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर डूमरी विधान सभा क्षेत्र के अलावा पूरे झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह जनता की उम्मीद और प्रेम की जीत है। जनता ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया कि हमारे आईकॉन युवा मुख्यमंत्री आदरणीय हेमंत सोरेन पर झारखंड की जनता पूरी तरह विश्वास करती है। इस जीत के बाद झामुमो कार्यकर्ताओं का उत्साह और भी बढ़ गया है। इस चुनाव का दूरगामी परिणाम आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। झामुमो जिलाध्यक्ष ने कहा



कि आने वाले चुनाव में झारखंड के सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भारी मतों से जीतेंगी। जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरू पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री बेबी देवी समेत झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी शुभचिंतकों और टीम इंडिया गठबंधन को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व का सुखद परिणाम है कि आज फिर से डूमरी विधान सभा क्षेत्र की जनता के द्वारा बेबी देवी को जीत दिलाकर दिखा दिया गया है। कहा आने वाला कल झारखंड की जनता के हित में और भी बेहतर होगा। झामुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि मिशन 2024 झारखंड फतह के लिए डूमरी उप चुनाव का परिणाम आने से ही मिल गया है। कहा विपक्षियों के द्वारा हमारे विकासशील युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तरह तरह से घेरने और बदनाम करने का जो साजिश रचा जा रहा है वह कभी भी पुरा नहीं हो सकता है। झारखंड की जनता झामुमो के प्रति पहले भी और आज भी पूरी निष्ठा रखते हैं।

# 10 सितंबर को आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे : रामचन्द्र गिरि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिला आजसू कार्यालय में जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती की अध्यक्षता में एक बैठक हुई जिसमें लोहरदगा जिला में रहने वाले सभी केंद्रीय पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला कमिटि के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य, सभी प्रकोष्ठ के जिला के पदाधिकारी, नगर एवं सभी प्रखंडों के अध्यक्ष, सचिव एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक में आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के 10 सितंबर दिन रविवार को लोहरदगा आगमन को लेकर तैयारी की समीक्षा की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने बताया कि 10 सितंबर दिन रविवार को लोहरदगा जिला कुशवाहा समाज के द्वारा आयोजित लवकुश जयंती समारोह में मुख्य-अतिथि के



रूप में भाग लेने के लिए आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष माननीय सुदेश कुमार महतो का लोहरदगा आगमन हो रहा है। जयंती समारोह में भाग लेने के उपरांत अपराह्न 3:00 बजे से लोहरदगा प्रखंड कार्यालय स्थित अवन्तिका भवन (टाउन हॉल) में आजसू पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन में आजसू सुप्रीमो भाग लेंगे एवं पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। कार्यकर्ता-सम्मेलन में अपराह्न 2:00 बजे तक लोहरदगा जिला में निवास करने वाले सभी केंद्रीय पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला कमिटि के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य, सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, नगर एवं सभी प्रखंड कमिटि के पदाधिकारी, पंचायत प्रभारी, ग्राम प्रभारी, पंचायत अध्यक्ष, सचिव, ग्राम अध्यक्ष, सचिव सहित सभी समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। रामचंद्र गिरि ने बताया कि भंडरा प्रखंड के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता चट्टी मोड़ से मोटरसाइकिल जुलूस के द्वारा आजसू सुप्रीमो का स्वागत करते हुए बरही डीपा तक ले आएंगे। तत्पश्चात कुशवाहा समाज के कार्यकर्ता उनका भव्य स्वागत करते हुए लोहरदगा नगर स्थित लव-कुश जयंती समारोह स्थल ले जाएंगे।

## फरार दो वारंटी को छापेमारी कर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में सेन्हा थाना पुलिस छापेमारी कर डांडू और बदला से दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडू,बदला एवं एकागुड़ी ग्राम में छापेमारी कर सेन्हा थाना पुलिस द्वारा दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया बताया जाता है। लोहरदगा न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में एस आई गणेश कुमार यादव द्वारा दलबल के साथ वारंटीयों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। इस संदर्भ में एस आई गणेश कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि डांडू निवासी बालक अंसारी के पुत्र जाकिर अंसारी बदला निवासी सुखसागर पांडेय के पुत्र रुद्रप्रताप पांडेय अलग अलग थाना कांड में संलिप्त थे। जो फरार होने के कारण ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की अदालत से जारी वारंट के आलोक में दोनो वारंटीयों को सेन्हा थाना क्षेत्र के अलग अलग ग्राम से देर रात गिरफ्तार किया गया। वही गिरफ्तार दोनो वारंटी को मेडिकल जांचोपरांत लोहरदगा न्यायालय में प्रस्तुत कर शुक्रवार को जेल भेजा गया।

## अवैध पत्थर उत्खनन के विरुद्ध कारवाई करते हुए खनन पदाधिकार ने दो ट्रैक्टर किया जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के कोराम्बे स्थित पत्थर खदान से अवैध पत्थर उत्खनन की गुप्त सूचना खनन विभाग को प्राप्त हुआ था। जिसके आलोक में खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने पुलिस बल के साथ गुप्त रूप से छापेमारी कर दो ट्रैक्टर को जब्त कर सुरक्षित रखने हेतु सेन्हा थाना को सुपुर्द किया साथ ही जब्त ट्रैक्टर मालिक व चालक के विरुद्ध नियम संगत कारवाई करने में विभाग जुट गई है। वही बताया जाता है कि जब्त ट्रैक्टर चालक ने प्रशासन का क्षेत्र में भ्रमण की सूचना पर पत्थर अनलोड कर रहा था तभी खनन पदाधिकारी ने दोनों अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर को जब्त कर अग्रतर कारवाई में जुट गया? इस संदर्भ में लोहरदगा खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद का कहना है कि अवैध पत्थर उत्खनन कर विभाग को राजस्व की क्षति पहुंचाने का कार्य पत्थर माफिया के द्वारा किया जा रहा था। जिसकी गुप्त सूचना मिलते ही अबिलम्ब कारवाई करते हुए दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया। छापेमारी के दौरान खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद, एस आई गणेश कुमार यादव एवं पुलिस लाइन के बल शामिल थे।

## अफरोज आलम के नेतृत्व में जीत पर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** डुमरी उपचुनाव मे इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार बेबी देवी की भारी जीत पर सेन्हा में इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं ने 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम एवं जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की के नेतृत्व मे विजयी जश्न मनाया। वही कारकर्ताओं ने इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार बेबी देवी का जीत पर एक दूसरे को बधाई दिया। साथ ही कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाया। वही इंटक जिला अध्यक्ष इमरान आजाद ने कहा ही यह जीत जनता का विश्वास का है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखण्ड विकास की ओर अग्रसर है। साथ ही कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन महंगाई, बेरोजगारी, भृष्टाचारी के विरुद्ध चुनाव लड़ेगी और केंद्र में सत्तारूढ़ एनडीए की सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी 2024 का चुनाव में भारी बहुमत से जीतकर इंडिया गठबंधन का सरकार बनने तय है। मौके पर जिप सदस्य राधा तिर्की, इंटक जिला अध्यक्ष इमरान आजाद, 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, उपाध्यक्ष राजकिशोर राम के अलावे इम्तियाज अहमद, प्रकाश उराँव, सुरेन्द्र उराँव, हसनैन अन्सारी, रामकेश्वर उराँव, रविन्द्र उराँव, सादिक अन्सारी, सैफ अली सहित काँग्रेस व झामुमो इंडिया गठबंधन के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# धान पकने के साथ फिर बढ़ रहा जंगली हथियों का कहर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड के कोनमेंजरा पंचायत अंतर्गत कुड़पानी नागफनी गांव में जंगली हाथी ने प्रभु सहाय जोजो के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया एवं घर में रखें दो बोरा अनाज को खो गया, सूचना मिलते ही प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज मुखिया सुषमा बिलुंग, कांग्रेस पार्टी प्रखंड सचिव प्रिंस कुमार, सफीक अंसारी रेने दा आदि पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे एवं तत्काल सहयोग के रूप में 25 किलो चावल एवं सरकार के द्वारा मिलने वाला मुआवजा दिलवाने के लिए आवेदन लिखवाया, साथ ही जल्द से जल्द मुवावजा दिलवाने का आश्वासन दिया।

## स्कूली छात्रा को प्रदान किया गया स्कॉलरशिप

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में शुक्रवार को क्रेडिट एक्सेस इंडिया फाउंडेशन की ओर से गिरवर शिशु सदन विद्यालय लोहरदगा की एक छात्रा फरहीन नाज को स्कॉलरशिप के रूप में प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक एवं क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड के अधिकारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एरिया मैनेजर महेश्वर महतो, ब्रांच मैनेजर संजय कुमार, असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर सुल्तान अंसारी, एवं संजीत कुमार पंडित, गोपाल सिंह, शुभम केसरी, नवीन सोरेन आदि लोग उपस्थित थे।

# मूसलाधार बारिश के बीच लचरागढ़ टूर्नामेंट का महामुकाबला, मौके पर पहुंचे पूर्व मंत्री एनोस एक्का

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** मैं घोषणा करता हूं आप हमें सहयोग कर विधानसभा चुनाव जीताएं निश्चित रूप से लचरागढ़ मुख्य सड़क से मिशन तक पक्की सड़क और लचरागढ़ ईद टांड़ खेल मैदान में स्टेडियम बनाया जाएगा । लचरागढ़ फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित स्वर्गीय सूरजमल अग्रवाल,स्वर्गीय रघुनंदन साव, स्वर्गीय स्कोलास्टिका डांग स्मृति फुटबॉल कप प्रतियोगिता का दूसरे दिन कुल चार मैच खेला गया प्रथम मैच एच.एल.टी राजगंगपुर एफ.सी.और सारंडा टाइगर्स, द्वितीय मैच जोहार झारखंड ऐडेगा और क्लासिक किलर्स तृतीय मैच जय महाकाल एफ.सी. और सोनु ब्रिक्स कोम्बाकेरा और अंतिम मैच पी.के.चैलेंजर्स और निशान क्लब सीजांग के बीच खेला गया इस प्रतियोगिता का प्रारंभ 12:00 बजे से लचरागढ़ के ईद टांड़ मैदान में हुआ।



मैच में झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व कैबिनेट मंत्री एनोस एक्का पप्पू अग्रवाल जिला समिति सदस्य झापा, ललन प्रसाद सलाहकार, पिंटु सिन्हा, सत्येन्द्र ठाकुर, अमनखेश, चिराग़ बाड़ा और संध्या डांग के साथ झापा के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे मैच का प्रारंभ सभी अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा कि मैं आयोजन समिति को धन्यवाद देना चाहूंगा की झारखंड पार्टी के सच्चे सिपाही के रूप में कार्य करते हुए इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं साथ-साथ मैं इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों से कहना चाहूंगा कि आप इस प्रतियोगिता के सभी मैच को खेल भावना के साथ खेल और अच्छा खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों के दिल को जीते और अपना भविष्य को खेल के माध्यम से उज्जवल बनाने में आगे बढ़े झारखंड पार्टी शुरू से खेल को बढ़ावा देती आई है और आगे भी जो भी अच्छे खिलाड़ी होंगे उनका सहयोग करने के लिए हमेशा आगे रहेगी और झारखंड पार्टी इस प्रकार का खेल प्रत्येक प्रखंड में करवा रहे हैं जिससे कि हर प्रखंड के खिलाड़ी अपने प्रखंड में खेल का प्रदर्शन कर सके। मैच में झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व कैबिनेट मंत्री एनोस एक्का, पप्पू अग्रवाल जिला समिति सदस्य झापा, ललन प्रसाद सलाहकार, पिंटु सिन्हा, सत्येन्द्र ठाकुर, अमनखेश, चिराग़ बाड़ा और संध्या डांग के साथ झापा के पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।प्रथम मैच एच.एल.टी राजगंगपुर एफ.सी. और सारंडा टाइगर्स के बीच खेला गया जिसमें 1-0 से राजगंगपुर टीम,द्वितीय मैच जोहार झारखंड ऐडेगा और क्लासिक किलर्स जिसमें 2-0 से जोहार झारखंड ऐडेगा वहीं तृतीय मैच जय महाकाल एफ.सी. और सोनु ब्रिक्स कोम्बाकेरा जिसमें जय महाकाल 2-0 से विजयी हुई और अंतिम मैच पी.के.चैलेंजर्स और निशान क्लब सीजांग के बीच खेला गया।

## सिमडेगा के सिमाना क्षेत्र के दावित वन भूमि पर किया गया पौधारोपण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा प्रखंड के गरजा राजस्व गांव में वनाधिकार कानून 2006 के तहत अपने सिमाना क्षेत्र के दावित वन भूमि पर पौधारोपण किया गया। इस शुभावसर पर झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन के प्रखंड प्रभारी सह जिलास्तरीय ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी श्री खुशीराम कुमार एवं केरसई प्रखंड प्रभारी श्री अनूप लकड़ा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।

झारखण्ड सरकार
जिला खनन कार्यालय, हजारीबाग
(e-mail id- dmo-hazaribagh@jharkhandmail.gov.in)

आम–सूचना

झारखण्ड गौण खनिज समनुदान नियमावली 2004 के नियम 48 के प्रावधानों के तहत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न क्षेत्र जो पूर्व में पत्थर खनन पट्टा स्वीकृत था, जिसकी अवधि समाप्त हो जाने के पश्चात् वर्तमान में रिक्त है। उल्लेखनीय है कि उक्त खनन पट्टा की पुनः बन्दोवस्ती हेतु झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 यथा संशोधित नियमो के तहत नियमानुसार आवेदन प्राप्त कर पत्थर खनन पट्टा की स्वीकृति हेतु कार्रवाई की जायेगी।

| क्र0 | पूर्व पट्टेधारी का नाम एवं पता | क्षेत्र का विवरण | जमीन का किस्म | पाक्षिक/असाधारण अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री राम मनोहर, पिता श्री रघुवर यादव, ग्राम – महुआटांड़, पो0 – तिलैयाडैम, थाना – बरही, जिला – हजारीबाग। | थाना – बरही, मौजा – महुआटांड़, थाना संख्या – 81, खाता सं0 12 एवं 13, प्लॉट सं0 04 (अंश), 07, 10, 11, 12, 13, रकवा 2.10 एकड़ चौहदी उत्तर – प्लॉट संख्या 04 (P) & 15 दक्षिण – प्लॉट संख्या 09 (P) पूरब – प्लॉट संख्या 14 पश्चिम – प्लॉट संख्या 05 (P), 06 & 09 (P) | रैयती | साधारण अंक 05, दिनांक 21.08.23 |

विशेष जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला खनन कार्यालय, हजारीबाग में सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

जिला खनन पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 306484 (Mines and Geology)23-24*D

## चलते चलते एक नजर

### पारस अस्पताल के चिकित्सकों ने मल्टीपल सर्जरी कर 11 साल के बच्ची की बचाई जान

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** छत की ऊँचाई से गिरने के कारण घायल हुई एक बच्ची पारस अस्पताल में भर्ती की गई थी, जिसके शरीर की कई मुख्य जगहों की हड्डियाँ टूट गई थी। पारस अस्पताल के डॉ अंकुर सौरभ और उनकी टीम ने अपनी चिकित्सीय दक्षता और अस्पताल की क्रिटिकल केयर टीम की सहायता से लगभग 15 दिन में ही उस बच्ची को स्वस्थ कर दिया।राँची के निवासी बच्ची के माता पिता पारस एचईसी अस्पताल के इलाज से काफ़ी संतुष्ट हैं और उन्होंने चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। बच्ची के पिता ने बताया की अस्पताल में जब बच्ची को भर्ती किया गया था, तब वो काफ़ी चिंताजनक स्थिति में थी। पारस अस्पताल के ऑर्थोपैडिक विभाग के प्रमुख डॉ अंकुर सौरभ ने बताया की छत की काफ़ी ऊँचाई से गिरने के कारण बच्ची के शरीर की कई जगह की हड्डियाँ टूट गई थी और कई जगह फ्रैक्चर भी हुआ था, बच्ची के चेहरे पर भी चोट आई थी । बच्ची को वेंटीलेटर ( लाइफ सपोर्ट) पर रखा गया था। मैक्सेलोफ़ेशियल सर्जन डॉ अनुज, ऑर्थोपैडिक सर्जन डॉ कुमार विशाल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ विकास आनंद, क्रिटिकल केयर प्रमुख डॉ शिव अक्षत और डॉ अंकुर सौरभ की ऑर्थोपैडिक टीम के निरंतर इलाज के बाद जब बच्ची स्टेबल हुई तब एनएस्थेटिक्स डॉ संजय वर्मा के सहयोग से मल्टीपल सर्जरी के द्वारा उसकी टूटी हड्डियों को जोड़ा गया।

### चोरी के आरोप में चार गिरफ्तार



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंजु कुमारी हरमू विद्यानगर रोड नं0- 03 थाना सुखदेवनगर जिला राँची के द्वारा सूचित किया गया कि बीते 03 सितंबर को जब वह घर पर नहीं थे तो अज्ञात चोरों के द्वारा इनके घर से कैस, सोना चाँदी के गहने एवं अन्य सामान की चोरी की गई। वादिनी के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गयी। कांड के अनुसंधानकर्त्ता पुअनि गोपाल प्रसाद सिंह एवं साथ सअनि शिव कुमार राम के द्वारा आसूचना संग्रह कर कांड के अप्राथिमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके पास से चोरी का सामान बरामद हुए। चोरी का समान खरीदने वाले राजकुमार गुप्ता को भी गिरफ्तार किया गया इसके पास से खरीदा गया चोरी का समान भी बरामद किया गया है। सभी चारो आरोपियों

को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पताः राकेश कुमार ,अंसु कुमार उर्फ संजु , राजकुमार गुप्ता और प्रियांशु कुमार दुबे शामिल थे।

**कांड में जब्त किये समानों की विवरणी :** सोनी कम्पनी का टी.वी. एक चाँदी का सामग्री (पायल, पान पता आदि) अठाईस पीस, सोना का जेवरात (झुमका अँगूठी, चैन आदि) छः पीस बरामद किया गया।

# जी 20 : चीन के प्रधानमंत्री से नहीं मिलेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति



**एजेंसी**

**वाशिंगटन :** जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अपनी भारत यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से मुलाकात नहीं करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति के आवास व्हाइट हाउस ने बाइडन के यात्रा कार्यक्रम में कियांग से मुलाकात की किसी भी संभावना को नकार दिया है। भारत में नौ व दस सितंबर को आयोजित हो रहे जी-20 शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन पहुंच रहे हैं। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को भी शामिल होना था, किन्तु अपनी जगह वे चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग को भेज रहे हैं। ली कियांग दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में चीन का प्रतिनिधित्व करेंगे। जो बाइडन ने पहले ही चीन के राष्ट्रपति के जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल न होने पर निराशा जाहिर की थी। अब उन्होंने दिल्ली में तीन दिन रुकने के बावजूद चीन के प्रधानमंत्री से न मिलने का फैसला किया है।अमेरिकी राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने जी-20 शिखर सम्मेलन में बाइडन के एजेंडे से जुड़े सवाल के जवाब में साफ कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन का अपनी भारत यात्रा के दौरान चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग से मिलने का इरादा नहीं है।दरअसल पत्रकारों ने सुलविन से पूछा था चीनी नागरिकों ने अमेरिकी सैन्य अड्डों में प्रवेश कर लिया है और क्या इस मुद्दे को दिल्ली में उठाया जाएगा। इस पर उन्होंने कहा कि हमारे पास इस समय राष्ट्रपति की चीन के प्रधानमंत्री के साथ बातचीत की कोई योजना नहीं है। राष्ट्रपति जो बाइडन भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के बाद वियतनाम जाएंगे।

## दो-दो लाख के दो बेल बांड पर ईडी कोर्ट से बच्चू यादव का रिलीज ऑर्डर जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित बच्चू यादव को कड़ी सुरक्षा के बीच ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को पेश किया गया।

कोर्ट ने उन्हें दो-दो लाख के दो बेल बांड भरने के निर्देश दिए। बच्चू यादव के दो बेल बांड प्रस्तुत किए जाने पर कोर्ट ने उनका रिलीज ऑर्डर जारी कर दिया, जिसे बिरसा मुंडा जेल प्रशासन को भेजा गया है। कोर्ट ने उन्हें निर्देश दिया है कि यदि उनका पासपोर्ट है तो उसे अदालत में जमा करें।

उल्लेखनीय है कि गत बुधवार को बच्चू यादव की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनते हुए बच्चू यादव को जमानत प्रदान की थी। झारखंड हाई कोर्ट से बच्चू यादव की जमानत याचिका खारिज हो चुकी थी, जिसके बाद उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की दायर की गई थी। याचिका में कहा गया है कि वह इस मामले में निर्दोष है।

साजिश के तहत उन्हें फंसाया गया है। बच्चू यादव को ईडी ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। इसके बाद 11 अगस्त, 2022 को उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था।

ईडी की ओर से बच्चू यादव, प्रेम प्रकाश सहित तीन के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल हो चुकी है। मामले में उनके खिलाफ ईडी कोर्ट में आरोप गठन भी हो चुका है। मामले को लेकर ईडी ने ईसीआईआर 4/ 2022 दर्ज किया है।

## जी 20 के डिनर में खरगे को नहीं बुलाए जाने पर राहुल गांधी खफा




**एजेंसी**

**ब्रसेल्स :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बेल्जियम के ब्रसेल्स प्रेस क्लब में अंतरराष्ट्रीय मीडिया को संबोधित करते हुए कहा,जी20 बातचीत के लिहाज से बेहद अहम है. भारत इसकी मेजबानी कर रहा है ये गर्व की बात है. इस दौरान उन्होंने मल्लिकार्जुन खरगे को जी20 की मीटिंग में नहीं बुलाने को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा,ये बताता है कि आप देश की 60 फीसदी जनता के नेता को तवज्जो नहीं देते.

राहुल गांधी ने कहा,भारत में लोकतंत्र को लेकर जो हो रहा है वो बेहद गंभीर है. देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर उन लोगों के जरिए हमला किया जा रहा है, जो भारत को चला रहे हैं. जम्मू कश्मीर की बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा 370 पर हमारा स्टैंड क्लियर है. ये सीडब्ल्यूसी में पास किए गए प्रस्ताव में साफ है। राहुल गांधी ने कहा,हम इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि देश के हर एक आदमी के पास अपनी आवाज है और उसके पास इसकी अभिव्यक्ति का अधिकार होना चाहिए. हम ये मानते हैं कि कश्मीर का विकास हो, कश्मीर आगे बढ़े और वहां शांति हो.राहुल गांधी बोले,हमारे देश की प्रकृति में बदलाव की कोशिश की जा रही है.अल्पसंख्यकों में शामिल दलित, ट्राइबल और पिछड़ी जातियों पर हमले हो रहे हैं. बीजेपी चाहती है कि पैसे और पावर केंद्रित हो.

## तिब्बत के विस्थापितों ने ड्रैगन के खिलाफ किया प्रदर्शन, वापस मांगा अपना देश

### जी 20 समिट पहले दिल्ली में लगे लांग लिव तिब्बत के नारे




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दशकों पहले तिब्बत से जबरन विस्थापित होकर भारत पहुंचे तिब्बती शरणार्थियों का वतन वापसी का दर्द जी20 समिट से एक दिन पहले छलक गया. दिल्ली के मजनूं टीले पर शुक्रवार को तिब्बती शरणार्थी इकट्ठा हुए और ड्रैगन के खिलाफ नारे लगाए. पहले से ही मौजूद पुलिस ने संवेदनशील राजनयिक संबंधों और जी20 समिट के मद्देनजर आंदोलन स्थगित करने की रिक्वेस्ट की. जिसके बाद उन्होंने आंदोलन स्थगित कर दिया. डीसीपी नॉर्थ दिल्ली सागर सिंह कलसी ने बताया, यहां तिब्बती यूथ कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया है. इन्होंने आधे घंटे तक प्रदर्शन किया. हमने इनसे यहां से जाने का अनुरोध किया और उन्होंने जाना शुरू कर दिया है. यहां पर सुरक्षा व्यवस्था बहुत कड़ी है. पुलिस अधिकारियों ने पहले से ही इनपुट के आधार पर यहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी. मजनू का टीला इलाके में बड़ी संख्या में तिब्बती शरणार्थी रहते हैं. पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी के मुताबिक, 'हमने मजनू का टीला इलाके के कुछ हिस्सों में नाकाबंदी की है. कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है.शिखर सम्मेलन से पहले, पूरे शहर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है. नयी दिल्ली जिले में, पुलिस, अर्धसैनिक बल और अन्य सुरक्षा एजेंसियां कड़ी निगरानी रख रही हैं. दिल्ली पुलिस को 50,000 से अधिक सुरक्षा कर्मियों, के9 डॉग स्क्वॉड और घुड़सवार पुलिस द्वारा सहायता प्रदान की जा रही है.

# राज्यपाल से कर्नल रणवीर जमाल के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को राज भवन में कर्नल रणवीर जमाल के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। आइडिएट इंस्पायर इग्नाइट फाउंडेशन की गतिविधियों से अवगत कराया। राज्यपाल ने उक्त अवसर पर कर्नल रणवीर और उनकी टीम को हर शिखर तिरंगा मिशन के लिए बधाई दी तथा इस प्रयास के लिए सराहना की। शिष्टमंडल ने कहा कि वर्तमान एवं भविष्य की पीढ़ियों को वैज्ञानिक ज्ञान, खेल, साहसिक कार्य एवं विभिन्न प्रकार की कलाओं से जोड़ना एवं सशक्त करना उनका लक्ष्य है। संस्था के संस्थापक और निदेशक राजीव गुप्ता झारखंड के लोगों को विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरित करने के लिए प्रयासरत है। नौ सितम्बर 2023 को कर्नल रणवीर एवं उनकी टीम द्वारा पारसनाथ की सबसे ऊंची चोटी पर अपने देश का तिरंगा फहराया जायेगा, जो झारखंड राज्य के लिए गौरव की बात है। हर शिखर तिरंगा मिशन न केवल भारत की एकता का प्रतीक है, बल्कि इसके विविध भूगोल और संस्कृति को भी दर्शाता है। यह लोगों में पर्यावरण के संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करता है और देशभक्ति और साहस का संचार करता है।

इसके अलावा, यह स्थानीय समुदायों को अपने अभियान से जोड़ता है। शिष्टमंडल की ओर से कहा गया कि अब तक इस टीम ने 24 राज्यों के सबसे ऊंचे पर्वत स्थलों को चढ़ लिया है, जिसमें सभी सात पूर्वोत्तर राज्यों, हिमालयी राज्यों, और समुंदर किनारे के राज्यों के सबसे ऊंचे स्थल शामिल हैं।

## मप्र के राज्यपाल मंगुभाई पटेल लंदन में होंगे सम्मानित



**भोपाल :** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड्स लंदन चैप्टर द्वारा सम्मानित किया जाएगा। राज्यपाल पटेल को 14 सितंबर 2023 को ब्रिटिश पार्लियामेंट लंदन में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को जनसम्पर्क अधिकारी अजय वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह लंदन के स्थानीय समय के अनुसार शाम 6 बजकर 30 मिनट पर आयोजित होगा। प्रवास के दौरान राज्यपाल पटेल फ्रेंड्स ऑफ मध्य प्रदेश के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल समारोह में सम्मिलित होने के लिए 11 सितंबर को लंदन के लिए प्रस्थान करेंगे। लंदन से प्रवास उपरांत 18 सितंबर को भारत लौटेंगे।

## छत्तीसगढ़ में 1867 विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन व लोकार्पण



**एजेंसी**

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिला विकासखंड के ग्राम ठेकवा में शुक्रवार को भरोसे का सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। इस दौरान खड़गे - बघेल ने राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के लिए 355 करोड़ 23 लाख रुपये की लागत के कुल 1 हजार 867 के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया । जिसमें 177 करोड़ 86 लाख रुपये के 1 हजार 691 कार्यों का भूमिपूजन एवं 177 करोड़ 36 लाख रुपये के 176 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इस दौरान शासन की विभिन्न योजना अंतर्गत 8 हजार 593 हितग्राहियों को 3 करोड़ 25 लाख 74 हजार रुपये की सामग्री का वितरण किया गया।राजनांदगांव जिला अंतर्गत 98 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत के 824 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। जिसमें 47 करोड़ 26 लाख रुपये के 793 कार्यों का भूमिपूजन एवं 51 करोड़ 47 लाख रुपये के 31 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला अंतर्गत 124 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत के 567 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जिसमें जिसमें 65 करोड़ 15 लाख रुपये के 437 कार्यों का भूमिपूजन एवं 59 करोड़ 28 लाख रुपये के 130 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। वहीं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत 132 करोड़ 7 लाख रुपये की लागत के 476 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया, जिसमें 65 करोड़ 45 लाख रुपये के 461 कार्यों का भूमिपूजन एवं 66 करोड़ 62 लाख रुपये के 15 कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा।

# दो पक्षों में जमीन विवाद मामले ने पकड़ा तूल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जमीन विवाद को लेकर लालपुर थाना में एक मामला दर्ज हुआ है।

यह जमीन दोहरा कोचा में है। करीब बीस डिसमिल जमीन के इस विवाद में जमीन कब्जा कराने वालों में निवर्तमान महापौर आशा लकड़ा के करीबी कुशेश्वर साहू का नाम भी सामने आ रहा है। लालपुर थाने में जमीन विवाद को लेकर दो सितंबर को दो पक्षों की ओर से एक दूसरे के विरुद्ध आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एक पक्ष की ओर से वेदालोक कुमार (कांड संख्या 250/23) और दूसरे पक्ष से सुरेंद्र लिंडा (251/23) ने लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद एक पक्ष के सुरेंद्र लिंडा ने लालपुर थाना पर आरोप लगाया है कि कुशेश्वर साहू ने आकर वहां धमकी दी। प्राथमिकी के लिए दिए गए आवेदन में जिन लोगो का नाम उन्होंने लिखकर पहले आवेदन में दिया, उनका नाम लालपुर थाना की पुलिस ने उनसे जबरन हटवा कर दूसरा आवेदन लिखवाया। इधर, लालपुर थाना प्रभारी आदिकांत महतो ने कहा कि जिन लोगो का नाम वादी ने प्राथमिकी में लिखकर दिया है अगर वह प्राथमिकी में नहीं जुटा है तो वह अनुसंधान में जुट जाएगा। वहीं निवर्तमान महापौर आशा लकड़ा के करीबी कुशेश्वर साहू से जब यह पूछा गया कि क्या आप घटना वाले दिन वहां गए थे और अगले पक्ष को धमकाया था, इसपर उन्होंने कहा कि इसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। वे ना ही घटना स्थल पर गए थे और ना ही इस मामले में कुछ नहीं जानते है। मामला अब तूल पकड़ते जा रहा है। वहीं निवर्तमान महापौर के पीए कुश्वेवर साहू ने बताया कि जमीन से मेरा कोई लेना देना नहीं है। वहां सीसीटीवी कैमरे लगे हैं देखा जा सकता है।वेदालोक कुमार मेरे रिश्तेदार हैं वहां उसे समझा बुझाकर मामला शांत कराया था।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

थाना प्रभारी आदिकांत महतो ने बताया कि लोहरा कोचा में इन लोगों की जमीन है, हालांकि एक पक्ष को डिग्री मिल चुकी है , उसी जमीन से सटी करीब 20 डिसमिल और जमीन है जिस पर बिना नापी कराए हुए काम हो रहा था । शुरुआती दिन में कुशेश्वर साहू पर भी हो हंगामा करने की शिकायत मिली थी । वेदालोक कुमार और दूसरे पक्ष से सुरेंद्र लिंडा के बीच में विवाद चल रहा है । कुशेश्वर साहू निवर्तमान महापौर आशा लकड़ा का पीए बताया जा रहा है। सभी मामलों की जांच हो रही है।

## वायु सेना उप प्रमुख ने उड़ाया हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर एचटीटी-40 विमान

**नई दिल्ली :** वायु सेना उप प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने शुक्रवार को बेंगलुरु में बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर एयरक्राफ्ट-40 (एचटीटी-40) उड़ाया। भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशिक्षण जरूरतों के लिए स्वदेश में डिजाइन किये गए इस विमान को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बनाया है। इसे एचएएल के विमान अनुसंधान एवं डिजाइन केन्द्र ने विकसित किया है। एचटीटी-40 पूरी तरह से एरोबेटिक विमान है, जो चार ब्लेड वाले टर्बो-प्रोप इंजन से संचालित है। यह एक अत्याधुनिक ग्लास कॉकपिट, आधुनिक एवियोनिक्स और जीरो इजेक्शन सीट सहित नवीनतम सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित है। ट्रेनर की अधिकतम गति 450 किलोमीटर प्रति घंटा है। एचटीटी-40 ने पहली बार 31 मई, 2016 को उड़ान भरी और 06 जून, 2022 को सिस्टम स्तर का प्रमाणपत्र प्राप्त किया।

# मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम योगी आदित्यनाथ



**एजेंसी**

**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2047 में जब देश आजादी का शताब्दी महोत्सव महोत्सव मना रहा होगा तब हर राष्ट्रभक्त भारतीय के मन में भारत को समर्थ, सशक्त और दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति के रूप में देखने की भावना और इच्छा होगी। मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अपनी माटी को नमन और वीरों का वंदन करने की है।मुख्यमंत्री योगी ने यह बातें शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में मेरी माटी मेरा देश कार्य्रकम के दौरान कही। उन्होंने मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए भाजपा महानगर इकाई के अध्यक्ष राजेश गुप्ता को गोरखनाथ मंदिर परिसर की पवित्र मिट्टी अमृत कलश में भरकर सौंपी। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी आजादी का अमृत महोत्सव पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ आयोजित किया। यह हम सबका सौभाग्य है कि आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में हम सबको नए भारत का दर्शन हो रहा है। पीएम मोदी ने नए भारत की 140 करोड़ की आबादी को आगामी 25 वर्ष की एक विस्तृत कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ने का एक अवसर दिया है। योगी ने कहा कि सशक्त, समर्थ और शक्तिशाली भारत के लिए जो कार्यक्रम दिए गए हैं, उसी की श्रृंखला में वीरों को वंदन कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के कार्यक्रम का शुभारंभ आज गोरखपुर में महानगर इकाई की तरफ से किया जा रहा है। इसमें गोरखपुर की माटी को अमृत कलश के साथ जोड़ने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर के हर नगर निकाय व हर विकासखंड से अमृतकलश एकत्र होकर लखनऊ और फिर दिल्ली के लिए जाएंगे। लखनऊ में जहां आजादी के अमृत कलश की स्थापना हुई है। उसी पवित्र स्थल पर एक अमृत कलश वाटिका स्थापित हो रही है जहां प्रदेश भर से संग्रहित कलश रखे जाएंगे। अमृत कलश वाटिका में 825 विकास खंडों समेत करीब 1500 स्थलों से एकत्रित मिट्टी भरे कलश रखे जाएंगे।इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, भाजपा महानगर महामंत्री इंद्रमणि उपाध्याय, ओमप्रकाश शर्मा, देवेश श्रीवास्तव, अच्युतानंद शाही, उपाध्यक्ष शशिकांत सिंह, दयानंद शर्मा, देवेंद्र नाथ पांडेय,मंत्री अजय श्रीवास्तव, अवधेश अग्रहरि, पार्षद पवन त्रिपाठी, रणंजय सिंह जुगनू, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, सत सुकृत, सचिन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।